हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 09 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 240 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2024

### मुख्य आकर्षण
- रीझ रंग शोभा यात्रा
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- झारखण्ड की चित्रकला शैलियां
- आदिवासी पुस्तक मेला
- आदिवासी कवि सम्मेलन
- वृत्तचित्र स्क्रीनिंग
- कला-शिल्प प्रदर्शनी
- परिधान फैशन शो
- खान-पान
- लेजर शो

समृद्ध
**आदिवासी जीवन दर्शन**
की झलकियां

**9 एवं 10 अगस्त 2024**

**बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची**



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 332291 / IPRD / 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### एमओयू से अफसरों को कृषि क्षेत्रों में अपने काम में सुधार करने का मिलेगा अवसर




**बोधगया**। युवा जनशक्ति को देश की संपत्ति में बदलने के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण ही एकमात्र रास्ता है। आईआईएम बोधगया ने कृषि भवन, पटना में बिहार सरकार के कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के दौरान आईआईएम की डायरेक्टर डॉ. विनीता एस सहाय ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने सार्वजनिक प्रणालियों में विकासशील नेताओं और सक्षम प्रबंधकों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कृषि मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि यह पाठ्यक्रम नेतृत्व और व्यक्तित्व कौशल को बढ़ाएगा और अधिकारियों को कृषि क्षेत्रों में अपने काम में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। संजय कुमार अग्रवाल ने अप्रचलित चीजों को छोड़ने और सीख को विकसित करने पर जोर दिया, जिससे अधिकारियों को क्षमता निर्माण में मदद मिलेगी। इससे पूर्व आईआईएम बोधगया ने कृषि भवन, पटना में बिहार सरकार के कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता एस सहाय और बामेती के निदेशक धनंजय पति त्रिपाठी ने कृषि मंत्री, बिहार सरकार मंगल पांडे, सचिव कृषि संजय कुमार अग्रवाल एवं कृषि विभाग के शीर्ष अधिकारियों जैसे गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत, आईआईएम बोधगया कृषि विभाग के अधिकारियों के लिए प्रबंधन और कौशल विकास कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। कई संस्थानों के साथ किया एमओयू आईआईएम बोधगया नेतृत्व और प्रबंधन क्षमता विकसित करने में बिहार राज्य का समर्थन करने में तत्पर है। संस्थान अभी तक बिहार सरकार के विभिन्न विभागों जैसे जल संसाधन विभाग, राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी, बिहार पुलिस अकादमी, बीआईपार्ड और उद्योग विभाग को नेतृत्व और प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान करने में सक्रिय रूप से शामिल है। आईआईएम बोधगया एमबीए, एमबीए-डीबीएम, एमबीए-एचएचएम, आईपीएम, पीएचडी के साथ ही लघु तथा लंबी अवधि के कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करता है। आईआईएम बोधगया डब्ल्यूआरडी, बिहार पुलिस, आईओसीएल आदि के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करता आया है।

### मंझौली एफसी की टीम ने बुद्धा एफसी को हराया



**गया**। बोधगया के कालचक्र मैदान में बोधिसत्व फाउंडेशन के बैनर तले चल रहे सी प्रसाद मेवा लाल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच बुधवार को खेला गया। सेमीफाइनल मैच के लिए मंझौली एफसी व बुद्धा एफसी की टीम मैदान में उतरे। दोनों टीमों के खिलाड़ी ने काफी उमदा खेल का प्रदर्शन किया। इस मैच में मंझौली एफसी की टीम ने बुद्धा एफसी को 3-0 गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में मुख्य रेफरी हीरा प्रसाद व विनय रजक थे। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष आर.के.सिन्हा ने बताया कि सी.प्रसाद मेवा लाल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ी काफी उत्साहित है। पहला सेमीफाइनल मैच संपन्न हो गया है। अब गुरुवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। यह मैच राज एफसी टिकारी और एफसी मंझौली के बीच होगा। दूसरे सेमीफाइनल मैच को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि फुटबॉल मैच को देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक पहुंच रहे है, जो खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा रहे है।

### बीमारियों से बचाव के लिए नवजात को नियमित रूप से कराएं स्तनपान

**गया**। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेव बाउरी ने इसकी अध्यक्षता और गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका कुमारी ने संयोजन किया। प्रमुख वक्ता के रूप में आमंत्रित स्त्री रोग, प्रसूति और आइवीएफ विशेषज्ञ डॉ. वर्षा श्रीवास्तव का स्वागत पौधा प्रदान करके किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाचार्य ने मां के दूध को शिशु के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यावश्यक बताया। कार्यशाला को संबोधित करती हुई डॉ. वर्षा श्रीवास्तव ने क्लोजिंग द गैपः ब्रेस्टफीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने छात्राओं को मां द्वारा शिशु को नियमित रूप से स्तनपान कराये जाने के फायदों और दुग्धपान के समय बरती जाने वाली सतर्कता से परिचित कराया। कहा कि शिशु को जन्म से छः महीने तक सिर्फ मां का दूध ही दिया जाना चाहिए। दूध पिलाते समय ध्यान रहे कि शिशु की नाक न दब जाए। 6 महीने तक नवजन्मे शिशु को पानी नहीं पिलाना चाहिए। दूध के माध्यम से ही शिशु को जल मिल जाता है। उन्होंने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य व गर्भावस्था और शिशु के जन्म के उपरांत शरीर में होने वाले हार्मोन संबंधी बदलावों पर भी ध्यान रखने कहा। गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष ने भी कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2 वर्षों तक मां को शिशु के आहार का पूरा ध्यान रखना चाहिए और कुपोषण जनित बीमारियों से बचाने के लिए नियमित रूप से स्तनपान कराना चाहिए। मौके पर कार्यशाला में डॉ. फरहीन वजीरी, डॉ. रुखसाना परवीन, प्रीति शेखर, डॉ. बनीता कुमारी, डॉ. प्यारे माँझी, नुजहत जहाँ के साथ रागिनी, जूही, सृष्टि, जूली, सीमा, सिंकी, मुस्कान, श्रेया, अन्या, हर्षिता मिश्रा, नेहा, नैना, अंजलि, सोनाली एवं अन्य छात्राएं उपस्थित थीं। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रश्मि ने किया।

### नालंदा में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत, मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या का लगाया आरोप

**नालंदा**। नालंदा में सन्दिग्ध स्थिति में एक महिला की बुधवार को मौत हो गई। मामला तेलमर थाना क्षेत्र के तेलमर गांव का है। मृतका की पहचान राहुल बिन्द की (19) वर्षीया पत्नी सुलेखा उर्फ जुलेखा देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में सुलेखा देवी की मां लक्ष्मीनिया देवी ने बताया कि ससुराल के लोगों के द्वारा बेटी की हत्या कर शव को फर्श पर छोड़ घर वाले फरार हो गए। पड़ोस के लोगों ने फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद वे लोग बेटी के ससुराल पहुंचे। और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। पटना जिला के दनियावां निवासी बाबूलाल जमादार ने अपनी पुत्री सुलेखा की शादी नालंदा के तेलमर निवासी राहुल बिन्द से किया था। उस वक्त भी 5 लाख रुपए नगद दिए गए थे। एक गाड़ी के पैसे भी दिए गए थे। सोने की चैन के खातिर अक्सर सुलेखा को प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी बात को लेकर घर वालों ने सुलेखा की हत्या कर दी और शव को फंदे से लटका दिया गया। ताकि हत्या को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। सुलेखा का 6 महीने का एक पुत्र भी है। वहीं इस मामले में तेलमर थाना अध्यक्ष शत्रुघन कुमार शाह ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मायके वालों के द्वारा दहेज हत्या का आरोप लगाकर पति और सास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## गया में बाइक लूट मामले का खुलासा

# दो महीने पहले हुई थी वारदात, 3 गिरफ्तार, एक नाबालिग धराया

निज संवाददाता। गया




गया जिले के बोध गया पुलिस ने करीब दो माह पूर्व रात के समय हुई लूट की वारदात का खुलासा किया है। लूट की वारदात बकरौर के निकट हुई थी। पुलिस ने लूटी गई मोटरसाइकिल और मोबाइल समेत 3 अपराधी को गिरफ्तार किया है। साथ ही में एक विधि विरुद्ध बालक भी निरुद्ध किया गया है। पकड़े गए सभी क्रिमिनल से बोधगया थाने की पुलिस पूछताछ कर रही है। एसडीपीओ सौरभ जायसवाल ने बताया कि आरोपियों ने अपना अपना जुर्म कबूल किया है।

**क्या बोले SDPO:** एसडीपीओ ने बताया कि बीती जुलाई में मंटू कुमार ने बाइक और मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंटू का कहना था कि वह अपने परिवार के साथ रात के समय गया रेलवे स्टेशन से अपने गांव मुसरसबदा जा रहा था। रास्ते मे बकरौर के निकट अपराधियों ने हथियार के बल पर बाइक और मोबाइल लूट लिए। इस बात की जांच की गई तो घटना सत्य पाया गया।

यही नहीं इस मामले को एसएसपी ने गम्भीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया। टीम ने छानबीन शुरू की बोधगया के गौर बिगहा के रहने वाले विपिन कुमार की सलिप्तता सन्दिग्ध पाई गई। उसे बाराचट्टी के पास से लूटी गई बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में विपिन ने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर हरदेव और फिर गुड्डू कुमार को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी गौर बिगहा के रहने वाले हैं। यही नहीं इस मामले में एक विधि विरुद्ध बालक भी निरुद्ध किया गया है। उसके पास से लूट का मोबाइल बरामद किया गया है।

## पवित्र बोधि वृक्ष स्वस्थ,पवित्र बोधि वृक्ष का हुआ हेल्थ चेकअप

निज संवाददाता। गया



◆ फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून के वैज्ञानिकों ने किया जांच, 8 और 9 अगस्त तक चलेगा ट्रीटमेंट

फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून के वैज्ञानिकों ने महाबोधि मंदिर परिसर में स्थित पवित्र बोधि वृक्ष का हेल्थ चेकअप किया। हेल्थ चेकअप में बोधि वृक्ष स्वस्थ पाया गया। बावजूद इसके अगले दो दिनों तक लगातार यानी 8 और 9 अगस्त तक बोधि वृक्ष का ट्रीटमेंट चलेगा। वैज्ञानिकों की ओर से बताया गया है कि दो दिनों तक चलने वाला ट्रीटमेंट प्रिकॉशनरी होगा। ताकि वृक्ष पर फंगस का कोई असर प्रभाव नहीं पड़ सके। वृक्ष का केमिल्क ट्रीटमेंट किया जाएगा ताकि वह स्वस्थ्य रहे। गौरतलब है कि पवित्र बोधि वृक्ष का हेल्थ चेकअप और ट्रीटमेंट हर 3 माह पर फारेस्ट रिसर्च वैज्ञानिकों द्वारा किया जाता है। बताया गया कि अपेक्षा के अनुरूप बोधि वृक्ष मानसून में अपने शबाब पर है। सभी शाखाएँ और टहनियां स्वस्थ्य हैं। हेल्थ चेकअप महाबोधि मंदिर के चीफ मॉन्क भिखू चलिंदा, केयरटेकर दीनानंद सचिव डॉ महाश्वेता महारथी मेंबर अरविंद सिंह की मौजूदगी में हुआ। हेल्थ चेक अप डॉक्टर संतन बर्थवाल और शैलेश पांडे द्वारा किया गया। गौरतलब है कि महाबोधि मंदिर परिसर में स्थित पवित्र बोधि वृक्ष बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए खासा महत्वपूर्ण है उनके लिए यह वृक्ष उनकी आस्था से जुड़ा है मान्यता है कि इसी बोधि वृक्ष के नीचे भगवान बुद्ध ने तपस्या की थी और उन्हें यही ज्ञान प्राप्त हुआ था बोधि वृक्ष के गिरे हुए पत्तों को बौद्ध अनुयायी बड़े ही श्रद्धा से अपने घर को ले जाते हैं और उसे सम्हाल कर पूजा स्थल पर रखते हैं।

## गया में वज्रपात से 2 युवकों की मौत, 3 महिलाएं भी झुलसी

निज संवाददाता। गया



गया जिले के डोभी प्रखंड में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत हो गई, वहीं 3 महिलाएं घायल हो गई। तीन में से दो का इलाज निजी क्लिनिक और एक का सरकारी अस्पताल में चल रहा है। यही नहीं आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो मवेशी की भी मौत हो गई। डोभी के घठेरिया निवासी बबलू कुमार (26) अंगरा स्थित नहर के पास अपने खेत में काम कर रहा था। इसी बीच व्रजपात हो गया और उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि मृतक के परिजन बबलू को ठेले पर रख कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मौके पर ही गई जानः** दूसरी घटना शिवरतीपुर के जोलह बिगहा गांव की है, जहां पवन कुमार (18) अपने खेत में मेड़ ठीक कर रहा था। इसी बीच व्रजपात हुआ और उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई। तीसरी घटना दरिऔरा गांव के पास हुई। अपने खेत में पटवन कर रही महिला मुन्नी देवी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झुलस गई। जख्मी मुन्नी देवी को पास के खेत में काम कर रहे लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में भर्ती करवाया। उस महिला का प्राथमिक इलाज के बाद उसे मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इधर चौथी घटना में खैर निवासी मल्हारी देवी और रुबी कुमारी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बेहोश हो गई। वहीं घठेरिया में ताड़ के पेड़ के नीचे बंधे हुए दो बैल की आकाशीय बिजली की चपेट में आने मौत हो गई।

## पुलिस को चकमा देकर भागा कैदी, मां पकड़कर कोर्ट ले गई, गया में बेटे को पुलिस के हवाले किया

निज संवाददाता। गया



◆ कहा-इसने गलती तो की है, पीटना नहीं

गया कोर्ट में पेशी के दौरान एक कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। हालांकि, एक घंटे बाद कैदी को उसकी मां ने वापस कोर्ट में हाजिर कर दिया, जहां से उसे वापस जेल भेज दिया गया। दरअसल, बुधवार (7 अगस्त) को पुलिस उसे पेशी के लिए कोर्ट ले जा रही थी, इसी दौरान वह वहां से भाग गया और अपने घर चला आया। घर पर मां अपने बेटे को देखकर घबरा गई। मां अपने बेटे को वापस पुलिस के पास ले जा रही थी, लेकिन बेटे ने मां से कहा कि हम आज नहीं, कल जाएंगे। मां ने उससे कहा केस हो जाएगा। पुलिस 6 महीने के लिए सड़ा देगी। घर तोड़ देगी, हमें उठाकर ले जाएगी। फिर क्या हमारी इज्जत रह जाएगी। इतना कहने के बाद मां अपने बेटे को खुद साथ लेकर कोर्ट पहुंच गई। वहां बेटे को पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान मां ने पुलिस से आग्रह किया कि बेटे ने गलती की है, लेकिन इसे पीटना मत। मां कोतवाली थाना क्षेत्र के बांग्ला स्थान पहसी मोहल्ला की निवासी है। गोलीबारी मामले में उसका बेटा साहिल पासवान 2 महीने से जेल में बंद था।

**सभी को धक्का देकर हुआ था फरारः** कैदी की मां रेखा देवी ने कहा कि अपने बेटे को देखने के लिए मैं कोर्ट गई थी। साहिल को हथकड़ी लगी थी। पुलिस वाले उसे घेरे हुए थे। मैंने उससे कहा कि बेल नहीं हो पाया। वो मौका देखकर सभी को धक्का देकर भाग गया। मैं कोतवाली थाना क्षेत्र के बांग्ला स्थान स्थित अपने घर पहुंची तो देखा वो पहले से पहुंचा हुआ है।

**लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगीः** कैदी के कोर्ट से फरार होने के बाद शहर में चेकिंग शुरू हो गई। पुलिस उसे पकड़ने के लिए छानबीन कर रही थी। इसी दौरान एक घंटे के अंदर उसकी मां उसे लेकर कोर्ट पहुंच गई। इसके बाद पुलिस वालों ने राहत की सांस ली। हालांकि पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सिटी डीएसपी पीएन साहू ने कहा कि जांच के बाद लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगी।

## 9 अगस्त से राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सदस्यता अभियान, क्रांति दिवस के दिन से होगा शुभारंभ

निज संवाददाता। गया




गया में उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक हुई। तय किया गया कि 9 अगस्त से लेकर 10 अक्टूबर तक जिले में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर काम करने की बातें की और अपने अपने विचार रखे। खास बात यह भी पार्टी 9 अगस्त को क्रांति दिवस के रूप में मनाता है। यही वजह है कि उसी दिन से मोर्चा सदस्यता अभियान चलाएगा। इस अभियान में सभी समाज व वर्ग को शामिल किया जाएगा।

**50 हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्यः** पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर सदस्यता अभियान का शुभारंभ 9 अगस्त से होने जा रहा है। इस मौके पर पार्टी के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी योगदान देंगे। पार्टी के लोग ज्यादा से ज्यादा लोगों से सम्पर्क करेंगे और पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराएंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से 50 हजार लोगों को सदस्य बनाने के लक्ष्य दिया गया है। लेकिन हम लक्ष्य से अधिक लोगों को सदस्य बनाएंगे और पूरे प्रदेश में गया जिला सदस्यता अभियान में अव्वल होगा। इसके बाद बूथ, पंचायत, प्रखण्ड, जिला और प्रदेश और फिर राष्ट्रीय कमेटी बनाई जाएगी। वहीं पार्टी के जिलाध्यक्ष बंटी कुशवाहा ने कहा कि पार्टी की ओर से बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इसे सफल बनाने में पार्टी से जुड़े लोग अपना हर सम्भव योगदान देंगे। लगातरा 3 महीने तक चलने वाले इस सदस्यता अभियान में हर समाज और वर्ग से सम्पर्क कर पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया जाएगा फिर उन्हें पार्टी की सदस्यता के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## नालंदा में 25 अधिकारियों के तबादले किए गए

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 25 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस फेरबदल में दर्जनभर से अधिक थानाध्यक्षों सहित कई इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी शामिल हैं। यह आदेश नालंदा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक मिश्रा ने पटना के पुलिस महानिरीक्षक के मौखिक अनुमोदन के बाद जारी किया है। सभी स्थानांतरित अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर अपने नए पदों पर कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है। इस फेरबदल में पुलिस निरीक्षक से लेकर पुलिस अवर निरीक्षक तक के रैंक के अधिकारी शामिल हैं। प्रमुख स्थानांतरणों में, पुलिस निरीक्षक मनोरंजन भारती को अंचल निरीक्षक नूरसराय से पुलिस केंद्र भेजा गया है। बिहार थाना के अध्यक्ष रामाशंकर सिंह को अंचल निरीक्षक हिलसा बनाया गया है। जबकि पुलिस निरीक्षक जितेंद्र राम को अंचल निरीक्षक हिलसा से दीपनगर थाना का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस फेरबदल में कई विशेष इकाइयों में भी बदलाव किए गए हैं। पुलिस निरीक्षक चंद्रभानु को राजगीर थाना अध्यक्ष से हटाकर अनुसंधान इकाई साइबर थाना भेजा गया है। वहीं, पुलिस निरीक्षक अभिनव कुमार दुबे को डीआईयू शाखा से साइबर थाना स्थानांतरित किया गया है। यातायात विभाग में भी फेरबदल हुआ है, जहां पुलिस निरीक्षक रमन कुमार को यातायात थाना अध्यक्ष से राजगीर थाना अध्यक्ष बनाया गया है।

## हत्या मामले में फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में हत्या मामले में फरार मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिहार थाने में केस दर्ज है। आरोपी करण कुमार उर्प जुलेश छह माह से फरार था। जमुई में छिपा हुआ था। 17 फरवरी को बिहार थाना के मुरौरा गांव में पूर्व मुखिया के पुत्र विशाल कुमार उर्फ गोपाल कुमार की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस मामले में बिहार थाना में कांड दर्ज किया गया था। जिसके तहत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इनमें गुड्डू सिंह, हैप्पी उर्फ विवेक कुमार और करण कुमार उर्फ जुलेश शामिल था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी गुड्डू सिंह को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन करण और उसका भाई हैप्पी फरार हो गया था। लंबी छानबीन के बाद पुलिस ने करण कुमार को जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। बिहार थाना के थानाध्यक्ष राम शंकर सिंह के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी करण कुमार 24 वर्षीय है और उसके खिलाफ पहले भी एक आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस ने इस मामले में पहले ही दो पिस्तौल बरामद किया था। इसके अलावा, .315 बोर के 14 गोलियां, .30 बोर की 3 गोलियां, खून लगा एक धारदार चाकू और घटना में प्रयुक्त एक बाइक भी बरामद की गई है।

## पूर्व कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने मांझी पर साधा निशाना

### कहा- आरक्षण की हो रही है हकमारी, दलितों के बीच पनप रहा आक्रोश

निज संवाददाता। गया




उच्च न्यायालय ने बीते दिनों राज्य को एससी-एसटी में अप वर्गीकरण का अधिकार दिया है। इस तरह के अधिकार मिलने से दलितों और पिछड़ों की हकमारी की आशंका है। इस बात को लेकर पूरे बिहार का एससी एसटी आक्रोशित है। हाल ही में देश के केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी द्वारा दिए गए बयान से स्पष्ट होता है कि पासवान, रविदास, रजक और चौधरी आदि जातियों को आरक्षण नहीं मिलना चाहिए। उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। इस तरह के फैसले का अधिकार राज्य सरकार को मिलना अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए घातक सिद्ध होगा। पूर्व में बिहार सरकार ने दलित व महादलित बना कर पासवान जाति को कई अधिकारों से वंचित कर दिया। आरक्षण कभी भी आर्थिक नहीं दी जानी चाहिए। ऐसा संविधान कहता है ये बातें पूर्व कृषि मंत्री बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत ने मीडिया के समक्ष कहीं।

**आरक्षण मिटाने की चल रही है साजिशः** उन्होंने कहा कि मात्र दो से तीन प्रतिशत सरकारी नौकरियां हैं जिसमें मुश्किल से एससी एसटी चार प्रतिशत हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि आरक्षण पूर्ण रूप से मिटाने की इन दिनों साजिश चल रही है। इस साजिश में चिराग पासवान और जीत राम मांझी की भूमिका स्पष्ट हो चुकी है। पूरे बिहार में जातीय जनगणना के बाद स्पष्ट रूप से दिख चुका है कि दलित एवं महादलित को तो ना पक्का का मकान ना ही नौकरियां न खेतबाड़ी न शिक्षा और ना तो थाना अंचल में कुर्सी पर बैठने का अधिकार है। ऐसे में दलित भाइयों से अपील करता हूं कि बाबा भीमराव अंबेडकर की लड़ाई और अधिकार को गिरवी रखी जा रही है। अगर इस अधिकार को हम आप नहीं समझे तो आने वाले समय में आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व में दलितों का बंटवारा किया गया दलित महादलित इसका नतीजा यह हुआ कि पासवान जाति के लोगों को एक योजना से वंचित होना पड़ा। संविधान में दलित महादलित नहीं है। उसमें एससी और एसटी रिजर्वेशन की बात की गई है। वह भी इसलिए कि लोग बराबरी में आ सकें। उन्होंने कहा रिजर्वेशन का लाभ सभी को नहीं मिलने के पीछे समान शिक्षा का नहीं होना है। बेसिक सुविधाओं का नहीं होना है। सुविधाएं होती तो जरूर लाभ उठाते। लेकिन ऐसा अब तक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जीतन राम मांझी ने बीते दिनों अपने बयान में कहा है कि 70 वर्षों से दलित फायदा उठाते चले आ रहे हैं। हम लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिला है।

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

## पेरिस ओलंपिक 2024 : पहलवान विनेश फोगाट ने किया संन्यास का ऐलान

Page 10



देश

## डीएम एवं उप विकास आयुक्त ने किया सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ

मूल्य ₹ 2.00
शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 09 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 240 • पृष्ठ 12

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 69,270 | ₹81,500 |

### आज का इतिहास

- **2007 : भारत इस दिन भारत छोड़ो आंदोलन की 65 वीं वर्षगांठ मनाता है।**
- **2008 : भारतीय प्रतिनिधिमण्डल के समर्थन से मलेशिया के सांस्कृतिक मंत्री व सांसद मोहम्मद शफ़ी अरदाल को राष्ट्रकुल संसदीय संघ (सीपीए) का नया अध्यक्ष चुना गया है।**

### स्वास्थ्य विभाग में 45 हजार पदों पर भर्ती

**पटना (नि.सं.)।** शिक्षा विभाग के बाद अब स्वास्थ्य विभाग भी रिक्त 45 हजार पदों पर नए सिरे से नियुक्तियों की तैयारी में जुट गया है, लेकिन आरक्षण को लेकर बरकरार संशय को दूर करने के लिए विभाग को सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश का इंतजार है। सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश जारी होने के बाद ही विभाग नियुक्तियों के संबंध में आदेश जारी करेगा।

बांग्लादेश में चल रहा हिंसा और उपद्रव, हाई अलर्ट मोड में बांग्लादेश सीमा पर तैनात है बीएसएफ

# भारत में शरण मांगने सीमा पर पहुंचे बांग्लादेशी नागरिक, बीएसएफ के जवानों ने लौटाया

### बांग्लादेशी नागरिकों ने भारतीय सीमा में घुसने का किया प्रयास

निज संवाददाता | किशनगंज

बांग्लादेश में जारी हिंसा और उपद्रव के बीच बांग्लादेशी नागरिक देश छोड़ने की कोशिश में जुटे हुए हैं, ताकि उनके जानमाल की रक्षा हो सके। इसे लेकर किशनगंज से सटे पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर थाना क्षेत्र से सटे बांग्लादेश और भारत की सीमा पर बांग्लादेशी नागरिक पहुंचकर भारत में प्रवेश देने के लिए शरण मांग कर रहे हैं। भारतीय सीमा पर सैकड़ों बांग्लादेशी नागरिकों के पहुंचने की सूचना पर बीएसएफ कमांडेंट अजय शुक्ला और इस्लामपुर एसपी जेबी थामस पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। बांग्लादेश सीमा सुरक्षा बल की मदद से ग्रामीणों को वापस गांव



की ओर भेजा गया। बताया जा रहा है कि सीमा पर पहुंचे बांग्लादेशी नागरिक सीमा से सटे गांव क्षेत्र के थे, जो बांग्लादेश की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए भारत में शरण लेने के लिए प्रवेश की जुगत में थे। बताते चलें कि बीते कई दिनों से बांग्लादेश में हिंसा जारी है। उपद्रव और हिंसा के भय से बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी नागरिक देश छोड़ने की फिराक में हैं। वहीं, सीमा पर बीएसएफ की ओर से पहले से ही सुरक्षा बढ़ाकर चौकसी बरती जा रही है, ताकि किसी भी तरह की घुसपैठ नहीं हो सके। इसको लेकर हर स्तर पर निगरानी बरती जा रही है। इस संबंध में बीएसएफ के अधिकारी ने बताया कि नार्थ बंगाल फ्रंटियर के अधीनस्थ दो बीओपी पर घुसपैठ की कोशिश की गई। जहां अधिकारियों और जवानों द्वारा समझा-बुझाकर सभी लोगों को वापस भेज दिया है।

#### अतिरिक्त जवानों को किया गया तैनात

बीएसएफ की ओर से बताया गया की स्थिति को देखते हुए सभी बीओपी पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे सख्त निगरानी का निर्देश दिया गया है। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि उत्तर बंगाल फ्रंटियर सीमा सुरक्षा बनाए रखने और क्षेत्र में सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सेनाएं स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही हैं और किसी भी घटनाक्रम का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

'एक पेड़ मां के नाम अभियान' का शुभारंभ

# 38 जिलों के 137 मदरसे पहली बार एनएसएस से जोड़े जाएंगे : मो. आलमगीर

निज संवाददाता | पटना



मौलाना मज़हरुल हक़ अरबी व फारसी विश्वविद्यालय राज्य का इकलौता विश्वविद्यालय है जिसका विस्तार राज्य के 38 ज़िलों के 137 मदरसों तक भी है। आने वाले कुछ महीनों में एनएसएस से इन मदरसों को जोड़ दिया जाए तो समाज के हाशिये पर पड़े समुदाय भी मुख्यधारा में आ सकेंगे। राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बेहद ज़रूरी है कि वो किताबी शिक्षा के अलावा अपने आसपास के समुदाय में भी जाकर रचनात्मक योगदान दें। नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) पढ़ाई के साथ साथ देश भर के कॉलेज में पढ़ने वाले सभी छात्रों को समाज से सीधा जुड़ने का अवसर प्रदान करती है।

यह बातें आज मौलाना मजहरूल हक़ अरबी व फ़ारसी विश्वविद्यालय में एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए एन एस एस के क्षेत्रीय निदेशक (बिहार-झारखंड) गिरधर उपाध्याय ने कही। इस मौके पर 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत 300 नए पौधे परिसर में लगाए गए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मोहम्मद आलमगीर ने की और मुख्य वक्ता के तौर पर कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार, युवा अधिकारी प्रियव्रत मंडल तथा विश्विद्यालय के एन एस एस संयोजक डॉ. निखिल आनंद गिरि भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि गिरधर उपाध्याय ने उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को विस्तार से केंद्र सरकार के एनएसएस अभियान के बारे में समझाया कि कैसे इससे जुड़कर उनका व्यक्तित्व विकास हो सकता है और कई नौकरियों में भी इसके सर्टिफिकेट से लाभ मिल सकता है। अपने संबोधन में कर्नल कामेश कुमार ने बताया कि मौलाना मजहरुल हक़ विश्वविद्यालय राज्य का इकलौता संस्थान है जिसकी जड़ें राज्य के हर ज़िले में फैली हुई हैं। समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालय भविष्य में कई और संगठनों के साथ संपर्क में है ताकि कला, संस्कृति का संरक्षण भी हो सके। संयोजक निखिल आनंद गिरि ने कहा कि इस अवसर पर संकल्पतरू फाउंडेशन संस्था के सौजन्य से विश्वविद्यालय में करीब 300 नए पौधे रोपे गए और भविष्य में इसे पटना के अलग अलग इलाकों में भी विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी कुछ महीनों में ही राज्य के 137 मदरसे, विश्वविद्यालय के अधीन स्टडी सेंटर भी एनएसएस से जोड़ दिये जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक डॉ. मुक्ता सिन्हा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ तहसीन ज़मा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और भारी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

बीएनआर ट्रेनिंग कॉलेज में कैंसर जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# कैंसर के रोकथाम का एकमात्र उपाय है जागरूकता : डॉ. शाज़िया फातिमा



**पटना (नि.सं.)।** बीएनआर ट्रेनिंग कॉलेज गुलज़ारबाग पटना में रोटरी क्लब पटना के तत्वाधान में सेवाकालीन शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. शाज़िया फातमा ने बताया कि वैसे तो विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी एवं राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस 7 नवंबर को मनाया जाता है। फातमा ने कहा कि कैंसर के बारे में एक भ्रांति फैली हुई है कि यह एक गंभीर एवं लाइलाज बीमारी है लेकिन समय रहते यदि पता चल जाए तो इसका इलाज संभव है। सभी नागरिकों को इस जानलेवा बीमारी से लड़ने के लिये शुरुआती कैंसर का पता लगाने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस सेमिनार का आयोजन किया गया है। डा. वीपी सिंह वरिष्ठ सलाहकार कैंसर सर्जन एवं प्रबंधक निदेशक सवेरा हॉस्पिटल, पटना ने कैंसर की पहचान प्रकार रोकथाम इलाज के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत से जानकारी दी एवं जागरूकता बढ़ाई। डा. प्रतीक आनंद सलाहकार मैक्सिलो फेसियल एवं डेंटल सर्जन सवेरा कैंसर हॉस्पिटल पटना ने दांत एवं मुंह में होने वाले कैंसर की पहचान प्रकार रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# शारीरिक दंड का नहीं होगा प्रयोग : अपर मुख्य सचिव

**पटना(नि.सं.)।** शिक्षा विभाग प्रति माह प्रत्येक प्रखंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसी एक शिक्षक, एक प्रतिभाशाली छात्र व छात्रा का चयन कर उन्हें सम्मानित करेगा। सम्मान शिक्षा विभाग अपर मुख्य सचिव व प्रधान सचिव द्वारा दिया जाएगा। जल्द ही शिक्षा विभाग चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगा। वहीं, गुरुवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने विद्यालय में शिक्षकों की भूमिका के संबंध में एक मार्गदर्शिका जारी की।




## संक्षिप्त समाचार

### जब्त किये गये वाहन थाने में बन रहे हैं कबाड़

**कोईलवर**। स्थानीय प्रखंड अंतर्गत कोईलवर, चांदी व गीधा थाना परिसर में विभिन्न मामले में जब्त किये गये वाहन थाने के अंदर और बाहर जंग की भेंट चढ़ रहे हैं। राज्य में लागू शराबबंदी अधिनियम के बाद थानों में जब्त वाहन की संख्या बढ़ती ही जा रही है। जाहिर है कि ऐसे वाहन पूरी तरह असुरक्षित होते हैं। सैकड़ों ऐसे वाहन हैं जो वाहन मालिक के इंतजार में अब कबाड़ के लायक भी नहीं रह गए हैं। लावारिश वाहनों को एक निश्चित समय सीमा के बाद नीलाम करने का प्रावधान रहा है। लेकिन नीलामी नहीं होने की वजह से थाना में रखा वाहन कबाड़खाने में तब्दील हो चुका है। कुछ लोग तो न्यायालय के आदेश से अपना वाहन वापस ले जाते हैं। लेकिन बेनामी और लावारिस वाहन जंग खाने के लिए खड़े रह जाते हैं। थाना परिसर में जब्त वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। दर्जनों गाड़ियां ऐसी हैं जो कई वर्षो से थाना परिसर में पड़ी हुई हैं।

### स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल जारी

**कोईलवर**। बुधवार को बिहार राज्य संविदा संघर्ष मोर्चा गुट के बैनर तले भोजपुर के कोईलवर प्राथमिक अस्पताल में कार्य का बहिष्कार का आंदोलन 29 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान उपस्थित एएनएम व एनएचएम कर्मियों ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग के मंत्री व प्रधान सचिव से मांग करते हुए कहा कि जबतक फेस अटेंडेंस रद्द नहीं होगा व समान काम के बदले समान वेतन बिहार में लागू नहीं होगा, कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नूतन शर्मा ने किया व संचालन गीता कुमारी ने किया। उपस्थिति एएनएम व एनएचएम कर्मियों ने अपने संबोधन में कहा कि बुधवार को स्वास्थ्यकर्मियों का संघर्ष मोर्चा गोप गुट का कार्य बहिष्कार 29 दिनों से चल रहा है। चिकित्सा विभाग का सारा काम निचले स्तर पर अस्पताल में बंद हैं। आम लोगों को परेशानी है ।

### पूर्व के विवाद में मारपीट तीन घायल

**आरा**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में मंगलवार की रात पूर्व के विवाद में मारपीट में पिता, पुत्री और पत्नी घायल हो गई। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के निवासी हरेराम चौधरी 30 वर्ष, पत्नी लक्ष्मीना देवी 28 वर्ष और बेटी संध्या कुमारी 11 वर्ष है। घटना के बाद तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां तीनों का इलाज चल रहा है। घायल हरेराम चौधरी ने बताया की चार दिन पहले मेरी लड़की से मेरे भाई की बाइक गिर गई थी। जिसके कारण बाइक का शीशा टूट गया था। मैंने बोला था जो भी खर्च होगा मैं दे दूंगा। लेकिन वे लोग नही माने और चार दिन बाद मेरा आम का लगाया हुआ गाछी तोड़ दिया।

### छापेमारी में 6 गिरफ्तार, 1 लाख आठ हजार, जुर्माना

**बक्सर**। अपराध नियंत्रण को लेकर जिले के विभिन्न थानों के पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस को सफलता भी मिल रही है। बक्सर पुलिस ने पिछले 24 घंटे में छापेमारी कर 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पॉक्सो एक्ट में 1, शराब के सेवन में 2, शराब बरामदगी में 1 व अन्य मामलों में 2 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में 1 लाख 8 हजार रुपए जुर्माना वसूला है।वहीं 31 वारंट का निष्पादन किया गया। बता दें कि एसपी मनीष कुमार की निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों की पुलिस के द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे अपराधियों की नाक में नकेल कसने के लिए पुलिस के द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### चौसा में रेलवे ट्रैक के नीचे मिला अज्ञात युवक का शव

**बक्सर**। दानापुर रेलखंड के चौसा कर्मनाशा पुल स्थित ट्रैक से नीचे खाई में एक अज्ञात 38 वर्षीय युवक का शव मिला। खेतों के तरफ गए किसानों ने शव देखा। शव मिलने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जिसकी सूचना मुफस्सिल पुलिस को दी गई। पुलिस पहुंच पहले शव की पहचान करने में जुटी। पहचान न होने पर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी। ट्रैक के नीचे युवक के शव को देखा गया है। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस शव की पहचान कराने की कोशिश की गई। पहचान नहीं होने पर देर शाम शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति के शरीर पर नीले रंग का टी शर्ट व जीन्स पेंट पहने हुए है। युवक किसी ट्रेन से गिरकर नीचे चला गया होगा।

### दारोगा पर कार्रवाई का आदेश

**बक्सर**। कार्य में लापरवाही बरतने वाले दारोगा बजरंगी प्रसाद के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया है। न्यायालय ने दारोगा के कार्य में लापरवाही पकड़ा है। उक्त आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 11 रघुवीर प्रसाद ने दिया है। जानकारी के मुताबिक डुमरांव थाना कांड संख्या 222/ 18( नया भोजपुर ओपी) की सुनवाई उक्त कोर्ट में की जा रही थी। अपर लोक अभियोजक शेषनाथ सिंह ने बताया कि केस के अनुसंधान कर्ता बजरंगी प्रसाद द्वारा आरोप पत्र में आरोपितों का नाम ठीक से अंकित नहीं किया गया है, साथ ही आरोप पत्र में कई अन्य त्रुटियां भी है। अनुसंधानकर्ता द्वारा किया गया कार्य यह दर्शाता है अपने कर्तव्य में अभिरुचि नहीं ली गई है। कांड में अनुसंधानकर्ता की लापरवाही आरोपितों को लाभ पहुंचाने के लिए गलत मंसा से किया गया है।

### जिले में बारिश होने से 83.7 प्रतिशत हुई धान की रोपनी

**बक्सर**। अगस्त माह में मानसून सक्रिय होने से किसानों का चेहरा खुशी से दमक उठा। लगातार हो रही बारिश से से जिले में धान की रोपनी की रफ्तार तेज हो गई है। बीते दो दिनों से हो रही बारिश के चलते रोपनी का आंकड़ा लक्ष्य करीब पहुंच गया है। अगर किसानों को दो-तीन दिन और बारिश का साथ मिला तो धान की रोपनी लक्ष्य तक पहुंच जाएगी। जिला कृषि विभाग के अनुसार जिले में 96229.32 हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अब तक किसानों ने 80582.277 हेक्टेयर में धान की रोपनी कर ली है, जो लक्ष्य का 83.7 प्रतिशत है। बीते मंगलवार को जिले में 100.47 एमएम बारिश रिकार्ड की गई है। अगस्त माह के 7 तारीख तक सामान्य वर्षापात 59.39 एमएम है, औसत वर्षापात 100.47 एमएम हुई है। अब तक इस माह में सामान्य वर्षापात से 69.19 प्रतिशत बारिश हुई है। धान का खेत पानी से लबालब हो गया है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रमुख डॉ. देवकरन ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार वर्षा की संभावना को देखते हुए किसानों को विशेष रूप से सलाह दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में बारिश की संभावना को देखते हुए खड़ी फसलों में अभी सिंचाई नहीं करें। कीटनाशक एवं खाद का प्रयोग आसमान साफ रहने पर ही करें। उन्होंने खेतों की मेढ़ मजबूत करने की सलाह दी ताकि वर्षा का जल खेतों में जमा हो सके।

### नई आशा ने किया दो एंबुलेंस का लोकार्पण

**आरा**। आरा नई आशा ने जरूरतमंदों की सेवा के लिए दो एंबुलेंस का लोकार्पण बुधवार को किया। भोजपुर जिले के बाघी पाकड़ निवासी शंभू सिंह (भा.प्र.से.) एवं शिप्रा सिंह ने नई आशा को यह दोनों एंबुलेंस प्रदान किए। शंभू सिंह ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों का दायित्व है कि हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयास करें। इस कार्य से संतुष्टि मिलेगी और समाज मजबूत होकर राष्ट्र को संबल बनाएगा। नई आशा जिस गरीब एवं अशिक्षित वर्ग के लिए कार्य कर रही है, उसके बीच आत्म विश्वास पैदा करना होगा, ताकि वे अपनी सामान्य जरूरत के लिए संबंधित विभाग में आसानी से पहुंच सके। जो समाज पिछड़ा होता है, उसके बीच उदाहरण प्रस्तुत करना होगा ताकि उसकी पीढ़ियां अनुशरण करके मुख्य धारा में शामिल हो जाए। सिविल सर्जन डॉ शिवेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि नई आशा जिस उद्देश्य से कार्य कर रही है, उसकी पूर्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। सामाजिक कार्यकर्ता विजेंद्र सिंह ने कहा कि नई आशा के माध्यम से समाज को मदद करने के बाद खुद संतुष्टि मिलती है। अध्यक्षता करते हुए संस्था के उपाध्यक्ष सह फुटाब के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो कन्हैया बहादुर सिन्हा ने कहा कि संस्था के संरक्षक भीम सिंह भवेश ने दो दशक से समर्पित भाव से कार्य कर रहे है।

# बाइक सवार दोस्तों पर फायरिंग, एक जख्मी, अपराधियों ने पेट में मारी गोली

**जॉब पक्की होने के बाद लौट रहे थे दोनों**

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप गुरुवार सुबह पूर्व के विवाद को लेकर एक युवक को गोली मार दी गई। जख्मी युवक को बाएं साइड पेट में गोली मारी गई है। गोली लगने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके साथ उसका दोस्त भी था। जो उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से शहर के बाबू बाजार स्थिति निजी अस्पताल ले गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।



**तीन बदमाशों ने रुकवाई थी बाइकः** जख्मी युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव वार्ड नंबर 6 निवासी अखिलेश सिंह का 28 वर्षीय पुत्र कृष्ण सिंह है। घटना की सूचना मिलते ही उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। इधर, जख्मी युवक के साथ उसके दोस्त टूनटून कुमार ने बताया कि उन्होंने उदवंतनगर ब्रह्मस्थान स्थित वेयरहाउस में दो दिन पूर्व जॉब के लिए अप्लाई किया था और वे लोग दो दिन पूर्व भी वहां गए थे। जिसके बाद उन्हें दो दिन बाद बुलाया गया था। गुरुवार की सुबह में दोनों बाइक से वहीं वेयरहाउस गए थे। जहां बातचीत होने के बाद कंपनी के मालिक ने बोला कि कल से आप लोग ड्यूटी करने आ जाइएगा। इसके बाद में दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच उदवंतनगर मध्य विद्यालय के समीप दो बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाश आए और बाइक रुकवाई। उसके बाद उसके दोस्त कृष्णा सिंह से नोकझोक हुई। फिर अपराधियों ने गोली चला दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया।

**पहले विवाद हुआ थाः** वहीं दूसरी ओर जख्मी युवक कृष्णा सिंह के दोस्त टूनटून कुमार ने बताया कि उसे गोली किसने और क्यों मारी यह मुझे नहीं मालूम। लेकिन जख्मी कृष्णा सिंह ने उसे बताया कि उक्त बदमाशों से उसका पूर्व में भी विवाद हुआ था। सर्जन चिकित्सक डॉ. विकाश सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को गोली बाएं साइड पेट में लगी है। गोली लगने के कारण जख्मी युवक की छोटी आंत क्षतिग्रस्त हो गई है। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया।

# विशेष छापेमारी अभियान में 84 की गिरफ्तारी

निज संवाददाता। आरा



♦ हत्या की कोशिश करने वाले 6 धराए, 1282 वाहनों की जांच में 2 लाख से अधिक जुर्माना

भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। दो दिनों में 84 अरोपी पकड़े गए हैं। इनमें हत्या के प्रयास में 6, हत्या में 1, एससी-एसटी एक्ट में एक, वारंट में 27, शराब पीने के मामले में 23, शराब बेचने में 13 धराए हैं। अभियान के दौरान 10 अवैध भठ्ठियों को भी तोड़ा है। करीब 141 लीटर देसी शराब बरामद की गई। करीब 300 लीटर शराब नष्ट की गई। अभियान के दौरान 40 जमानतीय और 37 अजमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया। अलग-अलग जगहों से तीन अपहृता को बरामद किया गया। करीब 1282 वाहनों की जांच की गई। करीब दो लाख 77 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया।

**एक अपहृता को बरामद कियाः** तीयर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गीधा पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक को पकड़ा। जबकि नारायणपुर पुलिस ने भी हत्या के प्रयास में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। कोईलवर थाना पुलिस ने एक अपहृता को बरामद किया है। पीरो थाना पुलिस ने चोरी संबंधित मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। मुफस्सिल और टाउन थाना पुलिस ने चार वारंटियों को पकड़ा है।

# कर्मनाशा पुल के पास खाई में मिला अज्ञात शव

**बक्सर पुलिस पहचान में जुटी, ट्रेन से गिरकर मौत की आशंका**

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में डीडीयू-दानापुर रेल खंड स्थित चौसा रेल कर्मनाशा पुल स्थित ट्रैक से नीचे खाई में एक अज्ञात 38 वर्षीय युवक का शव मिला है। खेतों की ओर गए किसानों ने शव को देखा, इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी गई। शव मिलने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इसकी सूचना मुफस्सिल पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच पहले शव की पहचान करने की कोशिश की। इसके बाद शव का पहचान नहीं होने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसकी तस्वीर अन्य थाना और जीआरपी और आरपीएफ को भी भेजा गया है। जिससे की युवक की पहचान हो सके ।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि ग्रामीणों को सूचना दी गई थी। ट्रैक के नीचे खाई में एक युवक को देखा गया है। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की। पहचान नहीं होने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त व्यक्ति के शरीर पर नीले रंग का टी शर्ट व जीन्स पेंट है। देखने से प्रतीत होता है कि वह किसी ट्रेन से गिरकर नीचे खाई में चला गया होगा। जहां गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई है। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। शव की पहचान होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि युवक क्षेत्र के कही आसपास का है, या कहीं दूसरे जगह है। ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई है।

# दो अलग जगहों पर गिरा ठनका, 5 लोग घायल, तीन बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे छिपे थे

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को ठनका गिरने से पांच लोग घायल हो गए। सभी का इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव में ठनका गिरने से खेत में काम कर रहे दो युवक घायल हो गए। जिसके बाद पर परिजन ने दोनों को आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद एक को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घायलों में कोईलवर थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव निवासी छठू बिंद का 35 वर्षीय पुत्र श्याम बहादुर बिंद और इसी गांव के निवासी राज कुमार बिंद का 30 वर्षीय पुत्र संजय बिंद शामिल है। घायलों के परिजनों ने बताया कि दोनों ज्ञानपुर गांव स्थित बाजार में अपने-अपने खेत में काम कर रहे थे। तभी बारिश शुरू हो गई और ठनका गिरा। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।



**एक का सदर और दो का निजी अस्पताल में चल रहा इलाजः** दूसरी घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ गांव की है। जहां ठनका गिरने से खेत में काम कर रहे तीन लोग झुलस गए। एक को आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। उनका इलाज चल रहा है। दो का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा। घायलों में गजराजगंज ओपी

♦ खेत में काम करने के दौरान हादसा

क्षेत्र के मसाढ़ गांव निवासी ध्रुव यादव का 32 वर्षीय पुत्र उपेंद्र राय, इसी गांव के निवासी 50 वर्षीय गांधी शर्मा और 35 वर्षीय मनोज महतो शामिल हैं। इधर उपेंद्र राय ने बताया कि वह तीनों खेत जोतवा रहे थे। तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए तीनों एक पेड़ के नीचे जाकर छिप गए। उपेंद्र राय को आरा सदर अस्पताल लाया गया। जबकि गांधी शर्मा और मनोज महतो का इलाज निजी अस्पतालों में कराया जा रहा है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा से पहले 2 पेपर सॉल्वर गिरफ्तार, 145 फर्जी प्रवेश पत्र बरामद

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा से पहले पुलिस ने गुप्त सूचना पर डुमरांव अनुमंडल के विभिन्न होटलों में छापेमारी कर 145 प्रवेश पत्र के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी मनीष कुमार ने बुधवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि लड़कों का परीक्षा प्रवेश पत्र से फोटो का मिलान किया गया जो गलत पाया गया। इसके पास से जो प्रवेश पत्र बरामद किए गए है, उसमें सभी जानकारी गलत है।

**परीक्षा से एक दिन पहले पुलिस ने किया गिरफ्तारः** यह लोग इस प्रवेश पत्र से परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर कुछ अभ्यर्थियों की मदद करने के फिराक में थे। इसको लेकर 6 अगस्त की शाम में गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। कई होटलों में तलाशी करने पर इन दो लड़कों को पकड़ा गया। इन लोगों में एक ने अपना नाम छोटे लाल चौरसिया उर्फ छोटू बताया है। वह कैमूर के रूइया गांव का रहने वाला है। दूसरे ने रौशन चौरसिया नाम बताया है। वह कैमूर



जिले के मनिहारी गांव का निवासी है। पकड़े गए दोनों लोग आपस में मामा भांजा है। इनके पास से बक्सर में होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर 7 अगस्त और 11 अगस्त का कुल 145 प्रवेश पत्र, मोबाइल, 3200 रुपए, एक पैन कार्ड, डेबिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड और पहचान पत्र आदि बरामद किया गया है। इन दोनों के वॉट्सऐप से आगामी परीक्षा में धांधली करने के साक्ष्य मिले है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में पकड़े गए दो अभ्यर्थी

निज संवाददाता। आरा

आरा में केंद्रीय चयन परिषद के द्वारा आयोजित सिपाही परीक्षा के दौरान नगर थाना अंतर्गत दो अभ्यर्थी को चप्पल में ब्लूटूथ डिवाइस के साथ पकड़ा गया है। दोनों ही पटना जिले के रहने वाले है। दोनों की पहचान रविशंकर शर्मा और विक्की कुमार के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ नगर थाना में कांड दर्ज कर लिया गया है। इसकी जानकारी भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने दी है।



♦ चप्पल में ब्लूटूथ डिवाइस लगाकर पहुंचे परीक्षा केंद्र, पटना जिले के रहने वाले हैं दोनों

**परीक्षा केंद्रों का दौरा करते रहे अधिकारीः** जानकारी के अनुसार भोजपुर पुलिस के द्वारा मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वहीं आपको बता दें कि भोजपुर में 18 परीक्षा केंद्र पर सिपाही भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। आरा में सिपाही भर्ती परीक्षा के पहले दिन कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक खुद लगातार परीक्षा के दौरान भ्रमणशील रहे। परीक्षा केंद्रों का दौरा करते रहे। इसके अतिरिक्त काफी संख्या में मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी तैनात थे, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# गंगा का जलस्तर रातों-रात बढ़ा, कटाव शुरू, डर में जीने को मजबूर है तीसरी पीढ़ी

निज संवाददाता। आरा

गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पूरा गांव दहशत में है। न जाने कब यह नदी किसे अपने अंदर समा लें। पहले भी कितनों के घर इस नदी में समा चुकी है। रात में ठीक तरीके से सो भी नहीं पाते है न जाने कब गंगा हमारे घर तक आए और डूबा दें। यहीं चिंता भोजपुर जिले के बलुआ पंचायत के लोगों को सता रही है। दरअसल बलुआ पंचायत के अचरज लाल के टोला के रहने वाले लोगों को बाढ़ के साथ साथ कटाव का भी डर दिन प्रतिदिन सता रहा है। गंगा का जलस्तर दिन रात बढ़ रहा है। गंगा का तेजी से जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों में दहशत है। अभी शुरुआती दिनों में गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखकर ग्रामीण काफी चिंतित है। कटाव से परेशान लोग अभी भी इस डर के साथ जीने में मजबूर है, जिस डर के साथ उनकी दो पीढ़ी चली गई है।

**सैकड़ों घर नदी में बह गएः** गांव के बुजुर्ग निवासी गणेश राम ने बताया कि उनकी उम्र पचास वर्ष से ज्यादा हो गई है। उस दौरान गांव से गंगा नदी करीब दो किलोमीटर दूर से बहा करती थी। गांव के दूसरे छोड़ मेला लगता था तो पैदल ही जाकर मेला घूम आते थे। लेकिन धीरे धीरे गंगा में बाढ़ आने लगी और हजारों एकड़ जमीन गंगा में समा गई। सैकड़ों घर नदी में बह गए। अचरज लाल के टोला से केवटिया जाने वाला रास्ता भी कटाव की वजह से गंगा में डूब गया। उसके बाद ग्रामीणों के लिए एक और रास्ते का निर्माण हुआ जो गंगा से कई बांस दूर था। लेकिन अब यह रास्ता भी नदी के कटाव से टूटने के कगार पर है।

**नाव पलटने का भी डर बना होता हैः** उन्होंने बताया कि गांव से कई लोग गंगा पार कर खेती करने के लिए जाते है। इधर खेत रहा ही नहीं है। अब जिनका खेत है वो जान जोखिम में डालकर डेंगी नाव में बैठकर दूसरे किनारे जाते है। नाव पलटने का भी डर बना होता है। वहीं सुरेंद्र यादव ने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से हमलोग को कोई सुविधा नहीं मिलता है। बाढ़ आता है तो बालू वाला बोरा कटाव से बचने के लिए डाला जाता है। लेकिन उससे भी कोई फायदा नहीं है। हर साल गंगा उफान पर आती है और हमारे कई एकड़ जमीन बहा जाती है। लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कोई स्थाई विकल्प नहीं निकाला जा रहा है।





**क्या बोले कार्यपालक अभियंताः** वहीं कार्यपालक अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि कटाव दो दिन पहले हुआ था, उसके बाद हमलोग तकनीकी टीम से सुझाव और जानकारी लेकर बम्बू पाइलिंग का काम करवाए है। फिलहाल स्थिति ठीक है। वहीं गंगा के बढ़ रहे जलस्तर के सवाल पर उन्होंने कहा कि मंगलवार की रात जलस्तर 51.99 था अब बुधवार की सुबह जलस्तर बढ़कर 52.03 हो गया है। वहीं आपको बता दें कि इस गांव की तीन पीढ़ी गंगा के उफान को देखते आ रही है। प्रत्येक वर्ष कई एकड़ जमीन इसमें समा जाती है। मझौली, सोहरा, केवटिया, हेतमपुर, पिपरपाती और बलुआ गांव गंगा नदी के सबसे करीब है। इन गांवों के लोगों ने गंगा को शांत और गंगा का विकराल रूप भी देखा है। जिले में अक्टूबर माह के अंत-अंत तक इन गांवों में गंगा अपने उफान पर आ जाती है। जिसका खामियाजा गांव के लोग भुगतते है।

**एक मात्र रास्ते पर चढ़ चुका है बाढ़ का पानीः** वहीं भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड के ज्ञानपुरा गांव में बाढ़ का पानी अब गांव में जाने वाले एक मात्र रास्ते पर चढ़ चुका है। यहां दो तरफ से पानी का जलस्तर बढ़ता है। इस क्षेत्र में गंगा और सोन नदी की पानी एक साथ आती है। गंगा का स्तर और सोन में भारी पानी के बढ़ने से ज्यादातर पानी ज्ञानपुरा गांव में समा जाता है। जिसकी शुरुआत अब धीरे धीरे हो चुकी है। मेन सड़क से गांव में आने वाला एक मात्र रास्ता पर बाढ़ का पानी चढ़ गया है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को सड़क पर आने के लिए या गांव में प्रवेश करने के लिए इस पानी को पार करके जाना पड़ता है। कई लोग कपड़े ऊपर करके इस किनारे से उस किनारे तक पहुंच रहे है। इसमें डर भी बना हुआ है। शाम होते सड़क का पता नहीं चलता है। पतली सड़क है और सड़क के अगल बगल 10 से 15 फीट से ज्यादा नीचे जमीन है यानी गढ्ढा है।

**स्टूडेंट्स को होती है परेशानीः** वहीं गांव का रहने वाला एक लड़का आशीष ने बताया कि हर साल इस सड़क पर पानी भर जाता है। अभी तो शुरू हुआ है। सड़क पर करीब 4 से 5 फीट पानी भरता है। नाव के सहारे हमलोग को घर आना जाना पड़ता है। बाढ़ की वजह से कई दिनों तक लाइट नहीं रहती है। बीमार अगर कोई पड़ता है तो काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं गांव की कई छात्र छात्राएं इसी पानी के बीच पार करके हर दिन स्कूल जाती है। जिन्हें कई समस्या का सामना करना पड़ता है। वहीं स्कूल की छुट्टी के बाद कुछ लड़कियों ने बताया कि स्कूल आने जाने में बहुत दिक्कत होता है। डर भी लगता है। लेकिन पढ़ने आने के लिए स्कूल आते है। वहीं एक और लड़की ने बताया कि बहुत डर लगता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मॉक ड्रिल कर बच्चों को बताया गया आग लगने पर कैसे करें अपना बचाव

**मुंगेर।** धरहरा प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय में अग्निशमन विभाग के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर अग्निशमनकर्मी राजेश कुमार गुप्ता, निरीक्षक इंद्रदेव पंडित एवं विकास कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान अग्निशमन के कर्मियों ने मध्य विद्यालय रंगनीडीह ईटवा, प्राथमिक विद्यालय सुंदरडीह भलार, मध्य विद्यालय सारोबाग तथा नक्सल प्रभावित आजीमगंज पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सखौल में जाकर अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं सहित संबंधित गांव के लोगों के बीच अग्नि सुरक्षा से संबंधित पंपलेट का वितरण किया गया। अग्निशमन कर्मी ने संबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधियों से भी मिलकर आग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने की बात बताई। अग्निशमन कर्मी राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आए दिन विद्यालय में खाना बनाते समय दुर्घटना होने की सूचना मिलती रहती है। इसलिए विद्यालय में खाना बनाते समय सावधानियों का विशेष ध्यान रखें। विद्यालय प्रबंधक की सावधानी से विद्यालय में अगलगी की घटना को रोकी जा सकती है। मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को आपदा पर होने वाली विशेष कक्षा के माध्यम से बच्चों को अग्नि सुरक्षा सहित आपदा पर जानकारी देने की बात कही।

### इंकलाबी नौजवान सभा का युवा सम्मेलन आज

**मुंगेर।** सोझी घाट स्थित एक निजी भवन में गुरूवार को इंकलाबी नौजवान सभा का युवा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को आरवाईए के राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार, अध्यक्ष आफताव आलम, राज्य सचिव सह बिहार विधान सभा सदस्य शिव प्रकाश रंजन संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए जिला संयोजक सुमित कुमार यादव ने बताया कि इंकलाबी नौजवान सभा का युवा सम्मेलन में युवाओं को सामाजिक परिवर्तन और देश की वर्तमान स्थिति अवगत कराने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य से अवगत कराना है।

### सर्प दंश की दवा का पर्याप्त स्टॉक रखने का निर्देश

**मुंगेर।** जिलाधिकारी ने सभी आश्रय स्थलों पर चिकित्सकों की टीम को सभी उपयोगी दवाओं के साथ प्रतिनियुक्त करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। उन्होंने सीएस को कहा के सभी जीवन रक्षक दवाओं के साथ ही सर्प दंश व एंटी रैबीज वैक्सीन की भी पर्याप्त व्यवस्था कर लें। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर आने वाले बाढ़ प्रभावित लोगों का निबंधन मोबाइल नंबर के साथ जरूर करें, ताकि उनकी पहचान बनी रहे। जिले में गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन बाढ़ को लेकर पूरी तरह अलर्ट मोड में है। बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक समाहरणालय संवाद कक्ष में हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए चयनित सभी आश्रय स्थलों का सभी पदाधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 38 आश्रय स्थल बनाए गए हैं, जहां सभी संबंधित पदाधिकारियों को सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया है। ताकि बाढ़ के दौरान बाढ़ प्रभावित पीडितों व पशुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इसके अलावा विधि-व्यवस्था की किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो। साथ ही सभी केंद्रों पर साफ-सफाई व पेयजल की समुचित व्यवस्था करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहरी केंद्रों पर सफाई के लिए नगर निगम के कर्मियों को निर्देश दिया गया है।

### बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों के लिए 38 आश्रय स्थल चिह्नित

**मुंगेर।** मुंगेर जिले में लगातार गंगा के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। गंगा किनारे बसे गांवों और दियारा क्षेत्र के ग्रामीणों में गंगा के रौद्र रूप से डर समाने लगा है। निचले इलाकों में पानी प्रवेश करने लगा है। कई जगहों पर कटाव की स्थिति विकराल रूप ले चुकी है। बुधवार को आपदा विभाग के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक गंगा का जलस्तर 37.78 दर्ज किया गया। जो वार्निंग लेवल 38.33 से महज 55 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। डेंजर लेवल 39.33 है। गंगा में बढ़ते पानी को लेकर प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने के कारण गंगा किनारे बसे ग्रामीणों और दियारा क्षेत्र के लोगों की नींद उड़ चुकी है। सदर प्रखंड क्षेत्र के सीताकुंड डीह गांव और टीकारामपुर में लगातार कटाव जारी है। सीताकुंड डीह लक्ष्मीपुर गांव के वार्ड संख्या-1 बिंद टोली में कई कच्चा मकान कटाव की जद में है। चार शौचालय गंगा के पानी में डूब चुके हैं। तारापुर दियारा पंचायत के मनियारचक घाट और महेशपुर घाट पर कटाव अत्यधिक होने से किसानों में मायूसी है। लोगों का कहना है कि कटाव के कारण घाट की स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए गंगा स्नान के लिए लोगों ने जाना बंद कर दिया है। बरियारपुर प्रखंड में बंगाली टोला, घोरघट और रहिया गांव में कई जगहों पर कटाव हो रहा है। सदर प्रखंड, जमालपुर प्रखंड, धरहरा प्रखंड और असरगंज प्रखंड के निचले इलाके में गंगा का पानी फैलने लगा है। नए क्षेत्र में भी गंगा का पानी प्रवेश कर गया है। जिसमें सदर प्रखंड का तौफिर, रामगढ़ सहित बरियारपुर प्रखंड के नीरपुर, एकासी, कल्याण टोला और रतनपुर बहियार में पानी प्रवेश कर चुका है।

### राजनांदगांव के 160 फीट ऊंचे शिवलिंग के दर्शन को जा सकेंगे भागलपुर जिले के यात्री




**भागलपुर।** रेलवे ने भागलपुर व आसपास के यात्रियों के लिए एक श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन शुरू की है, जिसमें यात्री विश्व के ऊंचे मानव निर्मित शिवलिंग में एक शिवलिंग के दर्शन करने के लिए जा सकते हैं। इसी के साथ 1500 साल पुराने शिव कोकड़ी शिव मंदिर के लिए भी यात्री सफर कर सकते हैं। श्रावणी मेला के दौरान आस्था को देखते हुए देवघर व सुल्तानगंज तक ट्रेन का संचालन किया है। सावन माह में श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए एक विशेष श्रावणी मेला स्पेशल शुक्रवार को चलेगी। महाराष्ट्र के गोंडिया से छत्तीसगढ़ के दुर्ग, झारखंड के जसीडीह होते हुए ट्रेन भागलपुर आएगी। ट्रेन का महत्व इसलिए भी ज्यादा है कि यात्री इससे विश्व के ऊंचे शिवलिंग में से एक (160 फीट) के दर्शन करने के लिए जा सकते हैं। यह मंदिर राजनांदगांव में पड़ता है। मंदिर की खास बात ये है कि यहां श्रद्धालुओं को एक साथ 12 ज्योतिर्लिंगों के भी दर्शन हो जाते हैं। इसी के साथ यात्री दुर्ग में 1500 वर्ष पुराने शिव कोकड़ी महादेव मंदिर में भी जलाभिषेक कर सकते हैं। यात्री बाबा धाम (बैजनाथ धाम) के दर्शन कराने के लिए जसीडीह में भी रुकेगी। भागलपुर के सुल्तानगंज के प्रसिद्ध अजगैवीनाथ धाम के लिए रेलवे ने ट्रेन का ठहराव दिया है। यहां से गुजरेगी ट्रेन ट्रेन शुक्रवार को गोंडिया से चलकर शनिवार को भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में शनिवार को भागलपुर से खुलकर सुल्तानगंज होते हुए जाएगी। गोंडिया से ये ट्रेन सुबह 11:20 पर रवाना होकर शनिवार दोपहर 12:35 पर भागलपुर पहुंचेगी। एक घंटे बाद दोपहर 1:35 बजे यहां से खुलकर रविवार शाम 4:20 बजे गोंडिया पहुंचेगी। रास्ते में ट्रेन नंबर 08893/94 जमालपुर, अभयपुर, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, जॉयचंडीपहाड़, पुरुलिया, चांडिल, चक्रधरपुर, राउरकेला, झारसुगुडा, बृजराजनगर, खाससिया, सकटी, बोरद्वार, चंपापुर, अकलतारा, बिलासपुर, भाटपारा, टिल्डान्योरा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव व दनोरगढ़ में रुकेगी।

# पिता की हत्या, बेटे ने झाड़ी में छिप बचाई अपनी जान

## पहले हुई कहासुनी, फिर अपराधियों ने आपस में कहा- बहस क्या कर रहे मारो गोली

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बुधवार रात जमीन विवाद में बेटे के सामने पिता की गोली मार हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने करीब 12 अपराधी पहुंचे थे। बदमाशों ने बेटे की भी जान लेने की कोशिश की पर वो झाड़ी में छिप गया। बदमाशों के जान के बाद वो किसी तरह अपने घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। मौके पर बेटा परिजनों को लेकर पहुंचा और पिता को अस्पताल ले गया। जहां मृत घोषित कर दिया गया। मृतक तिलकपुर निवासी देवन यादव के पुत्र शंकर यादव (45) हैं। बेटे हिमांशु ने कहा कि मैं बाइक से गांव से 100 मीटर पहले उतर गया था। पिता घर की तरह जा रहे थे। इसी दौरान रौशन सिंह, सीटू यादव समेत 12 लोग आ गए। पिता जी से किसी बात को लेकर बहस हुई। इसी दौरान रौशन ने कहा बहस इतना क्या कर रहे मारो गोली। मैं खाई में कूद गया। जिसके बाद वे लोग मेरे पर गोली चलाने लगे तो मैं झाड़ी में छिप गया। पिता को दो गोली पेट में मारी है। हालांकि फायरिंग बहुत ज्यादा की। घटना सुलतानगंज थाना क्षेत्र के महेशी तिलकपुर के पास की है।



**ससुराल से पिता को लेकर घर निकले थेः** मृतक के बेटे ने कहा कि बुधवार को मैं अपने भाई को कोर्ट में सरेंडर कराने के लिए गया। उस पर गोलीबारी का आरोप है। वहां से लौटने के दौरान अकबरनगर स्थिति बहन के ससुराल चले गए। पिता वहीं थे। देर रात 10 बजे वहां से घर लौट रहे थे। इसी दौरान घटना हो गई। जब हम परिजनों को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे तो सभी आरोपी फरार हो गए। मृतक शंकर यादव मजदूरी करते थे। जिन्होंने अपनी एक जमीन बेची थी।

**परिजनों में पुलिस प्रति आक्रोशः** मृतक की पत्नी का कहना है कि पुलिस से कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन नहीं सुनी गई। पुलिस सिर्फ बदमाशों की ही शिकायत सुनती है। शरीफ इंसान की नहीं। परिजनों में पुलिस के प्रति काफी आक्रोश है। सुल्तानगंज थाना अध्यक्ष प्रियरंजन कुमार ने कहा कि मरने वाले पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे। पुरानी रंजिश में उसकी हत्या हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ATM कार्ड बदलकर 50 हजार रुपए निकाले

निज संवाददाता। भागलपुर



◆ स्थानीय थाने की पुलिस ने नहीं की शिकायत, पीड़िता ने SP से की शिकायत

भागलपुर में एक महिला से एटीएम में ही उसके एटीएम कार्ड को अज्ञात लोगों के द्वारा अदला-बदली कर एटीएम कार्ड से लगभग 50 हजार 800 रुपए की रकम निकल लिए जाते हैं। वहीं, पीड़िता के साथ हुए इस घटना को लेकर स्थानीय थाने से लेकर साइबर थाने तक के चक्कर लगाती रही। लेकिन किसी के द्वारा उसे केस तो दूर लिखित आवेदन तक भी नहीं लिया। वहीं, थक हार कर पीड़िता वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंची तब जाकर उसे आश्वासन मिला कि आपका केस दर्ज किया जाएगा। यह मामला विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र का है। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के परबती की रहने वाली मीरा देवी है। वही, पीड़िता मीरा देवी ने बताया कि असानंदपुर के चौक स्थित एक निजी बैंक के एटीएम में में और मेरा नाती के साथ एटीएम से पैसे निकालने पहुंची थी। जहां दो अज्ञात अपराधी मोटरसाइकिल सवार आए और एटीएम में घुस गया। वही पैसे निकालने के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और एटीएम कार्ड से 50800 रू निकल लिया है। जब मैं विश्वविद्यालय थाना पहुंची तो कहां की है यह साइबर थाना का मामला है।

तुम साइबर थाने चले जाओ.. जब मैं साइबर थाने पहुंची तो वहां कहा गया यह विश्वविद्यालय थाना का मामला है। मेरा केस कहीं भी दर्ज नहीं किया गया तो आज मैं एसएसपी सर के कार्यालय पहुंची हूं।

उन्होंने बताया कि यह पैसा लोन कि थी. वही मेरे अकाउंट में था। उन्होंने यह भी बताया कि अगर मेरी बातों पर विश्वास नहीं होता है तो वही लगे CCTV कैमरे को भी देख ले। इधर, मामले को लेकर एसपी सिटी मिस्टर राज ने प्राथमिकी दर्ज करने का भरोसा दिलाया है।

# अगले छह वर्षों में राज्य का 0.8 से 1.3 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा तापमान




निज संवाददाता। भागलपुर

बिहार में अगले छह वर्षों में तापमान में 0.8-1.3 डिग्री सेल्सियस, 2050 तक 1.4-1.7 डिग्री सेल्सियस और 2070 तक 1.8-2.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान है। बिहार के उद्योगों से 14% कार्बन उत्सर्जन होता है, जिसमें ईंट निर्माण क्षेत्र औद्योगिक उत्सर्जन का 80% योगदान देता है। बिहार में लगभग 6,500 ईंट भट्टे हैं, जिनमें से 85% क्लीनर जिगजैग तकनीक का उपयोग करते हैं, लेकिन खराब निर्माण और तकनीक की कमी के कारण लाभ नहीं मिल पाता है। बुधवार को समीक्षा भवन में बिहार को कार्बन न्यूट्रल राज्य बनाने के लिए बैठक की गयी। बिहार की जलवायु अनुकूलन व नई कार्बन उत्सर्जन विकास रणनीति के एजेंडा पर चर्चा हुई। इसके लिए प्रमंडल स्तर पर प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीसी कुमार अनुराग ने किया। उन्होंने कहा कि कार्बन और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर योजना बनाकर काम किया गया तो एक विकासशील देश के रूप में हमारी विकास की गति विकसित देशों की तुलना में अधिक होगी। उन्होंने प्लास्टिक के कम उपयोग और वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा देने की अपील भी की। एडीएम कृष्ण मुरारी ने जलवायु परिवर्तन के बारे में कहा कि बिहार को जीरो कार्बन उत्सर्जन राज्य बनाने के लिए निजी व सामूहिक रूप से प्रयास करना होगा। गर्मी के महीनों में तापमान में बढ़ोतरी होना चिंताजनक है। वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट इंडिया के प्रोग्राम प्रबंधक डॉ. शशिधर कुमार झा व मणि भूषण कुमार झा ने बताया कि ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों के दौरान बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने मिलकर जलवायु संरक्षण के संरक्षण पर रणनीति बनाई है। इसमें शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन और डब्ल्यूआरआई इंडिया जैसे संगठनों की तकनीकी सहायता भी ली गयी है।

डॉ. शशिधर ने कहा कि बिहार में पिछले 50 सालों में तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मानसून की शुरुआत देरी से हो रही 2030 तक तापमान में और बढ़ोतरी होगी। यही कारण है कि मानसून की शुरुआत देरी से हो रही है। डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स के प्रोग्राम ऑफिसर अविनाश कुमार ने बिहार में फ्लाई ऐश व ईंट इकाइयों को पर्यावरण का प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बीएयू की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. स्वर्णा चौधरी, डीआरडीओ निदेशक दुर्गा शंकर, आरटीए सेक्रेटरी वारिस अली खान, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता व सिविल सर्जन डॉ. अशोक प्रसाद आदि रहे।

# मुंगेर में जल्द शुरू होगी घरेलू उड़ान सेवा

## भारत सरकार ने पत्र जारी कर दी मंजूरी, जल्द ही जमीन सर्वे का काम होगा शुरू

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर वासियों के लिए अच्छी खबर है। सूचना है कि अब जिले के लोग जल्द ही चार्टर प्लेन के जरिए पटना-दिल्ली, दरभंगा, देवघर सहित अन्य जगहों पर जा सकेंगे। इसके लिए भारत सरकार ने भी अब स्वीकृति दे दी है। साथ ही पत्र जारी किया है। छोटी उड़ान के लिए भारत सरकार ने बिहार के विभिन्न जिले का चयन किया है। उसमें मुंगेर के अलावा बेतिया, बेगूसराय, बिहटा, भभुआ, भागलपुर, बिहार शरीफ, बिहटा, बीरपुर, बक्सर, छपरा, रोहतास, फारबिसगंज, हथुआ, जहानाबाद, जोगबनी,कटिहार, किसनंज, मधुबनी, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, रक्सौल, सहरसा ओर वाल्मीकि नगर शामिल है।



**विभाग को सौंपी जाएगी रिपोर्टः** इसको लेकर भारत सरकार ने बिहार के मुख्यमंत्री और स्थानीय सांसद और विधायक को भी पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी दे दी है। छोटी उड़ान भरने के लिए जिन जिलों का चयन किया गया है, वैसे जगह का पहला चरण में सर्वे होगा। इसके बाद नवी की जाएगी और यह दोनों कार्य होने के बाद विभाग को इसकी रिपोर्ट कॉपी जाएगी। इतना ही नहीं, इन सभी जगह पर विभाग के अधिकारी जांच के लिए आएंगे। हालांकि, यह कितनी की लागत से बनेगा अभी इसका खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन अगर मुंगेर से चार्टर प्लेन उड़ती है, तो इससे खासकर जिले का काफी विकास होगा और जहां-जहां बिहार में अभी हवाई जहाज उड़ रही है वैसे जगह पर लोगों को आवाजाही करने के लिए अब सड़क रास्ता का सहारा नहीं लेना होगा और इससे समय की भी बचत होगी। हालांकि, इस काम के लिए मुंगेर के सांसद ललन सिंह और मुंगेर विधायक प्रणव कुमार ने भी लगातार मांग उठाई है, जिसका नतीजा है कि आज भारत सरकार ने मुंगेर को भी इस में शामिल किया गया है। हालांकि, इसका लोग नए वर्ष में फायदा उठा पाएंगे।

**सफिया वाद स्थित हवाई अड्डा हो सकता है विकसितः** हालांकि, भारत सरकार ने अभी इस चीज का खुलासा नहीं किया है कि मुंगेर में किस जगह पर इसके लिए जगह का चयन हो सकता है। लेकिन, ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि साफियाबाद स्थित हवाई अड्डा को पुनः विकसित किया जा सकता है। क्योंकि, पूर्व में हवाई अड्डा का विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया है।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई- संख्या- DOPR/DE/ZP/Palamu 13/2023-24 (Retender 3rd Call)

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :- | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | दिनांक- 10.082024 (पूर्वाहन 10:00 बजे) |
| ई-निविदा प्राप्त करने की तिथि | :- | दिनांक- 10.08.2024 (पूर्वाहन 10:00 बजे) से दिनांक- 16.08.2024 (अपराहन 02:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | दिनांक- 17.08.2024 (अपराहन 03:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान | :- | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी | :- | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | पाटन | स्वास्थ्य उपकेन्द्र नौडीहा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 11/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |

नोट- 1. केवल ई-निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/-
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 332234 District(24-25)#D



## जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा

**नामांकन सूचना**

**डेयरी कृषकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम (APDF)**

झारखण्ड राज्य के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि Indira Gandhi Open University (IGNOU) के माध्यम से प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास), धुर्वा, सेक्टर-2, राँची में स्थापित अध्ययन केन्द्र (स्टडी सेन्टर कोड सं० 32023P) द्वारा संचालित दो माह का Awareness Programme on Dairy Farming (APDF) कार्यकमों सत्र 2024-25 के लिए नामांकन/निबंधन अपने अंतिम चरण पर है।

डेयरी कृषकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम (APDF)

इग्नू द्वारा संचालित दो माह का डेयरी कृषकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम (APDF) के सत्र 2024-25 का शुभारंभ आगामी सप्ताह से प्रस्तावित है। इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृषक जिला गव्य विकास पदाधिकारी के कार्यालय, गढ़वा से शीघ्र संपर्क स्थापित कर सत्र 2024-25 में अपना नामांकन/निबंधन सुनिश्चित करें।

| क0 | न्यूनतम योग्यता | 1. साक्षर 2. 18 से 55 वर्ष उम्र 3. गव्य पालन का अनुभव 4. न्यूनत्म पांच गाय की परिसंपत्ति |
|---|---|---|
| 1. | कोर्स अवधि | 02 माह (16 दिनों का Theory classes) |
| 2 | शिक्षण का माध्यम | हिन्दी एवं अंग्रेजी |
| 3 | नामांकन शुल्क विवरणी | 1. प्रशिक्षण शुल्क एवं अन्य विविध व्यय। 2. भोजन एवं आवासन की व्यवस्था निःशुल्क है। |
| 4 | नामांकन की अंतिम तिथि | 14.08.2024 तक/सीटें समाप्त होने तक |
| 5 | कुल सीटें | संबंधित जिलों के लक्ष्य अनुरूप (6-10 सीटे/जिला) |

प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, रांची अवस्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र में विद्यार्थियों के उपबोधन (Counselling) की अवधि में विद्यार्थियों के पठन-पाठन एवं आवासन के लिए पुस्तकालय, प्रयोगशाला, डेयरीफार्म, चारा प्रत्यक्षण फार्म, ऑडियो-विजुअल क्लास रूप तथा महिला एवं पुरूश के लिए अलग-अलग छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है।

**विशेष जानकारी एवं नामांकन के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा के मो0 नं0 9934347324 पर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।**

PR 332205 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)_D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गढ़वा



## जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा

**(प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता/दुग्ध मित्र एवं देशी/उन्नत नस्ल की बछिया पालकों के लिए आम सूचना)**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) का राज्यादेश सं० 17 रा० (वि०) दिनांकः- 16.07.2024 के आलोक में वित्तिय वर्ष 2024-25 में राज्य, जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर प्रगतिशील दुग्ध उत्पादक/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता/ दुग्ध मित्र एवं देशी/उन्नत नस्ल बछिया पालकों को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किये जाने की योजना है। उक्त योजना हेतु कोडरमा जिला के इच्छुक दुग्ध उत्पादक/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता/दुग्ध मित्र एवं दी/ उन्नत नस्ल बछिया पालकों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन निम्न विहित प्रपत्र में पूर्ण बायोडाटा, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल अपने डेयरी फार्म में करने, मौसमी हरा चारा का उत्पादन, जीवीकोपार्जन एवं आर्थिक स्थिति मजबूत होने संबंधी सफलता की कहानी तथा निर्मित गौशाला का स्वयं के साथ रंगीन फोटोग्राफ सहित (दो प्रतियों में) दिनांकः- 12.08.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा में समर्पित कर सकते हैं ताकि अंतिम चयन हेतु प्रस्ताव गव्य निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**प्रपत्र**

| क0सं0 | पशुपालक का नाम/पिता/पति का नाम | ग्राम | प्रखण्ड | जिला | जाति | वर्तमान में दूध देने वाली गाय/भैंस की सं० | प्रतिदिन दूध उत्पादन की मात्रा (ली0 में) | प्रति दुधारू मवेशी दूध उत्पादन (ली0 में) | दुधारू मवेशियों का नस्ल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | | | | | | | | |

| गौशाला की स्थिति (साफ-सफाई, Sanitization) | गौशाला में नई तकनीक का प्रयोग (Use of Mechanization) | मौसमी हरा चारा का उत्पादन (एकड़ में) | JMF द्वारा प्राप्त Milk Incentive | गव्य विकास योजनाओं से समन्वय | पशु स्वास्थय अति उत्तम/संतोषप्रद/सामान्य | दूध बिक्री की व्यवस्था | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

नोटः- 1. आवेदक अपना आवेदन के साथ बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड की स्व-हस्ताक्षरित छाया प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।
2. वैसे पशुपालक जिन्हें इस योजना के तहत पूर्व में पुरस्कार प्रदान किया गया है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।
विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

PR 332209 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गढ़वा

# कटिहार में भतीजा ने मारा चाकू, मौत:24 घंटे के अंदर 4 नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## जमीनी विवाद में किया मर्डर

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार में जमीनी विवाद के कारण चचेरे भतीजा समेत पूरे परिवार ने मिलकर एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया। तेज धारदार चाकू से कई जगह घायल कर दिया था। इसको इलाज के लिए कुर्सेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अर्जुन यादव को मृत घोषित कर दिया। घटना कुर्सेला नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 क है। यहां का निवासी अर्जुन यादव(50) को चाकू मारा गया है।

घटना की जानकारी कुर्सेला थाना को मिलते ही दलबल के साथ पहुंचे। वहीं, मृतक के बेटे अभिमन्यु ने अपने पिता की हत्याकांड को लेकर 5 नामजद अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वहीं, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर 4




अभियुक्त संजय कुमार, धनंजय कुमार, विकास कुमार और संजू देवी सभी कुर्सेला बस्ती कुरसेला थाना क्षेत्र निवासी को तेज धारदार खून लगा चाकू को घूरना स्कूल के पास मकई के ठठेरा से जब्त कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# नाबालिग से रेप मामले में पूर्व मंत्री वृषिण पटेल को राहत नहीं अग्रिम जमानत पर पर सुनवाई टली; पीड़िता को नोटिस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नाबालिग लड़की के यौन शोषण मामले में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और वैशाली लोक सभा के पूर्व सांसद वृषिण पटेल को कोर्ट से झटका लगा है। एबीपी के लिए दायर याचिका पर कोर्ट ने सुनवाई बुधवार को टाल दिया। विशेष पॉस्को कोर्ट दो सह एडीजे सात के न्यायालय में बुधवार को नाबालिग के यौन शोषण मामले में पूर्व मंत्री वृषिण पटेल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई की गई। इस मामले में आरोपी को बेल देने से पहले पीड़िता को अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा। कोर्ट ने पीड़िता को पक्ष रखने के लिए नोटिस भेजने का आदेश दिया है। अर्जी पर अब 17 अगस्त को सुनवाई करेगी। वृषिण पटेल बिहार के बड़े समाजवादी



नेताओं में एक माने जाते रहे हैं। उन्होंने लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, रामविलास पासवान सरीखे नेताओं के साथ काम किया है। वे जीतनराम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा में राजनीति की। इस हाई प्रोफाइल मामले में लोक अभियोजक अजय कुमार ने बताया कि पूर्व मंत्री की ओर से गत सोमवार को याचिका दाखिल की गई थी, जिसे पॉस्को कोर्ट दो में स्थानांतरित कर दिया गया था। पॉस्को कोर्ट दो के न्यायाधीश प्रशांत कुमार झा ने बुधवार को सुनवाई की। उन्होंने जमानत देने के पहले पीड़िता का भी पक्ष जानने की बात कही। उन्होंने उसे नोटिस भेजने का आदेश दिया। बता दें कि कुढ़नी की किशोरी ने दुष्कर्म करने का आरोप पूर्व मंत्री पर लगाया था। यह मामला मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र का है। प्रखंड क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी ने पिछले साल 24 नवंबर को पाक्सो कोर्ट में पूर्व मंत्री वृषिण पटेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है कि पटेल ने नौकरी और विधायक का टिकट दिलाने का झांसा देकर पटना बुलाया और कई बार उसका यौन शोषण किया। आरोप है कि वैशाली में एक सभा के दौरान पीड़िता की पटे से मुलाकात हुई। नौकरी दिलाने के पटना बुलाया और हवस का शिकार बनाया। मामले की कोर्ट में सुनवाई होने के बाद पीड़िता को केस उठाने के लिए धमकी दी गई। पीड़िता ने विशेष पाक्सो कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल कर पटेल पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता के वकील ने बताया कि इस मामले में पुलिस भी बेवजह दखलअंदाजी कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिम पोर्ट करा 4.5 लाख किया फ्रॉड

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सिम पोर्ट कराकर खबड़ा निवासी आदित्य कुमार के क्रेडिट कार्ड से साइबर शातिरों ने 4.5 लाख रुपखये का फ्रॉड कर लिया है। उन्होंने बुधवार की देर शाम में इसकी एफआईआर साइबर थाने में दर्ज कराई है। आदित्य ने पुलिस को बताया है कि उसे कॉल कर बताया गया था कि क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के लिए केवाईसी कराना होगा। इसके बाद घर पर दो युवक आए और केवाइसी के नाम पर मोबाइल सिम अपने नाम पर पोर्ट कर लिया। फिर क्रेडिट कार्ड से खरीदारी कर ली।

### सीएम ने बिहार की दिशा बदल दी : मंत्री

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के केरमा भाजपा प्रधान कार्यालय में बुधवार को केरमा मंडल अध्यक्ष आशुतोष कुमार पासवान की अध्यक्षता में कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें पंचायतीराज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र डायरी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इससे पहले वाली गठबंधन की सरकार में लूट, हत्या और दुष्कर्म चरम सीमा पर था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी विजय सिन्हा ने बिहार की दिशा बदल दी है। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। इस मौके पर जिला महामंत्री प्रभु कुशवाहा, विधानसभा प्रभारी मनीष कुमार, मंडल अध्यक्ष अनल झा, प्रमोद चौधरी, दीपक सिंह, अभिषेक कुमार प्रिंस, बिनोद दास, अवध चौधरी, अरविंद सिंह, बच्चन पासवान, डॉ. देव कुमार देव, राजेश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, उमेश कुंवर, विनय पासवान, मुखिया उदय साह, मुन्ना झा और दिलीप सिंह मौजूद थे।

### 11 दिन में पांचवां पुल गिरा, तेजस्वी बोले- बूझो तो जानें

**पटना, एजेंसी।** बाढ़ नियंत्रण विभाग के कटिहार प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता अनवर जमाल ने बताया कि बकिया सुखाय गांव के समीप गंगा का कटाव होने के कारण नदी की धारा ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा बनाए जा रहे पुल के समीप आ गयी। इसके कटाव के जद में आने से पुल के दो पाया के बहने की सूचना मिल रही है। इसकी जानकारी भी ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को दी गई है। ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से भी कटाव निरोधक कार्य किया जाएगा।

### विधायक ने किया एसएफसी गोदाम और अस्पताल का निरीक्षण

**छपरा, एजेंसी।** मांझी के माकपा विधायक डॉ सत्येंद्र यादव ने बुधवार को जलालपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएफसी गोदाम व सामुदायिक अस्पताल का निरीक्षण किया व अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। वह सबसे पहले एसएफसी गोदाम पर पहुंचे जहां गोदाम बंद पाया गया। इसके बाद उन्होंने गोदाम प्रबंधक को फोन कर स्टाक के बारे में जानकारी ली व कहा कि सीएमआर चावल किसी भी डीलर को नहीं दी जाए व उसना चावल गोदाम में मंगाया जाए। घटिया चावल या गेहूं किसी भी स्थिति में नहीं दिया जाए। उन्होंने सीएमआर व उसना चावल व कहा कि अस्पताल के चिकित्सक बाहर की दवा नहीं लिखें। साथ ही रोगी कल्याण समिति में बीस साल से सदस्य रहे प्रभुनाथ सिंह को शीघ्र हटाने का निर्देश दिया। इसके अलावा एक्सरे सुविधा चालू करने की पहल करने का निर्देश दिया। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि मशीन व प्लेट रहने के बावजूद छह महीने से टेक्नीशियन नहीं रहने के कारण एक्सरे सेवा बंद है। मौके पर अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. साजन कुमार, भाकपा नेता नागेंद्र राय, पूर्व मुखिया दिनेश पंडित, राजेश राय, संजय राय, जहूर मियां, कुणाल कुमार व अन्य थे।

# बिहार में बिजली की किल्लत नहीं? पावर सेक्टर में ऑस्ट्रेलिया करेगा निवेश, नीतीश से मिलेगी टीम



**पटना, एजेंसी।** बिहार में गैर परम्परागत बिजली उत्पादन के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया ने निवेश करने की इच्छा जताई है। कोलकाता में आस्ट्रेलिया के कांसुलेट जनरल एच ब्वायलान ने इस संबंध में सूबे के ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव से मिलने के लिए समय मांगा है। कांसुलेट जनरल दो दिवसीय दौरे पर 12 और 13 अगस्त को बिहार आ रहे हैं। दो दिवसीय दौरे में कांसुलेट जनरल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित अन्य मंत्रियों से भी मिल सकते हैं।

बिहार में बिजली के क्षेत्र में हो रहे कार्यों से आस्ट्रेलिया भी अवगत है। चूंकि राज्य में गैर परम्परागत बिजली उत्पादन की असीम संभावना है। बिहार सरकार जल-जीवन-हरियाली मिशन के तहत भी गैर परम्परागत बिजली को बढ़ावा दे रही है। अब तक 3500 से अधिक सरकारी भवनों पर सोलर पावर प्लांट लगाए जा चुके हैं। आगामी दो वर्षों में नौ हजार सरकारी भवनों में सोलर प्लेट लगाने की योजना की मंजूरी दी गई है। देश-विदेश की कंपनियों को आमंत्रित किया गया है कि वे बिहार आकर इस क्षेत्र में निवेश करें।

इसे देखते हुए ही आस्ट्रेलिया के कांसुलेट जनरल ने बिहार में निवेश करने को लेकर ऊर्जा मंत्री से मिलने का समय मांगा है। इस मुलाकात के दौरान ऊर्जा मंत्री बिहार में गैर परम्परागत बिजली के क्षेत्र में मौजूद असीम संभावनाओं पर उनसे विमर्श करेंगे। अगर आस्ट्रेलिया ने निवेश करने की इच्छा व्यक्त की तो उसे बिहार सरकार की ओर से हर संभव सहायता भी दी जाएगी।

गौरतलब है कि बिहार में गैर परम्परागत बिजली का भरपूर उत्पादन हो सकता है। खासकर सोलर के क्षेत्र में बिहार में असीम संभावनाएं हैं। केंद्र सरकार की ओर से किए गए हालिया सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार बिहार में 16 हजार मेगावाट गैर परम्परागत बिजली का उत्पादन हो सकता है। केंद्र सरकार ने बिहार में 11 हजार 200 मेगावाट सोलर बिजली का उत्पादन होने की संभावना जताई है। इसके अलावा राज्य में 3650 मेगावाट पवन ऊर्जा का उत्पादन हो सकता है। राज्य में नदी-नहर की भरमार है। बड़ी जलविद्युत परियोजना को छोड़ भी दें तो छोटी-छोटी इकाई लगाकर पनबिजली उत्पादित की जा सकती है। छोटी इकाईयों से 527 मेगावाट पनबिजली का उत्पादन हो सकता है। बिहार में बायोमास की भी संभावना है और इससे 619 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो सकता है। सहायक इकाईयों से बिहार में 300 मेगावाट बिजली उत्पादित की जा सकती है। जबकि वेस्ट (बेकार) पदार्थ से राज्य में 73 मेगावाट बिजली उत्पादित हो सकती है।

# गरीब रथ का बदला लुक, नहीं दिखेंगे ग्रीन डिब्बे:एलएचबी कोच के साथ चलेगी ट्रेन

## 72 की जगह 80 होगी सीट; साइड मिडिल बर्थ नहीं होंगे




**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के रास्ते रेलवे मंडल के सहरसा अमृतसर के बीच चलने वाली 12203/04 सहरसा अमृतसर गरीब रथ का लुक बदल गया है। अब इस ट्रेन में ग्रीन बोगी दिखाई नहीं पड़ेगी। आज से ट्रेन एलएचबी कोच के साथ चलेगी। इस ट्रेन में अब कोई पेनफुल साइड मिडिल बर्थ नहीं होंगे। आधुनिक एलएचबी कोचों ने गरीब रथ की सुंदरता को बढ़ाई है और यह यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक यात्रा प्रदान करता है। ट्रेन में एलएचबी कोच लगाए जाने से यात्रियों की सुरक्षा के साथ ही सुविधा में विस्तार हुआ है। कोच की संख्या चार बढ़ा दी गई है। सीट 72 से 80 हो गई।

**13 कोच थर्ड एसी के होंगे :** डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे ने गरीब रथ एक्सप्रेस की संरचना भी बदल दी है। संशोधित संरचना के अनुसार, 13 एयर कंडीशन-तृतीय श्रेणी, 4 चेयर कार कोच और दो जनरेटर वैन होंगे। ट्रेन में सबसे उल्लेखनीय परिवर्तन एसएमबी (साइड मिडल बर्थ) को हटाना है। डीआरएम ने बताया कि किराये में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यात्री पहले की तरह ही किराया देंगे।

**ट्रेन में बढ़ गई कोचों की संख्या :** अब यात्री नए एलएचबी गरीब रथ रेक से लाभान्वित होंगे। क्योंकि बर्थ और कोचों की संख्या बढ़ गई है। पहले, गरीब रथ में 13 कोच थे लेकिन अब चार और कोच जोड़े गए हैं। इसके अलावा, प्रत्येक कोच में बर्थों की संख्या 72 से बढ़ाकर 80 कर दी गई है। जिससे अभी ट्रेन में ज्यादा यात्री सफर कर पाएंगे।

**वर्ष 2005 से शुरू हुई थी गरीब रथ :** गरीब रथ 2005 में शुरू हुई थी। अब तक एसएमबी, अक्सर असहज और असुविधाजनक माने जाते रहे हैं। यात्रियों के बीच असंतुष्टता का स्रोत रहे हैं। अब यात्री सामान्य 3 एसी की तरह यात्रा कर सकेंगे। इसमें थर्ड एसी के 13, चेयर कार-4 और 2 पावर कार होंगे। ट्रेन रविवार, सोमवार और वृहस्पतिवार को सहरसा से चलेगी।

# कवि सुभाष गुप्ता की कविताओं में देशभक्ति के इश्क का रंग सबसे गहरा

निज संवाददाता

**पटना।** भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी तथा युवा कवि-शायर सुभाष गुप्ता की नई पुस्तक अनवरत इश्क का लोकार्पण एवं पुस्तक विमर्श कार्यक्रम का आयोजन बिहार खादी मॉल सभागार में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री किसान चाची राजकुमारी देवी, टिकुली आर्ट के वरिष्ठ पेंटर पद्मश्री अशोक विश्वास सहित शहर के प्रमुख बुद्धिजीवी लेखक कलाकार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक सांस्कृतिक संस्था सामयिक परिवेश और नवगीतिका लोक रसधार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत और विषय प्रवेश करते हुए सामयिक परिवेश की राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार ममता मेहरोत्रा ने कहा कि सुभाष गुप्ता विदेश सेवा में रहने के साथ-साथ रचनात्मक



गतिविधियों से लगातार जुड़े रहे हैं। अनवरत इश्क उनकी तीसरी पुस्तक है। इससे पहले अनवरत सफर और अनवरत मौसम के माध्यम से वह साहित्यिक जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। तुर्की सूडान और आस्ट्रिया सहित अनेक देशों में काम कर चुके सुभाष गुप्ता सूरीनाम में भारत के राजदूत नामित किए गए हैं। मूलतः बिहार के रहने वाले सुभाष गुप्ता के सूरीनाम में भारत के राजदूत नामित किए जाने से पूरे बिहार का गौरव बढ़ा है। कार्यक्रम में कवि सुभाष गुप्ता ने अपने तीसरे कविता संग्रह अनवरत इश्क की कई कविताओं का पाठ किया जिनमें उन्होंने इश्क के अलग-अलग रंग बिखेरे। देश की माटी से जुड़ी कविताओं में जो इश्क का रंग दिखा उसे पर श्रोताओं ने सबसे ज्यादा वाहवाही की।

होठों पर कौमी तराने
हर दिल में ईमान रखते हैं
हमवतन सर पे कफन
हाथों में जान रखते हैं।
फख्र है जमहूरियत के
सालगिरह के जश्न का
हरदम मंजिलों पर
तिरंगा का निशान रखते हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कवयित्री भावना शेखर ने कहा कि सुभाष गुप्ता की रचनाएं देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हैं। उन्होंने देश का परचम धरती के हर कोने में लहराया है। उनकी कविताओं में इसके कई रंग है लेकिन देशभक्ति का रंग सबसे ज्यादा गहरा है। किसान चाची ने कहा कि सुभाष गुप्ता जी ने बिहार का नाम रोशन किया है। वरिष्ठ साहित्यकार शिवदयाल ने भी कवि सुभाष गुप्ता को उच्च कोटि का रचनाकार बताया। पद्मश्री अशोक विश्वास ने कहा कि काव्य कला है या चित्रकला, अभिव्यक्ति के ये सशक्त माध्यम हैं। दूसरा सत्र कविताओं को समर्पित रहा। डॉ शिवनारायण की अध्यक्षता और सिद्धेश्वर के संचालन में आयोजित काव्य गोष्ठी में समीर परिमल, नसीम अख्तर, रूबी भूषण,मधुकर मिश्रा, ममता राज प्रिया, पंकज प्रियम, राहुल कुमार, निशांत, अविनाश बंधु, आदि ने अपनी कविताओं का पाठ किया।

# पितृपक्ष श्राद्ध 17 सितंबर से, गया में अभी से होटलों की बुकिंग शुरू; पंडे करा रहे पूरी व्यवस्था



**गया , एजेंसी।** पितृपक्ष मेला-2024 की शुरुआत 17 सितंबर से होगी। एक पखवाड़े तक चलने वाले पितृपक्ष मेले में श्राद्ध के दौरान पितरों को मोक्ष दिलाने के लिए देश-विदेश से पिंडदानी आएंगे। त्रिपाक्षिक 17 दिनों से लेकर एक दिन का कर्मकांड करेंगे। इनमें 17, सात, पांच और तीन दिन वाले गया में ठहर कर कर्मकांड करते हैं। त्रिपाक्षिक श्राद्ध हरियाणा और राजस्थान के मारवाड़ी परिवार ही करते हैं। इनकी संख्या करीब पांच हजार होती है। गया में 10 दिन रहकर अलग-अलग तिथियों की वेदियों पर जाकर पूरे विधान के साथ पिंडदान करते हैं। यही कारण है कि मारवाड़ी समाज के लोग होटलों की बुकिंग कराने में लग गए हैं। हरियाणा हो या राजस्थान वे सभी अपने-अपने पंडाजी से संपर्क में हैं। उनके माध्यम से आवासन की व्यवस्था करावा रहे हैं। मुख्य रूप से बोधगया में होटलों की बुकिंग करा रहे हैं। कुछ गया शहर में होटल या बढ़िया धर्मशाला में भी रहकर 17 दिनों वाला पिंडदान करेंगे।

## पूछताछ लिए पंडों के पास रोज आ रहे हैं 50 से 100 फोन

प्रसिद्ध गयापाल व श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभूलाल विट्ठल व सचिव गजाधर लाल पाठक ने बताया कि गयाजी में 17 दिनों तक रहकर पिंडदान करने वाले मारवाड़ी परिवार आवासन की व्यवस्था करा रहे हैं। होटल या धर्मशाला की बुकिंग करा लिए हैं या करा रहे हैं। होटल सहित अन्य जानकारी के लिए प्रतिदिन 50 से 100 फोन आ रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से त्रिपाक्षिक या तीन व पांच दिन पिंडदान करने वाले होते हैं। ये मुख्य रूप से आवासन और पिंडदान की व्यवस्था के बारे में पूछ रहे हैं।

## पितृपक्ष मेले को अंतरराष्ट्रीय मेला घोषित करें, मांझी ने लिखा खत

होटल एसोसिएशन बोधगया के सचिव संजय सिंह ने बताया कि यहां के अधिकतर होटलों में पितृपक्ष को लेकर बुकिंग हो रही है। इनमें मारवाड़ी समाज की संख्या अधिक है। अभी 25 से 30 फीसदी बुकिंग हो चुकी है। गया स्टेशन के होटल संचालक अनिल कुमार ने बताया कि पितपृक्ष को लेकर बुकिंग पिछले माह से शुरू है। करीब 80 फीसदी रूम तो सभी तिथि के लिए बुक हैं। इनमें तीन दिन वाले अधिक हैं। 17 दिन वाले बोधगया में ज्यादारुकतेहैं।

# करगिल चौक से साइंस कॉलेज के बीच दिसंबर तक डबलडेकर फ्लाईओवर का निर्माण पूरा होगा

**पटना, एजेंसी।** जेपी गंगा पथ से अशोक राजपथ के बीच कृष्णा घाट कनेक्टिविटी सितंबर में चालू होगी। बुधवार को निरीक्षण के दौरान डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने निर्माण एजेंसी को तेजी से काम पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि दिसंबर या जनवरी तक करगिल चौक से पटना साइंस कॉलेज तक डबलडेकर फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो जाएगा।



डबलडेकर फ्लाईओवर और कृष्णा घाट संपर्क पथ बनने से पटना विवि के छात्रों, शिक्षकों, प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ पीएमसीएच में आने वाले मरीजों और चिकित्सकों को विशेष सुविधा मिलेगी। ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इससे पहले उन्होंने मेट्रो और पुल निर्माण निगम के अधिकारियों को आपसी सहमति से साइंस कॉलेज के पास निर्माण कार्य के एलाइनमेंट की समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया।

## 2025 तक मेट्रो सेवा शुरू होगी

डीएम ने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। कहीं भी जमीन संबंधी बड़ी समस्या नहीं है। सदर एसडीओ और एसडीपीओ को मेट्रो के साथ समन्वय स्थापित कर छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया गया है। जनता को 2025 में मेट्रो के पहले फेज की सुविधा प्राप्त हो जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गुमला, लातेहार समेत झारखंड के 4 जिलों में गरज के साथ वज्रपात की चेतावनी



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के कम से कम 4 जिलों में अगले एक से तीन घंटे में वज्रपात की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है. मौसम विभाग ने कहा है कि गुमला, लातेहार, चतरा और सरायकेला-खरसावां जिले में गरज के साथ वज्रपात होने की संभावना है. वर्षा भी होगी. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र की ओर से इस संबंध में येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम पूर्वानुमान पदाधिकारी की ओर से जारी इस तात्कालिक मौसम चेतावनी में कहा गया है कि इन 4 जिलों में हल्के दर्जे की मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना है.मौसम विभाग की ओर से कुछ दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं. कहा गया है कि मौसम को देखते हुए लोगों से आग्रह है कि वे सतर्क और सावधान रहें. सुरक्षित जगहों पर शरण ले लें. पेड़ या बिजली के खंभों से दूर रहें. किसानों को खेत में नहीं जाने की भी सलाह दी गई है.इसके पहले भी मौसम विभाग की ओर से 3 तात्कालिक चेतावनी जारी की गई थी, जिसमें कहा गया कि देवघर, जामताड़ा, लोहरदगा और सिमडेगा जिले में वर्षा एवं वज्रपात होने की संभावना है. सुबह से अब तक 4 चेतावनी मौसम विभाग की ओर से जारी हो चुकी है.

### जदयू कार्यकर्ताओं की डाड़ी प्रखंड स्तरीय बैठक हुई

**रामगढ़, एजेंसी।** जदयू कार्यकर्ताओं की डाड़ी प्रखंड स्तरीय बैठक डाड़ी ग्राम स्थित मनोज राम के आवास पर हुई। बैठक में मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष कुमेश्वर महतो, हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाहा, युवा जदयू के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक उपस्थित थे। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पंचायत अध्यक्षों से बूथों की स्थिति पर चर्चा की गई। इसके बाद प्रखंड के पंचायत कमेटी का 15 अगस्त तक पुर्नगठन करने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए रेलीगढ़ा पूर्वी, रेलीगढ़ा पश्चिमी और हेसालोंग पंचायत चितरंजन कुमार, गिद्दी क, गिद्दी ख, गिद्दी ग टोंगी पंचायत प्रदीप रजक, बलसगरा, रबोध, होन्हेमोढ़ा, हुवाग पंचायत दिनेशेश्वर महतो, मिश्राईन मोढ़ा तिलकधारी महतो और प्रदीप रजक को जिममेवारी दी गई। इसके बाद डाड़ी प्रखंड स्तरीय सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिनेश महतो और संचालन युवा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अमित राम ने की। बैठक में सुबीर झा, चितरंजन कुमार, शंकर महतो, मनोज राम शिव कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता, धर्मेंद्र लोहारा, प्रेम कुमार राम, तालेश्वर महतो, जगदेव राम, गोपाल शर्मा, तिलकधारी महतो, देव राम, जय कुमार सोनी, लखन लाल चौधरी, सिकंदर महतो इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### देवघर के बाबा मंदिर में बेहोश हुआ 8 साल का नन्हा बम, मुंह से निकलने लगा झाग

**देवघर, एजेंसी।** बाबानगरी देवघर में लगातार कांवरियों का आना जारी है. हर दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालु यहां बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं. इसी दौरान बुधवार (7 अगस्त) को एक बाल बम के मुंह से झाग निकलने लगा. तत्काल पुलिस की मदद से उस बाल बम को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. राजकीय श्रावणी मेला क्षेत्र में बनाए गए स्वास्थ्य उपकेंद्र में डॉक्टरों ने 8 साल के नन्हे बम का इलाज शुरू किया. डॉक्टरों ने बताया कि बुधवार अहले सुबह 8 वर्षीय नन्हा बम चलते-चलते बेहोश हो गया. उसके मुख से सफेद झाग निकलने लगा. पुलिसकर्मियों के सहयोग से इस नन्हे बम को बाबा मंदिर स्वास्थ्य उपकेंद्र लाया गया. जैसे ही नन्हे बम को यहां लाया गया 5 डॉक्टरों की टीम ने उसका इलाज शुरू कर दिया. वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सत्रुघ्न सिंह ने तत्काल आईवी लाईन लगाकर जीवन रक्षक दवा दी. मौके पर उपस्थित चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से नन्हे बम का बेहतर इलाज संभव हो पाया. समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने के बाद बच्चा बम पूरी तरह से सुरक्षित है. इलाज के बाद इस बम को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया. कांवर लेकर बाबाधाम आए इस परिवार ने देवघर जिला प्रशासन और डॉक्टरों का समय रहते बच्चे के बेहतर इलाज के लिए आभार जताया.

# बुढ़मू में 6 वाहनों को किया आग के हवाले, बालू तस्करों में मचा हड़कंप, थानेदार समेत दो निलंबित

**बुढ़मू (रांची), एजेंसी।** रांची के बुढ़मू में मंगलवार की देर रात सुदूर छापर बालू घाट में अपराधियों ने अवैध बालू की निकासी करने पहुंचे छह वाहनों को आग के हवाले कर दिया। चार टर्बो, एक जेसीबी मशीन और एक ट्रैक्टर जलाए गए। रांची, रामगढ़, हजारीबाग जिले के सीमांत इलाके में इस घटना से बालू की तस्करी में लगे तस्करों और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।



पुलिस के अनुसार, मंगलवार की रात बारह बजे छह अपराधी बाइक पर घटनास्थल पर पहुंचे थे। सभी अपराधियों के हाथ में हथियार थे। उस वक्त दर्जनों वाहन चालक अवैध तरीके से बालू की निकासी में लगे थे। अपराधियों के पहुंचते ही सभी लोग वहां से भाग निकले।

अपराधियों ने मजदूरों, ड्राइवर व ग्रामीणों को धमकी भी दी। इसके बाद अपराधियों ने वाहनों को आग के हवाले कर दिया। अपराधियों ने लोगों को धमकी दी कि बिना सहमति के बालू की निकासी नहीं होनी चाहिए। ऐसा हुआ तो अंजाम ठीक नहीं होगा।

घटना की सूचना पाकर आइजी अखिलेश झा व ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने छापर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर बालू के डंप स्टाक को देखकर आइजी ने स्थानीय पुलिसकर्मियों को कड़ी फटकार लगाई व अग्रतर करवाई के दिशा-निर्देश दिए।

त्वरित करवाई करते हुए एसएसपी ने छुट्टी पर गए बुढ़मू थानेदार रामजी कुमार और थाना प्रभारी के प्रभार पर रहे एसआइ संतोष कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही नगड़ी थाना में पदस्थापित एसआइ रितेश कुमार महतो को बुढ़मू का नया थानेदार बनाया गया है। नए थानेदार ने योगदान दे दिया है।

वर्चस्व की जंग को लेकर हुई घटना बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर बालू घाट पर कई वर्षों से वर्चस्व कायम करने की होड़ उग्रवादी और अपराधियों के बीच मची हुई है। इस वजह से बुढ़मू में आए दिन उग्रवादी और अपराधियों में झड़प होती है।

छापर घाट से प्रतिदिन उग्रवादी, पराधी, पुलिस से लेकर सफेदपोशों तक के नाम पर अवैध बालू का कारोबार चल रहा है। अवैध बालू के कारोबर में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी, जेजेएमपी, अपराधी गिरोह अमन साहू, भोला पांडेय गिरोह, विकेश तिवारी और आलोक का गिरोह सक्रिय है।

बुढ़मू थाना से 28 किमी दूर है घटनास्थल छापर बालू घाट झारखंड दामोदर नदी पर है। बुढ़मू थाना से 28 किमी दूर रांची, हजारीबाग व रामगढ़ जिले के सुदूर क्षेत्र में स्थित है। इस बालू घाट का नियमित कभी टेंडर नहीं हुआ, लेकिन पिछले दस साल से यहां से बालू का निकासी हो रही है।

टीएसपीसी से अलग हुए दो गुट आलोक गिरोह और विकेश तिवारी गिरोह ने घटना की जिम्मेदारी ली है। पुलिस के अनुसार, आलोक गिरोह ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया है।पुलिस भी इसी दिशा में छानबीन कर रही है। पुलिस का कहना है कि आलोक और अन्य अपराधी पहले टीएसपीसी के लिए काम करते थे। बाद में संगठन से हटकर अपना गिरोह तैयार कर लिया। पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं छापर बालू घाट में वर्चस्व की जंग को लेकर लगातार घटनाएं घट रही हैं।

अपराधियों ने बीते 10 जुलाई को रात में दो ट्रैक्टर को जला दिया था। सितंबर में हाइवा ट्रक, दिसंबर 2023 में चार बाइक में आग लगा दी गई थी। पिछले 21 जुलाई को इसी बालू घाट में आलोक गिरोह और टीएसपीसी के सदस्यों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें सात लोगों के हाथ पैर टूट गए थे।

## भाजपा छोड़ कांग्रेस से चुनाव लड़ने पर विधायकी गंवाने वाले जयप्रकाश पटेल को झारखंड हाईकोर्ट से झटका

**रांची , एजेंसी।** दल-बदल मामले में झारखंड विधानसभा की सदस्यता गंवाने वाले मांडू क्षेत्र के पूर्व विधायक जयप्रकाश पटेल को झारखंड हाईकोर्ट से तत्काल कोई राहत नहीं मिल पाई है। झारखंड विधानसभा के स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के ट्रिब्यूनल ने 25 जुलाई को जयप्रकाश पटेल की विधायकी रद्द कर दी थी। पटेल ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई।अदालत ने स्पीकर ट्रिब्यूनल के फैसले पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, इस याचिका पर सुनवाई आगे जारी रहेगी। इसे लेकर शिकायतकर्ता झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को नोटिस जारी किया गया है। जयप्रकाश पटेल वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा के लिए चुने गए थे। इस साल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ले ली थी और उसके टिकट पर हजारीबाग लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे। पार्टी बदलने के बावजूद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया था। इसे लेकर विधानसभा में भाजपा विधायक दल एवं प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने उनके खिलाफ स्पीकर के ट्रिब्यूनल में दल-बदल की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उनकी विधायकी समाप्त कर दी गई थी।जयप्रकाश पटेल ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा है कि स्पीकर ट्रिब्यूनल ने उनका पक्ष पूरी तरह सुने बिना फैसला दिया है, इसलिए उनकी विधानसभा सदस्यता बहाल की जानी चाहिए। बता दें कि दल-बदल के मामले में स्पीकर ट्रिब्यूनल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोरियो क्षेत्र के विधायक लोबिन हेंब्रम की भी सदस्यता रद्द की है।

## यूपी का शातिर चोर झारखंड में गिरफ्तार, ट्रेन के एसी कोच में महिला यात्रियों के पर्स-बैग पर रखता था पैनी नजर



**चक्रधरपुर, एजेंसी।** चक्रधरपुर रेल मंडल के आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने ट्रेनों में चोरी और लूट करने वाले एक अंतरराज्यीय 40 वर्षीय शातिर चोर को गिरफ्तार कर चाईबासा जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, चोर ने अब तक अलग-अलग राज्यों के कई ट्रेनों में 37 चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चक्रधरपुर जीआरपी थाना में थाना प्रभारी सुहैल खान ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर आरोपी चोर को मीडिया के सामने पेश किया और कई जानकारियां दी हैं। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रेनों में चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक का नाम रघु खोसला है। वह उत्तर प्रदेश के खुशहाल पार्क, लोनी थाना जिला गाजियाबाद का रहने वाला है। आरोपी रघु खोसला ट्रेनों के एसी टू या फिर एसी वन में टिकट लेकर यात्रा करता था। उसका निशाना ट्रेनों में एसी कोच में सफर करने वाली महिलाएं होती थीं। पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों रघु खोसला ने बीते 7 और 8 जुलाई को टाटानगर के पास ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के एसी कोच में एक कैंसर पीड़ित महिला यात्री का पर्स चोरी कर ट्रेन की चेन पुलिंग करके भाग गया था। मामले में यात्रियों ने रेलवे से शिकायत भी की थी। इसके बाद आरपीएफ उड़न दस्ता और टाटानगर आरपीएफ की टीम ने बीती 6 अगस्त को तकनीक का इस्तेमाल करते हुए आरोपी चोर रघु खोसला को बेनकाब कर उसे धर दबोचा। पुलिस के अनुसार, आरोपी रघु ने अपना गुनाह भी कुबूल लिया है। आरोपी रघु खोसला ने पूछताछ में बताया है कि वह महिला यात्रियों के पर्स-हैंडबैग में मिलने वाले जेवरात राउरकेला के एक दुकानदान को बेच दिया करता था। की उसने ट्रेन में महिलाओं के कई हेंडबैग चुराकर उसमें रखे नगद रुपये, सोना चांदी के जेवरात, एटीएम कार्ड आसी चीजों पर हाथ साफ किया है। उसने चोरी के सोने के जेवरात को राउरकेला के एक दुकानदार के पास भी बेचा है। पुलिस ने बताया कि चोरी के आरोप में पकड़ा गया रघु खोसला बेहद शातिर है। उसने सिर्फ झारखंड में ही नहीं, बल्कि देश के उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, ओडिशा, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में भी ट्रेनों में चोरी और लूट की घटना को अंजाम दिया है।जीआरपी ने तफ्तीश के बाद आरोपी से जुड़े इस तरह के 37 मामलों की पुष्टि भी कर दी है। रघु इतना शातिर और हाजिर जवाबी है कि उसने खुद को बचाने के लिए एक फर्जी प्रेस आईडी कार्ड भी बनवा रखा था। अंतरराज्यीय शातिर चोर को पकड़ने में आरपीएफ पीएस सेल के निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, चक्रधरपुर आरपीएफ थाना प्रभारी विक्रम सिंह, आरपीएफ फ्लाइंग स्क्वाड एएसआई बलबीर प्रसाद, जीआरपी सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार दुबे, बागुन मुनरी सहित पुलिस बल का अहम योगदान रहा।

## जिला में खाद्य आपूर्ति विभाग फेल : डॉ. लकड़ा

**चाईबासा, एजेंसी।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने कहा है कि पश्चिमी सिंहभूम में खाद्य आपूर्ति विभाग फेल है। लोगों को सही चावल नहीं मिल पा रहा है। पीडीएस दुकानदार लाभार्थी को 2 से 3 किलो कम चावल दे रहे हैं और एफसीआई गोदाम में 45 किलो राशन दिया जा रहा है और फाइल में लिखा जा रहा है 50 किलो। सब जगह लीपापोती हो रहा है। डॉ. लकड़ा बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम के दौरे के क्रम में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी दे रही थीं।



उन्होंने बताया कि जिले में तीन डीएफओ हैं। सबने बताया कि कितनो को वन पट्टा दिया गया,लेकिन पूछने पर कोई नहीं बता पाए कि वनपट्टा के तहत एक व्यक्ति को कितनी जमीन दी गयी है। उन्होंने जिले में कल्याण विभाग के कार्यकलापों पर भी असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग के कार्यों कि स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्होंने तीन छात्रावासों का निरीक्षण किया। सभी जगह स्थिति खराब है, बोरिंग है, पर पीने का पानी नहीं है। मोटर खराब है। शौचालय खराब है। आरओ नहीं है। टाटा कॉलेज और महिला कॉलेज की छात्रावास कंडम घोषित करने की स्थिति में है। बेड नहीं है, जेनरेटर नहीं है।

उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में जिले के अधिकारी नहीं बता पाएं कि जिले में कितना नामांकन हुआ है, कितने आदिवासी बच्चे हैं और कितने ड्राप आउट हैं। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में प्राइमरी स्कूलों में गरीब-गुरुबो के बच्चों का नामांकन जाति प्रमाणपत्र के नहीं होने के कारण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के एडमिशन में जाति प्रमाण पत्र नहीं मांगा जाए।

डॉ. लकड़ा ने बताया कि पुलिस विभाग को निर्देश दिया गया है कि जिले के सभी 26 थानों में एससी-एसटी एक्ट के केस का एफआईआर लिया जाए। उसी दिन या दूसरे दिन जिला में भेजा जाए। चार्जशीट हो और 90 दिनों मे निष्पादन किया जाए। आयोग कि सदस्य ने बताया जिले में 20 अगस्त के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में मेगा कैम्प लगाने का निर्देश दिया गया है। इसमें ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच हो, दवाओं का वितरण किया जाए और सरकार के लाभों को जनता तक पहुंचाया जाए। बैठक में उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईटीडीए स्मृति कुमारी, अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, सहायक समाहर्ता अर्नब मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ साहिर पॉल सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों व जिला स्तरीय सभी विभागों के योजनाओं में प्रगति से संबंधित समीक्षा की गयी।

सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा क्रमवार सभी विभाग अंतर्गत संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। योजनाओं में अनुसूचित जनजाति की भागीदारी से संबंधित चर्चा की गई। उन्होंने सभी को जानकारी दी कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन अनुसूचित जनजातियों को शोषण के विरुद्ध सुरक्षा उपाय प्रदान करने के साथ-साथ उनके सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक हितों की रक्षा करने के लिए की गई है। शिक्षा विभाग के समीक्षा के क्रम में जिले में शिक्षक की उपलब्धता, विद्यालय भवनो की स्थिति एवं बच्चो को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेकर अभियान चलाकर सभी ड्राप बच्चों को शिक्षा से जोड़ने तथा आवसीय विद्यालयों में बच्चों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाए उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया।

## सारंडा के जंगल में नक्सलियों का तांडव, कर दिया आईईडी ब्लास्ट, कोबरा के एसआई बुरी तरह घायल

**चाईबासा, एजेंसी।** सारंडा क्षेत्र में के बीहड़ों में एक बार फिर से नक्सलियों ने पैर जमाना शुरू कर दिया है। 8 अगस्त की अहले सुबह नक्सलियों के खिलाफ सारंडा जंगल में सर्च आपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा एक आईईडी विस्फोट किया गया। जिसमें कोबरा 209वीं बटालियन के एसआई जितेंद्र दानी घायल हो गए है।



इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि भाकपा माओवादी नक्सलियों का जमावड़ा सारंडा के बालिबा गांव क्षेत्र के घने जंगलों में होने की जानकारी के बाद भारी संख्या में सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर, झारखंड पुलिस के जवान बुधवार को ही छोटानागरा के रास्ते बालिबा जंगल में प्रवेश किए।

गुरुवार की सुबह 7.30 बजे कोबरा व सीआरपीएफ के जवान बालिबा गांव से लगभग डेढ़-दो किलोमीटर दूर नक्सली कैंप की तरफ बढ़ रहे थे, तभी नक्सलियों ने जवानों को टारगेट कर एक आईईडी ब्लास्ट किया। इसमें बटालियन के एक एसआई जितेंद्र दानी घायल हो गए। घायल एसआई को घटनास्थल से सुरक्षित जगह लाकर बेहतर इलाज के लिए हेलिकाप्टर से रांची भेजा गया है। घटना के बाद जवान के बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर सुबह 9.30 बजे एसआई को लेने कोलाइबुरु मैदान में उतरा और उसे लेकर तुरंत रवाना हो गया। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सारंडा में मौसम भी काफी खराब है। यह काफी घना जंगल वाला क्षेत्र है। यहां छोटानागरा एवं जराईकेला थाना की सीमा लगती है।

छोटानागरा से सारंडा के उक्त जंगल में जाने के दौरान पोंगा-उसरुईया नदी के अलावे आना छोटे बड़े नाले हैं। जिसको पार कर घने जंगलों में जाना जवानों के लिए बड़ी चुनौती है। बीते दिनों सुरक्षा बल के जवानों ने सारंडा में नक्सलियों के एक कैंप पर मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया था। साथ ही दो नक्सलियों के गिरफ्तारी की गई थी।

उसके बाद से ही सुरक्षा बल के जवानों को हौसला काफी बुलंद है। कोल्हान और पोड़ाहाट जंगलों में लगातार सुरक्षा बलों के द्वारा सर्च अभियान चलाए जाने के बाद नक्सली के सिर्फ कमांडर अपने को सुरक्षित रखने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं नक्सलियों ने शरण जंगल को फिर से अपनी पनाह का बनाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन सुरक्षा बल के जवान लगातार अभियान चलाकर नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फेर रहे।

# मनोज कुमार अग्रवाल होंगे बीसीसीएल के नये डीटी, वर्तमान में एनसीएल के खड़िया एरिया में हैं पदस्थापित

**रांची, एजेंसी।** मनोज कुमार अग्रवाल बीसीसीएल के नये निदेशक तकनीकी (डीटी) होंगे. मंगलवार को पब्लिक इंटरप्राइजेज सेलेक्शन बोर्ड ने इंटरव्यू के पश्चात उनके नाम की घोषणा की. मनोज अग्रवाल वर्तमान में कोल इंडिया की सहायक कंपनी एनसीएल के खड़िया एरिया के जीएम पद पर पदस्थापित हैं. बताते चलें कि बीसीसीएल के पूर्व निदेशक तकनीकी उदय अनंत कावले का चयन फरवरी 2024 में एमसीएल के सीएमडी के पद पर हो गया था. इसके बाद से बीसीसीएल के डीटी (पीपी) की अतिरिक्त जिम्मेदारी सीएमपीडीआइ के डीटी एस नागाचारी संभाल रहे हैं. सभी क्लीयरेंस व मंत्रालय से अधिसूचना जारी होने के पश्चात श्री अग्रवाल पद पर योगदान देंगे.

मनोज कुमार अग्रवाल का स्थानांतरण 15 मार्च 2024 को सीसीएल से एनसीएल में किया गया था. एनसीएल स्थानांतरण से पहले श्री अग्रवाल सीसीएल के ढोरी एरिया के जीएम पद पर पदस्थापित थे. इससे पूर्व छह नवंबर 2023 को सीसीएल तथा सात नवंबर 2023 को एसइसीएल के डीटी के लिए हुए साक्षात्कार में भी शामिल हुए थे. बीसीसीएल के नये डीटी मनोज कुमार अग्रवाल ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पटना विज्ञान महाविद्यालय, पटना से 1985 बैच में पास की है. खनन में बीटेक, आइआइटी (आइएसएम), धनबाद 1986-1990 में किया. वहीं प्रथम श्रेणी प्रबंधक योग्यता प्रमाणपत्र धारक, डीजीएमएस व बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर (कार्यकारी एमबीए) भारतीय प्रबंधन विद्यालय रांची (2021-2023) हैं.

कोल इंडिया में सर्वश्रेष्ठ एरिया जनरल मैनेजर के लिए 'कोयला मंत्री पुरस्कार 2021-2022' प्राप्त किया. जबकि वित्त वर्ष 2016-17 में सीसीएल के सर्वश्रेष्ठ परियोजना अधिकारी से भी सम्मानित हो चुके है. भारत और विदेशों के दलित और पिछड़े लोगों के उत्थान से संबंधित सामाजिक सेवाओं के लिए 'डॉ अंबेडकर उत्कृष्ट सेवा राष्ट्रीय पुरस्कार-2020' और 'वीर बिरसा मुंडा राष्ट्रीय पुरस्कार-2021' से भी सम्मानित हो चुके हैं.



श्री अग्रवाल ने अगस्त 1990 में कोल इंडिया के साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में योगदान दिया था. जहां मार्च 1997 तक पदस्थापित रहे. इसके बाद अप्रैल 1997 से नवंबर 2011 तक सेक्शन इंचार्ज, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली में रहे. जबकि सीसीएल के पिपरवार ओपनकास्ट परियोजना प्रबंधक (खनन) के रूप में नवंबर 2011 से मई 2014 तक रहे. मई 2014 से जून 2017 तक डकरा, मगध और रोहिणी ओसीपी में बतौर परियोजना अधिकारी काम किया. इसके बाद जुलाई 2017 से जून 2024 तक सीसीएल के ढोरी, गिरिडीह, पिपरवार, राजहरा और एनके एरिया के जीएम रहे. 30 जून 2024 से एनसीएल के खड़िया एरिया के जीएम पर पदस्थापित है.बीसीसीएल डीटी पद के लिए पीइएसबी द्वारा आयोजित इंटरव्यू में विभिन्न कंपनियों के कुल 10 अधिकारी शामिल हुए. इसमें एसइसीएल के बैकुंठपुर एरिया के जीएम विद्यानाथ झा, इसीएल के जीएम (लैंड एंड रेवेन्यू) पार्थ सखा डे, एमसीएल के जीएम संजय कुमार झा, कोयला मंत्रालय के प्रोजेक्ट एडवाइजर आनंदजी प्रसाद, इसीएल के सोदपुर एरिया के जीएम अमितंजन नंदी, एनसीएल के अमरोही एरिया के जीएम आलोक कुमार, एनसीएल के खादिया एरिया के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के एक्जक्यूटिव डायरेक्टर (माइनिंग) उमेश सिंह, स्टील ऑथरिटी इंडिया लिमिटेड (सेल) चासनाला के जीएम इंचार्ज (पीएंडडी, इएंडएल) हनुमान प्रसाद शर्मा, मेसर्स जिदंल स्टील एंड पावर लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट निहार रंजन सतपथी और जीएचसीएल लिमिटेड के सीनियर जीएम धनंजय कुमार आदि शामिल थे. इनमें से मनोज कुमार अग्रवाल का चयन हुआ है.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### ईरान-इस्राइल आमने-सामने

ईरान, हमास और हिजबुल्ला की इस्राइल से बदला लेने की घोषणाओं के बीच मध्य पूर्व टकराव के एक नए दौर के मुहाने पर खड़ा दिख रहा है। पहले हिजबुल्ला के मिलिटरी चीफ फुआद शुकर का लेबनान के बेरूत में इस्राइली कार्रवाई में मारा जाना और फिर हमास के प्रमुख इस्माइल हानिया की तेहरान में हुई हत्या– इन दोनों घटनाओं ने अचानक इस क्षेत्र का तापमान काफी बढ़ा दिया है। आलम यह है कि कल तक शांति की जरूरत बता रही और इस दिशा में कोशिश कर रही शक्तियां भी फिलहाल संघर्ष के और तेज होने की आशंका के आगे लाचार दिख रही हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस जैसे तमाम देश अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने की अपील कर रहे हैं। भारत ने भी अपने नागरिकों को लेबनान से दूर रहने और जो पहले से वहां हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकलने को कहा है। इस्राइल में रह रहे भारतीयों से भी सतर्क रहने और प्रोटोकॉल्स का पालन करने को कहा गया है। ईरान की ओर से बार–बार कहा जा रहा है कि उसे जवाब देने का पूरा अधिकार है और वह इस अधिकार का इस्तेमाल निश्चित रूप से करेगा। दूसरी ओर इस्राइल भी हमले की आशंकाओं को लगभग स्वीकार करते हुए इसका सामना करने की तैयारियों में लग गया है। वहां नागरिकों को बताया जा रहा है कि हमला होने की स्थिति में किन–किन स्थानों को बम शेल्टर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही बन जाता है कि ईरान और उसके प्रॉक्सी संगठनों की तरफ से की जाने वाली कार्रवाई कितनी गंभीर होगी और इसके किस तरह के नतीजे सामने आएंगे। याद किया जा सकता है कि इसी साल अप्रैल में भी ईरान ने इस्राइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की थी। तब सीरिया के दमिश्क में इस्राइली कॉन्सुलेट पर हुई बमबारी का बदला लेने के लिए उसने इस्राइल पर 170 ड्रोन, 30 क्रूज मिसाइलें और 110 बैलिस्टिक मिसाइलें छोड़ी थीं। लेकिन इस कार्रवाई के बाद मामले को और बिगड़ने से बचा लिया गया था। क्या इस बार भी बात दोनों तरफ की सीमित और सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रहेगी? सभी पक्षों के मूड को देखते हुए फिलहाल इस उम्मीद में ज्यादा दम नजर नहीं आता, लेकिन यह बात भी सही है कि यूक्रेन और गाजा में चल रहे युद्धों के प्रत्यक्ष और परोक्ष नतीजों से जूझती दुनिया ईरान–इस्राइल के बीच एक और युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं है।

### मौसम से सावधान

कश्मीर से कन्याकुमारी तक मौसम की मार साफ तौर पर प्रकट होने लगी है। मौसम जनित त्रासदियों का भी दुखद दौर तेज चल रहा है और देश पूरी मजबूती से प्रतिकूल स्थितियों का सामना कर रहा है। जगह–जगह जलभराव है और गंदगी का भी साम्राज्य है, तो सबसे बड़ी चिंता बढ़ती बीमारियों की है। जहां बारिश ज्यादा हुई है, वहां भी और जहां बारिश कम हुई है, वहां भी नाना प्रकार की बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। राज्य सरकारें भी चिंतित हैं और केंद्र सरकार भी। सरकार ने भी यह मान लिया है कि इस वर्ष भारत में डेंगू के मामलों में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि देश भर में अब तक 32,091 डेंगू मामले सामने आए हैं, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में बहुत अधिक हैं। वैसे तो डेंगू के मामले आम तौर पर अक्तूबर में चरम पर होते हैं, लेकिन इस साल के रुझान से पता चलता है कि 31 जुलाई, 2024 तक मामलों की संख्या पिछले साल के इसी समय की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक है। चिंता यह हो रही है कि क्या आने वाले दिनों में डेंगू के मामले बहुत बढ़ जाएंगे? केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया है कि इस साल जून में ही डेंगू का प्रकोप बढ़ गया था। डेंगू के कारण देश भर में 32 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जिनमें सबसे ज्यादा 22 मौतें केरल में हुई हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी मौतें हुई हैं। देश में डेंगू के प्रकोप की स्थिति की नियमित समीक्षा और निगरानी शुरू हो गई है। यह जरूरी है कि स्थिति का आकलन, तैयारी, तकनीकी मार्गदर्शन पर ध्यान दिया जाए और राज्यों को सचेत किया जाए। अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ी है। दूसरी तरह के वायरल बुखार का भी प्रकोप बढ़ा है। अस्पतालों को अपने स्तर पर चाक–चौबंद रहने के साथ ही आम लोगों को भी सचेत रहना होगा। आसपास सफाई रखना और अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा का ध्यान रखना जरूरी है। यह बड़ा सवाल है कि बीमारियां क्यों बढ़ रही हैं? वैसे, जलवायु परिवर्तन ने भी दुनिया में बीमारियों को बढ़ावा दिया है।

## बांग्लादेश में फिर उभरेंगे कट्टरपंथी, शेख हसीना का तख्तापलट भारत के लिए अच्छी खबर नहीं

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको बता दें कि 2009 में शेख हसीना सरकार के आने के बाद से भारत और बांग्लादेश के संबंधों में प्रगाढ़ता आई थी। इससे पहले जब शेख हसीना 1996 से 2001 के बीच सत्ता में थीं तब भी भारत और बांग्लादेश के संबंध बेहतर रहे थे। बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में जान-माल और लोकतंत्र को भारी नुकसान के बाद आखिरकार शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हो ही गया। देश की कमान अब सेना के पास है और उसने अंतरिम सरकार का गठन करवाने की बात कही है। शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने के लिए बांग्लादेश में जिस तरह का अभियान चलाया गया उसने दूसरे इस्लामिक देशों के सत्ताधारियों की नींद उड़ा दी है। शेख हसीना का सत्ता से बाहर होना कट्टरपंथियों की बहुत बड़ी जीत है। यह जीत दर्शाती है कि दुनिया भर में हावी होते इस्लामिक कट्टरपंथी अब भारत के बगल में भी प्रभावी हो रहे हैं। दुनिया में कई इस्लामिक देश उदारवादी माने जाते हैं अब उन्हें यह खतरा सता रहा है कि यदि कट्टरपंथी उनके यहां भी हावी हुए तो वर्तमान सत्ताधारियों के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाकर उन्हें शासन से बाहर किया जा सकता है। जहां तक शेख हसीना की बात है तो उनके शासनकाल में पहली बार देश में हालात इस कदर बेकाबू हुए कि उन्हें इस्तीफा देकर अपना देश छोड़कर ही भागना पड़ा। शेख हसीना के खिलाफ इस समय नाराजगी भले चरम पर पहुँच चुकी थी लेकिन जब वह 2009 का आम चुनाव जीत कर प्रधानमंत्री बनी थीं तब उनकी लोकप्रियता देखने लायक थी। 2009 के बांग्लादेश चुनाव के नतीजों से सबसे बड़ा झटका शेख हसीना की मुख्य प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया को नहीं बल्कि कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी को लगा था। जमात-ए-इस्लामी वही संगठन है जिसने 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान का पक्ष लिया था। खालिदा जिया की सरकार के दौरान आतंकवादी संगठन बांग्लादेश में खूब फले-फूले थे और कट्टरपंथियों का वहां बोलबाला हुआ करता था। जमात-ए-इस्लामी के भी उस समय 20 सांसद हुआ करते थे।

> बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों को समझना होगा कि मूर्तियों को तोड़ने, सरकारी इमारतों को नुकसान पहुँचाने और किसी देश के विरोध में अभियान चलाने से देश की अर्थव्यवस्था सुधर नहीं जायेगी। बांग्लादेश में लोकतंत्र के नहीं रहने का सबसे बड़ा खामियाजा यह होगा।

यही नहीं, खालिदा जिया के जमाने में आतंकी तत्व बांग्लादेश की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ गतिविधियां चलाने में किया करते थे। उस समय उल्फा तथा कई अन्य उग्रवादी संगठनों के ठिकाने बांग्लादेश में हुआ करते थे। इस संबंध में जब भी भारत सरकार ने तत्कालीन बांग्लादेश सरकार को कार्रवाई के लिए कहा तब-तब खालिदा जिया की सरकार कह देती थी कि भारत की ओर से दी जा रही सूचनाएं गलत हैं। खालिदा जिया ने सत्ता से हटने के बाद काफी प्रयास किया कि वह दोबारा सरकार में लौट सकें लेकिन जनता ने उन्हें हमेशा खारिज किया। खालिदा जिया धीरे-धीरे मुख्यधारा की राजनीति से दूर हो गयीं जिससे ऐसे उत्पाती और आतंकी तत्वों के लिए अस्तित्व बचाने का सवाल खड़ा हो गया जोकि खालिदा जिया के शासन की छत्रछाया में पनपते थे। इन तत्वों ने सरकार के विरोध में योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाया और छात्रों को आगे कर वह अपना उद्देश्य हासिल करने में सफल रहे। बांग्लादेश में जो कुछ हुआ है वह वहां के लिए तो घातक है ही साथ ही भारत के लिए भी यह मुश्किल बढ़ने वाली बात है। भारत ने हालांकि बांग्लादेश सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी है लेकिन अब देश को चीन और पाकिस्तान की सीमा के अलावा बांग्लादेश सीमा पर भी काफी सावधानी बरतनी होगी। ढाका में दिल्ली समर्थक सरकार का नहीं रहना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। हम आपको बता दें कि 2009 में शेख हसीना सरकार के आने के बाद से भारत और बांग्लादेश के संबंधों में प्रगाढ़ता आई थी। इससे पहले जब शेख हसीना 1996 से 2001 के बीच सत्ता में थीं तब भी भारत और बांग्लादेश के संबंध बेहतर रहे थे। शेख हसीना ने बांग्लादेश की कमान संभालने के बाद कट्टरपंथियों पर लगाम लगाई थी और भारत विरोधी गतिविधियां संचालित कर रहे संगठनों पर भी अंकुश लगाया था। यही नहीं, शेख हसीना बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं को भी अक्सर सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाती रहती थीं और उनके धार्मिक आयोजनों में भी शामिल होती थीं। शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद हिंदुओं पर हमले बढ़ने और हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुँचाये जाने की आशंकाएं बलवती हो रही हैं। पहले भी वहां हिंदुओं पर वीभत्स हमले होते रहे हैं ऐसे में अब उनके लिए खतरा और बढ़ गया है। वैसे इसमें कोई दो राय नहीं कि शेख हसीना ने बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को भी संकटों से उबारा था लेकिन यह भी तथ्य है कि हाल के वर्षों में खासकर महामारी के बाद से देश की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाने लगी थी। बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के चलते शेख हसीना के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही थी। देखा जाये तो बांग्लादेश में मौजूदा अशांति का कारण सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियों की संख्या नहीं बढ़ना भी है। उस पर से बांग्लादेश सरकार के हालिया आरक्षण संबंधी फैसले से छात्रों में नाराजगी बढ़ गयी थी। इसके अलावा, बांग्लादेश के कपड़ा कारखाने पूरी दुनिया में मशहूर हैं लेकिन अब यह क्षेत्र सिकुड़ रहा है जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ा है। साथ ही बांग्लादेश में महंगाई के 10 प्रतिशत के आसपास बने रहने, बांग्लादेश के विदेशी मुद्रा भंडार के सिकुड़ते जाने और देश पर विदेशी कर्ज बढ़ते जाने जैसे कई अन्य कारक भी रहे जोकि शेख हसीना सरकार के खिलाफ आम जनता की नाराजगी बढ़ा रहे थे। उस पर से जब शेख हसीना ने यह कह दिया कि आरक्षण के विरोध में प्रदर्शन करने वाले लोग छात्र नहीं बल्कि इस्लामिक पार्टी, जमात-ए-इस्लामी और मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के लोग थे तो छात्रों का गुस्सा और भड़क गया। इसके बाद शेख हसीना ने और कड़ा रुख अपनाते हुए कह दिया कि जो लोग हिंसा कर रहे हैं वे छात्र नहीं बल्कि आतंकवादी हैं जो देश को अस्थिर करना चाहते हैं इसलिए सरकार उनके साथ सख्ती से निबटेगी। उनके इस बयान के बाद तो आंदोलनरत छात्रों ने आर पार की लड़ाई का मन बना लिया और आखिरकार वह अपने उद्देश्य को हासिल करने में सफल रहे। बांग्लादेश से जो दृश्य सामने आ रहे हैं वह दर्शा रहे हैं कि प्रदर्शनकारियों का मकसद सिर्फ सत्ता बदलना नहीं था। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के आवास और अन्य महत्वपूर्ण इमारतों में घुसकर प्रदर्शनकारियों ने जो हरकतें की हैं वह दर्शा रही हैं कि अब देश अराजकतावादियों के हाथ में चला गया है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के आवास में जिस तरह मस्ती करते या संपत्ति को नुकसान पहुँचाते युवकों का वीडियो सामने आया है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून बनाने में केंद्र की कोताही

(योगेंद्र योगी)

प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार और काले धन पर और अधिक कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सरकार ने जांच एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी आजादी दे दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्रवाई में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने में नाकाम रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई को लेकर याचिका पर सुनवाई स्वीकार करना स्वीकार कर लिया है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर कटाक्ष किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गुट को भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा बताया था। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर निशाना साधते हु कहा था कि विपक्षी नेता नोटों के बंडलों के साथ रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। झारखंड और बंगाल में ऐसे मामले उजागर हो रहे हैं। वे दिल्ली की जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि राजनीति में बदलाव के लिए आए लोगों ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। पीएम ने कहा था कि शराब घोटाला हो या नेशनल हेराल्ड घोटाला, भ्रष्टाचारियों से एक-एक पैसा वसूला जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। जिसने भी लूट की है, उसे जनता का पैसा वापस करना होगा। हम इस पर कानूनी राय लेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्ट लोगों के धन का एक्स-रे करेंगे। जिन्होंने लूट की है, उन्हें जेल जाना होगा। इतना ही नहीं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना एनडीए सरकार का एक मिशन है, न कि चुनावी लाभ का मामला। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और काले धन पर और अधिक कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सरकार ने जांच एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी आजादी दे दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्रवाई में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पहले आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ सबूतों के साथ गंभीर आरोप लगाने और बाद में लोकसभा चुनाव लडऩे के लिए उसके साथ गठबंधन करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बिना किसी झिझक के यह कहना चाहता हूं और देशवासियों को भी बताना चाहता हूं कि मैंने एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की पूरी आजादी दी है। सरकार कहीं भी हस्तक्षेप नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (जांच एजेंसियों को) ईमानदारी के लिए ईमानदारी से काम करना चाहिए। भ्रष्टाचार में लिप्त कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं पाएगा। यह मोदी की गारंटी है। विपक्षी सदस्यों के इस आरोप का जिक्र करते हुए कि सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगत मुलायम सिंह यादव जैसे विपक्षी नेताओं के बयानों का हवाला दिया, जिन्होंने यूपीए सरकार पर उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5456

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5455

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके लिए कार्यक्षेत्र में कुछ ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जिसमें आपको लाभ होगा। इससे व्यथित होकर साथियों का मूड खराब हो सकता है, क्योंकि आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है। आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को अपने अनुसार ढाल लेंगे और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### वृष
आज लाभ होगा और आपका दिन सम्मान के साथ बीतेगा। पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा और कोई विपरीत परिस्थिति देखकर खुद पर नियंत्रण रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं और आपके धन में वृद्धि होगी।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और आपका दिन सम्मान के साथ बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक आपको शुभ समाचार भी मिलेगा। सेहत के प्रति सावधान रहने की सलाह है, वरना मौसमी बीमारिया आपको घेर सकती हैं। शाम के समय किसी मेहमान के आने से हर्ष होगा।

### तुला
आज दिन शुभ है। उच्चाधिकारियों की कृपा से आपको प्रमोशन और वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकता है। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। शाम में परिवार के लोगों के साथ आप सुखी और खुशहाल रहेंगे। वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें। शाम के वक्त कोई घटना हो सकती है। सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें। पत्नी पक्ष से भी वांछित सिद्धि प्राप्त होगी।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ होगा। राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के करियर से जुड़े मामलों में पर ध्यान देंगे और कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। आप प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपके कई रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको पेट में काफी दर्द होगा। प्रियजनों के साथ हास्य परिहास में समय व्यतीत होगा। खानपान का विशेष ध्यान रखें।

### धनु
आज लाभ होगा और आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके मन में काफी संतोष रहेगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शीघ्रता और भावुकता में लिया गया निर्णय आपके लिए परेशानी लेकर आ सकता है। कोई भी काम संभलकर करें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। शाम से लेकर रात तक आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा।

### कर्क
आज लाभ के योग हैं और आपको शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त होने के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपके बोलने के तरीके से आपको सम्मान प्राप्त होगा। भागदौड़ अधिक रहने की वजह से मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा।

### सिंह
आज लाभ होगा और आपका पूरा दिन आनंद में बीतेगा। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों का बोझ कुछ कम होगा और आपका मन पढ़ाई में लगेगा। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा। माता-पिता की सलाह और आशीर्वाद से आपका दिन अच्छा बीतेगा और रुका धन मिलने से हर्ष होगा।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। वरना आपके साथ कोई धोखा हो सकता है। स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा।

### मकर
आज आर्थिक मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होकर आपको धन, सम्मान की प्राप्ति होगी और आपके यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियां आपके सामने आ सकती हैं। शाम को प्रियजनों से भेंट होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### कुंभ
आज धन लाभ का दिन है। साथ ही गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपको अपने जूनियर्स से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, वरना आपका पैसा फंस सकता है। कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं, इसमें आपकी विजय होगी। आपके खिलाफ लोगों की साजिश विफल हो जाएगी।

### मीन
आज दिन भाग्यशाली है और आज आपको कारोबार में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी और आपके उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें और शाम को किसी कारण से फालतू खर्च बढ़ सकता है। सावधान रहें।

## वर्ग पहेली 5456



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. अमेरिकी कांग्रेस ने 23 सितंबर 1986 को इस पुष्प को अमेरिका का राष्ट्रीय फूल चुना (3)
4. प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में से एक (4)
7. तीव्र उत्कंठा, प्रबल अभिलाषा (3)
8. कामदेव के नामों में से एक, मनोज (3)
9. शेष रहना, कामचोरी करना (3)
11. मुगल शासकों के शासन करने का समय (5)
14. भारत का एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र या अखबार, नया जमाना (5)
17. बल, फूंक (2)
18. दस हजार हाथियों के बराबर बल होने के कारण पांडुपुत्र भीम का एक नाम (4)
21. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने 180 से अधिक फिल्मों में काम किया (2)
23. यह मुगल शासक भारत का पांचवा मुगल शहंशाह था (4)
24. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)

**ऊपर से नीचे**
1. फूल जैसा कोमल बदन वाला या बदनवाली (5)
2. लोभ, लोलुपता (3)
3. बकवास करना, प्रलाप करना (3)
4. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय पदार्थ जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
5. उन्माद, मद्य, मन तरंग (2)
6. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)
10. वर्ष, परकोटा, वय गणना (2)
11. ऋषि, तीर्थकर, अवाचाल (2)
12. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
13. मुंशी, लिखने वाला (3)
15. मुसल्ला (4)
16. पूंछ, लूम (2)
19. दीन, दरिद्र, कंगाल, निर्धन (3)
20. रिश्तें में कुछ होना, सटना (3)
21. किसी वस्तु को पाने की प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (2)
22. किस जगह, किस स्थान पर, किधर (2)

### वर्ग पहेली 5455 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | इ | क | ल | फै | रा | डे | ■ |
| या | क | ■ | ता | न | ■ | ब | ला |
| ■ | रा | पी | ■ | ■ | ई | रा | न |
| मो | र | ■ | द | र | मा | ■ | त |
| र | ■ | शो | ■ | म | न | न | ■ |
| ध्व | नि | ले | ख | ■ | डि | ग | ना |
| ज | ज | ■ | रा | ज | ग | ■ | म |
| ■ | ता | ला | ब | ■ | ना | सि | क |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**



# नाग पंचमी कब है? शुभ मुहूर्त-पूजा विधि और इस दिन का महत्व

**सावन मास का विशेष महत्व है. नाग पंचमी सावन शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के दिन मनाई जाती है. इस बार सावन शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 09 अगस्त दिन शुक्रवार को है. इस दिन नाग देवता की उपासना करने का विधान है और ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है.**

## नाग पंचमी पूजा शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, इस साल सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 9 अगस्त 2024 दिन शुक्रवार को है. इस खास मौके पर नाग देवता की पूजा-अर्चना की जाती है. नाग पंचमी तिथि की शुरुआत 9 अगस्त 2024 दिन शुक्रवार की सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर होगी और अगले दिन यानी 10 अगस्त की सुबह 6 बजकर 09 मिनट पंचमी तिथि समाप्त हो जाएगी. नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त पूरे दिन रहेगा. हालांकि विशेष पूजा के लिए 9 अगस्त की दोपहर 12 बजकर 13 मिनट से 1 बजे तक का समय शुभ रहेगा, इसके अलावा 9 अगस्त को प्रदोष काल में शाम 6 बजकर 33 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 20 बजे तक नाग देवता की पूजा कर सकते हैं.

## नाग पंचमी पर इन नागों की होती है पूजा

नाग पंचमी की शुभ अवसर पर अनंत, वासुकी, शेष, पद्म, कंबल, कर्कोटक, अश्वंतर, धृतराष्ट्र, शंखपाल, कालिया, तक्षक और पिङ्गल नाग की पूजा का विधान है. इस विशेष दिन पर नाग को दूध पिलाया जाता है, इसके अलावा नाग देवता को दूध और धान का लावा चढ़ाने का विशेष महत्व है.

## नाग पंचमी के दिन कैसे करें नाग देवता की पूजा

- नाग पंचमी के दिन सूर्योदय से पहले स्नान करें.
- इसके बाद भगवान शिव के साथ-साथ नाग देवता की पूजा करें.
- नाग देवता को जल, अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, दही, फल, फूल, मिठाई और दूध अर्पित करें.
- इसके बाद नाग देवता को दूध और धान का लावा चढ़ाए.



# कुंडली में अगर कालसर्प दोष या फिर राहु-केतु से संबंधित कोई दोष हो तो जरूर करें नाग देवता की पूजा...

**नाग पंचमी पर मुख्य रूप से आठ नाग देवताओं की पूजा की जाती है और वे हैं वासुकि, ऐरावत, मणिभद्र, कालिया, धनंजय, तक्षक, कर्कोटकस्य और धृतराष्ट्र। इनकी पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है और सर्प भय से मुक्ति मिलती है।**

हिंदू धर्म में नाग पंचमी सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है। मान्यताओं के अनुसार जिन जातकों की कुंडली में कालसर्प दोष या फिर राहु-केतु से संबंधित कोई दोष हो तो नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा जरूर करनी चाहिए। नाग पंचमी पर मुख्य रूप से आठ नाग देवताओं की पूजा की जाती है और वे हैं वासुकि, ऐरावत, मणिभद्र, कालिया, धनंजय, तक्षक, कर्कोटकस्य और धृतराष्ट्र। इनकी पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है और सर्प भय से मुक्ति मिलती है। नाग पंचमी श्रावण मास के शुक्ल पक्ष में मनाई जाती है। इस बार नाग पंचमी 09 अगस्त 2024 को मनाई जाएगी। नाग पंचमी का एक ऐसा त्योहार जो देशभर के लगभग सभी राज्यों में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार नाग पंचमी के दिन नागों की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक शक्ति, मनोवांछित फल और अपार धन की प्राप्ति होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, नाग पंचमी का त्योहार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचम तिथि को मनाया जाता है। इस साल ये तारीख 09 अगस्त 2024 को है। पंचमी तिथि की शुरुआत 9 अगस्त को मध्य रात्रि 12.36 से 10 अगस्त प्रातः 03.14 पर समाप्त होगी।

## नाग पंचमी पूजा मुहूर्त

नाग पंचमी की पूजा मुहूर्त की बात की जाए तो इस साल के श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचम तिथि यानी 09 अगस्त 2024 को सुबह 05.47 से 08.26 तक रहेगा। कुल मिलाकर 2 घंटे 39 मिनट के लिए पूजा का मुहूर्त है।

## नाग पंचमी पूजा विधि

नाग पंचमी के दिन सबसे पहले सुबह सूर्योदय से पहले उठकर नित्य कर्मों से मुक्त हो लें, फिर स्नान करें। इसके बाद शिव जी के साथ-साथ नाग देवता की पूजा करें। नाग देवता की पूजा में फल, फूल, मिठाई और दूध अर्पित करें। मान्यताओं के अनुसार जिन जातकों की कुंडली में कालसर्प दोष या फिर राहु-केतु से संबंधित कोई दोष हो तो नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा जरूर करनी चाहिए। नाग पंचमी पर मुख्य रूप से आठ नाग देवताओं की पूजा की जाती है और वे हैं वासुकि, ऐरावत, मणिभद्र, कालिया, धनंजय, तक्षक, कर्कोटकस्य और धृतराष्ट्र। इनकी पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है और सर्प भय से मुक्ति मिलती है।

## नाग पंचमी क्यों मनाते हैं?

नाग पंचमी मनाने के पीछे एक पौराणिक कथा है। कथा के मुताबिक, महाभारत युद्ध के बाद पांडवों ने अभिमन्यु के पुत्र परीक्षित को राजा बना दिया और खुद स्वर्ग की यात्रा पर निकल गए थे। पांडवों के बाद धरती पर कलियुग का आगमन हो गया था। राजा परीक्षित की मृत्यु नाग देव के डंसने से हुई थी। परीक्षित का पुत्र जनमेजय बड़ा हुआ तो उसने अपने पिता की मृत्यु का बदला लेने के लिए पृथ्वी के सभी नागों को मारने के लिए नाग दाह यज्ञ किया। इस यज्ञ में पूरी पृथ्वी के नाग आकर जलने लगे। जब ये बात आस्तिक मुनि को मालूम हुई तो वे तुरंत राजा जनमेजय के पास पहुंचे। आस्तिक मुनि ने राजा जनमेजय को समाझाया और ये यज्ञ रुकवाया। जिस दिन ये घटना घटी, उस दिन सावन शुक्ल पक्ष की पंचमी थी। उस दिन आस्तिक मुनि के कारण नागों की रक्षा हो गई। इसके बाद से नाग पंचमी पर्व मनाने की शुरूआत हुई। यज्ञ की आग को ठंडा करने के लिए आस्तिक मुनि ने उसमें दूध डाल दिया था। इस मान्यता की वजह से नाग पंचमी पर नाग देव को दूध चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई है।

## ऐसे कर सकते हैं नाग देव की पूजा

नाग पंचमी पर नाग अनंत, वासुकी, शेष, पद्म, कंबल, शंखपाल, कालिया, तक्षक का ध्यान करते हुए नाग प्रतिमा की पूजा करनी चाहिए। अगर नागदेव की प्रतिमा न हो तो शिवलिंग पर स्थापित नागदेव की पूजा कर सकते हैं। नागदेव को जल, दूध चढ़ाने के बाद हल्दी, रोली, चावल और फूल चढ़ाएं। धूप-दीप जलाकर पूजा करें। मिठाई का भोग लगाएं। नाग देवता की कथा पढ़ें-सुनें। इस दिन शिव जी की भी पूजा जरूर करें।

## नाग पंचमी का महत्व

सावन का महीना वर्षा ऋतु का होता है और इस माह में सांप भू गर्भ से निकलकर भू तल पर आ जाते हैं। नाग निकलकर किसी को भी आहत ना कर दें, इसलिए नाग पचंमी का पूजा अर्चना की जाती है। बिहार, बंगाल आदि क्षेत्रों में कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाता है। शास्त्रों व पुराणों में बताया गया है कि पंचमी तिथि के स्वामी स्वयं नागदेव हैं और इन दिनों सांपों की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी और घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इस दिन नाग देवताओं की पूजा करने से कुंडली में मौजूद राहु व केतु से संबंधित दोषों से मुक्ति मिलती है और कालसर्प दोष की पूजा भी करवाई जाती है। पंचमी के दिन इनकी पूजा करने से सभी तरह की रुकावट दूर रहती हैं और मनुष्य को सांपों के भय से मुक्ति भी मिलती है। पुराणों में बताया गया है कि नाग देवता पाताल के स्वामी हैं इसलिए नाग पंचमी या किसी भी अन्य पंचमी के दिन व्यक्ति को भूमि की खुदाई करने से बचना चाहिए।

## नाग पंचमी पूजा विधि

- नाग पंचमी के दिन सुबह स्नान आदि से निवृत होकर शिवालय में पूजा अर्चना करें और फिर व्रत का संकल्प लें।
- इसके बाद घर के मेन गेट, घर के मंदिर और रसोई के बाहर के दरवाजे के दोनों तरफ खड़िया से पुताई करें और कोयले से नाग देवताओं के चिन्ह बनाएं।
- आजकल नाग देवताओं की फोटो बाजारों में भी मिल जाती है, आप उनका भी प्रयोग कर सकते हैं। इसके बाद पूजा अर्चना करें और दूध अर्पित करें।
- घर के नाग देवताओं की पूजा करने के बाद खेतों या फिर ऐसे स्थान पर दूध का कटोरा रख दें, जहां सांपों के आने की संभावना हो।
- नाग देवता की पूजा पूजा में सेवई और चावल बनाएंगे। फिर ना देवताओं की दूध और जल से स्नान करवाएं और धूप, दीप नैवेद्य अर्पित करें।
- इसके बाद सच्चे मन से नाग देवताओं का ध्यान करें और फिर आरती करें। आरती करने के बाद नाग पंचमी की कथा का पाठ भी करें।







# नाग पंचमी पर रोटी बनाना राहु को आमंत्रण देना है, जानिये और किन अवसरों पर रोटी बनाना वर्जित माना गया है

**9 अगस्त 2024 को नाग पंचमी है। इस दिन लोग पौराणिक कथाओं में वर्णित आठ शक्तिशाली नागों की विशेष पूजा करते हैं, ताकि सांपों की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति हो और घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। लेकिन इस दिन कुछ कार्यों को करने की मनाही भी रहती है और जिसमें से एक है इस दिन रोटी ना बनाना।**

हिन्दू धर्म में पर्व बहुत धूमधाम से मनाये जाते हैं लेकिन उसके साथ शास्त्रों में कुछ नियम भी बताये जाते हैं जो अशुभता का प्रतीक होते हैं और उस दिन करने से मना किया जाता है। नाग पंचमी के दिन कुछ काम हैं, जिसे वर्जित माना जाता है, जैसे कि इस दिन जमीन की खुदाई, सिलाई-कढ़ाई और नुकीली चीजों का इस्तेमाल करना मना किया जाता है। सर्प जमीन में रहते हैं और जमीन की खुदाई या हल चलाने से उन्हें नुकसान पहुँच सकता है। शास्त्रों के अनुसार, नाग पंचमी के दिन तवे का या किसी भी लोहे की चीज का इस्तेमाल करना शुभ नहीं माना जाता है क्योंकि तवा सांप के फन का प्रतिरूप होता है। ऐसे में तवा को चूल्हे पर रखना अशुभ माना जाता है। तवा को राहु का प्रतीक भी माना जाता है और इस दिन तवा पर रोटी बनाने से आपके जीवन में राहु का प्रभाव बढ़ जाता है। वैसे, इस दिन नाग की पूजा करने से राहु-केतु के प्रभाव और कालसर्प दोष से राहत मिलती है लेकिन अगर आप रोटी बनाते हैं, तो नाग देवता आपसे नाराज हो सकते हैं और परिवार पर आर्थिक संकट जैसे बुरे प्रभाव पड़ सकते हैं। इस दिन पूरी और हलवा खाना अच्छा माना जाता है।

## हिन्दू धर्म में और किन अवसरों पर रोटी नहीं बनाना चाहिए

नाग पंचमी के अतिरिक्त भी कुछ ऐसे अवसर या त्यौहार हैं, जिस दिन रोटी बनाना वर्जित माना गया है। जैसे कि, शीतला अष्टमी के अवसर पर घर पर ताजी रोटियां बनाने से बचना चाहिए क्योंकि इस दिन शीतला माता को बासी भोजन का भोग लगाने की परंपरा है। देवी को भोग लगाने के बाद बासी भोजन ही खाना चाहिए। इसके अलावा शरद पूर्णिमा के दिन घर में रोटी बनाना भी अशुभ होता है। शरद पूर्णिमा के दिन धन की देवी लक्ष्मी प्रकट हुई थीं, इसलिए इस दिन खीर-पूरी बनाने का विधान है। मान्यता है कि इस दिन शाम के समय खीर बनाकर चांद की रोशनी में रखा जाता है और अगली सुबह प्रसाद के रूप में इसका सेवन किया जाता है।

इसके अलावा दीवाली पर भी रोटी बनाना अशुभ का है क्योंकि इस दिन हिंदू देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं। इसलिए इस दिन खास खाद्य पदार्थ बनाने की परंपरा है। इस दिन रोटी बनाने से माँ लक्ष्मी के साथ-साथ अन्नपूर्णा देवी भी रुष्ट हो जाती हैं। गरुड़ पुराण के अनुसार, अगर किसी घर में किसी परिजन की मृत्यु हो जाती है, तो घर में रोटी नहीं बनानी चाहिए और ना ही चूल्हा जलाना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि तेरहवीं के शोक की रस्म के बाद ही घर में रोटियां बनानी चाहिए।






# नाग पंचमी पर बन रहे हैं ये अद्भुत संयोग इन राशि वालों की चमकेगी किस्मत!

**हर वर्ष सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी पर्व मनाते है. इस दिन शिव मंदिरों में पूजा के साथ नाग देवता के पूजन का विधान है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नागपंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन के सारे कष्ट और संकट दूर हो जाते हैं और जीवन में सुख, शांति व समृद्धि आती है.**

नागपंचमी पर बनने वाले यह योग इन 4 राशियों के लिए लाभदायक रहेंगे. वैदिक पंचांग के अनुसार, इस साल 09 अगस्त को नाग पंचमी का पर्व मनाया जायेगा. इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 06.01 मिनट से लेकर 08.37 मिनट तक रहेगा. इस दौरान भोलेनाथ के साथ नाग देवता की पूजा की जा सकती है. इस दिन ग्रहों का अद्भुत संयोग भी बन रहा है. इस बार सिद्ध और साध्य योग में नाग पंचमी का पर्व मनाया जाएगा. इस समय में भगवान भोलेनाथ और नाग देवता के पूजा से रोगों से भी मुक्ति मिलेगी. नागपंचमी पर इन राशियों के लिए लाभदायक रहेगा यह योग

**मेष राशि** - इस साल की नागपंचमी मेष राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ रहेगी. इन राशि के जातकों की ग्रह स्थिति मजबूत रहेगी और भाग्य का इन्हें पूरा साथ मिलेगा. अगर व्यापार में नए कार्य के लिए मेहनत कर रहे हैं तो आपकी मेहनत सफल होगी. अगर लंबे समय से कोई बीमारी परेशान कर रहा है तो उससे भी छुटकारा मिलेगा.

**कर्क राशि**- नागपंचमी कर्क राशि के जातकों के लिए बहुत फलदायक रहेगी. कर्क राशि वालों को अपने कार्य में सफलता मिलेगी. किसी अनुभवी व्यक्ति से भी आपकी मुलाकात हो सकती है, जिनका अनुभव आपके करियर को तरक्की देने के काम आएगा. वैवाहिक जीवन सुखी रहेगा.

**सिंह राशि** - सिंह राशि वाले लोगों को नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है. लंबे समय से चला आ रहा मानसिक तनाव भी दूर हो जाएगा. कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी.

**कुंभ राशि**- कुंभ राशि वालों को व्यापार में लाभ और कर्ज से से छुटकारा मिल सकता है. विदेश में नौकरी के नए अवसर भी मिल सकते हैं.

# भगवान श्रीकृष्ण का क्या संबंध है इस त्योहार से



नाग पंचमी एक संवेदनशील पर्व है। नाग जहां भगवान शिव के गले के हार हैं। वहीं भगवान विष्णु की शैय्या भी। लोकजीवन में भी लोगों का नागों से गहरा नाता है। कई पवित्र कारणों से नाग की देवता के रूप में पूजा की जाती है। नाग पंचमी की पूजा का एक प्रसंग भगवान श्री कृष्ण से जुड़ा हुआ है। बालकृष्ण जब अपने दोस्तों के साथ खेल रहे थे तो उन्हें मारने के लिए कंस ने कालिया नामक नाग को भेजा। पहले उसने गांव में आतंक मचाया। लोग भयभीत रहने लगे। एक दिन जब श्री कृष्ण अपने दोस्तों के साथ खेल रहे थे तो उनकी गेंद नदी में गिर गई। जब वे उसे लाने के लिए नदी में उतरे तो कालिया ने उन पर आक्रमण कर दिया फिर क्या था कालिया की जान पर बन आई। भगवान श्री कृष्ण से माफी मांगते हुए गांव वालों को हानि न पंहुचाने का वचन देकर नागदेव वहां से चले गए। कालिया नाग पर श्री कृष्ण की विजय को भी नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है।

# डीएम व उप विकास आयुक्त ने किया सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ

निज संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत इंटर विद्यालय चकवाय परिसर में डीएम ने सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का समारोह पुर्वक शुभारम्भ किया। समारोह की अध्यक्षता चकवाय पंचायत के मुखिया मृत्युंजय कुमार ने किया एवं संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह पेड़ पुरुष के नाम से जिले में ख्याति प्राप्त शिक्षक संजय कुमार बिहारी ने किया। विद्यालय के बच्चो ने जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को अशोक स्तम्भ का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। पंचायत स्तरीय कार्यक्रम समारोह में पंचायत के मुखिया मृत्युंजय कुमार ने मनरेगा योजना के तहत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा एवं उप विकास आयुक्त के हाथों वृक्षारोपण कर योजना का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुखिया श्री कुमार ने स्वागत भाषण के साथ डीएम व विकास आयुक्त को अंग बस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। मुखिया ने अपने पंचायत के विकास कार्यों एवं समस्याओ ने अवगत कराते हुए पंचायत के विकास में सहयोग करने की मांग किया। उन्होंने क़ृषि कार्य से सबंधित कार्यों में नहर में फौल नंबर चार के पास नहर का पानी के लिये उचित मार्ग देने का अनुरोध भी किया एवं विद्यालय के खेल मैदान को सुव्यवस्थित करने की मांग को भी दुहराया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने विद्यालय परिसर में पर्यावरण को लेकर किये गए कार्यो की सराहना किया। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ फोटो शूट भी कराया। परिसर में आम का पौधा भी लगाया। विधालय की छात्राओं में नंदनी, अर्पिता आदि छात्राओं ने डीएम स्वागत, स्वागत गान से किया। विद्यालय के शिक्षक अंजेश कुमार एवं रामेश्वर इचागुटू ने भी अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मनरेगा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत के सरपंच, पंचायत समिति सदस्य सहित विद्यालय के सभी शिक्षक समेत पंचायत के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।




## अग्निशमन कर्मियों ने अगलगी से बचाव को लेकर किया मॉक ड्रील

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के विभिन्न प्रखंडो के अंतर्गत कई विद्यालयों में अग्निशमन पदाधिकारी के द्वारा आग से सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत मॉकड्रिल किया गया। इस क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय परडिया, उच्च मध्य विद्यालय समढ़ी, उच्च मध्य विद्यालय मसोढ़ा, कन्या उच्च मध्य विद्यालय गोनी नवादा, कहरिया, टार नगर परिषद हिसुआ, डुमरी चक आगनवाड़ी केंद सोनसा, भालुआही, मंझिला कोआकोल, प्रा० विद्यालय सामबे वारिसलीगंज, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शेर पुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय घोराई मोरमा रोह में मॉकड्रिल किया गया। जिसमे विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ डेमो कर दिखाया गया। जिसमे शिक्षक-शिक्षका रसोई एवम जन साधारण लोग भी हुए। आग लगने पर क्या करे क्या न करे L.P.G गैस सिलेंडर में आग लगने पर विस्तृत के साथ बताया गया।

## न्यूज बाइट्स

### बीईओ ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध नहीं दर्ज करवाई प्राथमिकी

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** अनुमण्डल क्षेत्र के अकबरपुर प्रखण्ड अंतर्गत गोपालपुर स्थित इंटर विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार पर विद्यालय के रिकार्ड गायब करने एवं गबन करने के चलते जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा द्वारा प्राथमिक की दर्ज करने के आदेश के बावजूद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अकबरपुर के द्वारा अब तक प्राथमिक की दर्ज नहीं कराया गया, जिसका खुलासा आरटीआई के द्वारा हुआ। आरटीआई एक्टीवेटर बिंदा प्रसाद निराला के द्वारा इसी वर्ष के 4 जून को शिवदानी अयोध्या इंटर विद्यालय गोपालपुर के वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 की विकास राशि एवं छात्र कोष की राशि का रिकॉर्ड की मांग की गई थी। मांगी गई सूचना का अधिकार पर वर्तमान प्रधानाध्यापक राजीव रंजन कुमार के द्वारा अपने पत्रांक संख्या 53 द्वारा 6 जुलाई 2024 को उन्होंने साफ लिखित जवाब दिए की पूर्व के प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार के द्वारा विद्यालय के विकास से संबंधित एवं किसी भी प्रकार का रिकॉर्ड उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा का ज्ञापन संख्या 1796 द्वारा पूर्व प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार के ऊपर प्राथमिक की दर्ज करने का आदेश प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रखंड अकबरपुर को दिया जा चुका था। लेकिन दो महीना का समय बीत जाने के बावजूद अब तक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अकबरपुर के द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं करवाया गया है। तत्पश्चात बिन्दा प्रसाद निराला ने आरटीआई का उपयोग करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रखंड अकबरपुर से दर्ज किए गए प्राथमिकी का अभिप्रमाणित प्रति की मांग कर दी एवं आरटीआई के द्वारा पूछा गया है कि यदि प्राथमिकी की दर्ज नहीं कराया गया है, तो कारण बताया जाए। उन्होंने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अकबरपुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना कर भ्रष्टाचारी प्रधानाध्यापक को बचाना चाह रहे हैं।

### प्रोन्नति के लंबित मामलों को लेकर बीडीओ से मिलकर की शिकायत

**रजौली (नि.सं.) (नि.सं.)।** प्रखंड के नियोजित शिक्षकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सचिव रजौली प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई संजीव झा से मिलकर प्रोन्नति योग्यता रखनेवाले नियमानुकूल प्रोन्नति की मांग पुनः किया गया। इस मौके पर शिक्षक नेता अजित कुमार, राजीव कुमार एवं चन्दन कुमार मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पत्रांक 2682 दिनांक 15 नवंबर 2022 के निर्देश से रजौली प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सभी योग्य प्रोन्नति पाने वाले शिक्षकों का फ़ाइल लिया गया था। परन्तु आज तक प्रोन्नति नहीं दी गई है। सक्षमता परीक्षा पास करने वाले शिक्षक अपने प्रोन्नति हेतु काफी चिंतित हैं। उन्हें डर है कि हमारी प्रोन्नति राज्यकर्मी हेतु बलिदान न हो जाए। इस पर रजौली के शिक्षक नेता अजित कुमार ने नीति निर्धारनकर्ता संचालन कर्ता सभी से विनती है कि हमारा अधिकार हमारी प्रोन्नति देने दिलाने की कृपा करें। हम सभी 14 वर्ष के बाद भी 18 वर्ष के बाद भी स्नातक शिक्षक में भी प्रोन्नति नियमावली के बावजूद नहीं दी गई। नियमानुसार 8 वर्ष में स्नातक शिक्षक और 5 वर्ष बाद प्रधान शिक्षक में प्रोन्नति प्रावधानित है।

### स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन के लिए समय का हुआ निर्धारण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** 15 अगस्त 2024 को झंडोतोलन के लिए सरकारी कार्यालय व संस्थानों में समय निर्धारण कर दिया गया है। बीडीओ रंजीत कुमार ने कहा प्रखंड कार्यालय परिसर नारदीगंज में नौ बजे पूर्वाह्न में, अंचल कार्यालय में नौ बजकर 15 मिनट में, थाना परिसर में नौ बजकर 25 मिनट में, सीएचसी में नौ बजकर 40 मिनट में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नारदीगंज में नौ बजकर 55 मिनट में, बीआरसी भवन में 10.05 मिनट में, पेंशनर भवन में 10.15 मिनट में, इंटर विद्यालय नारदीगंज में 10.25 में, राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज में 10.35 मिनट में, सीडीपीओ कार्यालय में 10.50 में के अलावा पंचायत भवन नारदीगंज में 11.05 में झंडोतोलन करने का समय निर्धारित किया गया है।

### वार्ड सदस्य 12 अगस्त से अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पुनः करेंगे

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के ननौरा पंचायत के विभिन्न वार्डो में 36 लाख 56 हजार रुपये अवैध राशि निकासी के विरुद्ध अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पुनः आगामी 12 अगस्त 2024 से वार्ड सदस्य जितेन्द्र कुमार करेंगे। अनिश्चित कालीन आमरण अनशन करने वाले ननौरा पंचायत के वार्ड संख्या आठ के वार्ड सदस्य हैं। उन्होंने कहा पंचायती राज कार्यालय, नारदीगंज के बाहरी परिसर में आमरण अनशन पर बैठने का निर्णय लिया हूं। इस बाबत डीएम समेत अन्य पदाधिकारियों को लिखित सूचना दिया हूं। कहा कि इसके पहले भी बीते 15 जुलाई 2024 को उक्त मांग को लेकर आमरण अनशन किया था, तब सदर एसडीओ व जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने 21 दिनों के अंदर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अवधि पूर्ण होने के बाद भी किसी तरह का कार्रवाई नहीं हो सका, और नहीं यात्री शेड पर संज्ञान लिया गया है, ऐसे में विवश होकर पुनः आगामी 12 अगस्त 2024 से आमरण अनशन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत ननौरा पंचायत में व्यापक रूप से घोटाला किया गया है। इस पंचायत के वार्ड संख्या एक, दो और दस में 36 लाख 56 हजार रुपये की अवैध निकासी हुई है। कहा जब तक न्याय नहीं होगी, तब तक अनिश्चितकालीन आमरण अनशन जारी रहेगा

### संरक्षा आयुक्त ने रेलखंड का किया निरीक्षण



**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 9.5 किमी लंबे साठी-चनपटिया नव-दोहरीकृत रेलखंड का दिनांक 08.08.2024 को श्री सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे) पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा साठी और चनपटिया स्टेशन के मध्य विशेष ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव सहित निर्माण विभाग तथा समस्तीपुर मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि 110 किमी लंबे सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत अब तक 59 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर इसकी कमीशनिंग की जा चुकी है। अब इस परियोजना के अंतर्गत 9.5 किलोमीटर लंबे साठी-चनपटिया रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है जिसका आज सीआरएस द्वारा सफलतापूर्वक निरीक्षण किया गया। इस प्रकार इस परियोजना के अंतर्गत अब कुल 68.5 किमी का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष भाग के दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है।

### 6 लीटर महुआ शराब के साथ पुलिस ने एक तस्कर को किया गिरफ्तार,बाइक जब्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम के रास्तों से शराब परिवहन पर अंकुश लगाते हुए पीएसआई रौशन कुमार ने भौर गांव से 6 लीटर देशी महुआ शराब लदे एक बाइक को जब्त किया। साथ ही मौके से एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर शराब निर्माण, परिवहन, बिक्री, भंडारण एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आलोक में पीएसआई रौशन कुमार ने सशस्त्र बलों के सहयोग से फुलवरिया डैम के रास्तों में जांच अभियान चलाया गया।

## अभिनेत्री दीपिका एवं सुनील के मॉडर्न इंग्लिस स्कूल के आगमन पर तैयरी जारो पर



निज संवाददाता

**नवादा।** मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा ने शिक्षा जगत में नवादा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शिक्षा की बात हो अथवा खेल की अथवा आध्यात्मिक कार्यक्रम की मॉडर्न ग्रुप सभी में आगे रहा है। मॉडर्न ग्रुप की संस्थान मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर नवादा में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर 11 अगस्त को रामचरितमानस के बालकांड के सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ प्रसंग का संगीतमय पाठ मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के लगभग 5000 विद्यार्थियों के द्वारा किया जाएगा। तुलसीदास के जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित रामचरितमानस का संगीतमय गायन कार्यक्रम का उद्घाटन पूरे देश में लोकप्रिय रामायण धारावाहिक में माता सीता की भूमिका निभाने वाले श्री दीपिका चिखलिया टोपीवाला और लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी जी उद्धघाटन करने जा रहे हैं। मॉडर्न ग्रुप के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने बताया कि वर्ग दशम के हिंदी पुस्तक क्षितिज में एक पाठ पढ़ना है जिसका नाम है- राम लक्ष्मण परशुराम संवाद। इसी पाठ को आधार बनाकर मॉडर्न ग्रुप के संस्थाओं के विद्यार्थियों ने बहुत उत्सुकता के साथ तुलसीदास कृत रामचरितमानस के बाल खंड के अंतर्गत सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ प्रसंग का संगीतमय पाठ करेंगे। भारत की सभ्यता-संस्कृति और सनातन धर्म के अनुसार रामचरितमानस विश्व का सबसे अधिक लोकप्रिय धार्मिक ग्रंथ है। मोबाइल के दौर में आजकल के बच्चे धार्मिक ग्रंथो को पढ़ना भूलते जा रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के हिंदी विषय के शिक्षकों ने तुलसीदास की जयंती के अवसर पर रामचरितमानस का संगीतमय पाठ विद्यार्थियों से करवाने का निर्णय लिया। मॉडर्न ग्रुप की संस्थाओं के लगभग 5000 विद्यार्थियों ने बहुत ही धूमधाम से और पवित्रता के साथ रामचरित मानस पाठ करने की तैयारी कर रहे हैं। 11 अगस्त को मॉडर्न शैक्षणिक समूह की संस्थान मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर नवादा के मैदान में आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के निमंत्रण दिया गया है। सभी गणमान्य अतिथिगण एवं साधु संत इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों के ऊपर बहुत अच्छा मानसिक असर होता है। विद्यार्थी मोबाइल छोड़कर रामचरितमानस पढ़ने में लग जाते हैं, यह बहुत बड़ी बात है। मेरी कोशिश है कि विद्यार्थियों को भारत की संस्कृति और धर्म ग्रंथो से जोड़कर उसमें रुचि पैदा करें ताकि वह विद्यार्थी जिंदगी भर अपने अधिकार और कर्तव्य को समझे और अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे संसार को अपना परिवार मानने की आदत डालें। ऐसी सोच के साथ विद्यार्थियों को इसके लिए प्रेरित करने की कोशिश है। तुलसीदास जयंती के अवसर पर रामचरितमानस का संगीतमय पाठ करने का कार्यक्रम की तैयारी बहुत धूमधाम से चल रही है। विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास उप प्राचार्य सुजय कुमार, मिथिलेश विजय, हिंदी शिक्षक विपुल कुमार, उमेश पांडे, मनीष पांडे, वंदना कुमारी, एसके रंजन, नारायण पाठक आदि शिक्षक इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संगीत के शिक्षक पवन कुमार और अनिल कुमार रामचरितमानस के संगीतमय कार्यक्रम को लीड करने वाली विद्यालय में प्रसिद्ध गायिका गरिमा गुंजन, राधा, अनुराधा, सव्या, कृष्णा, अनमोल, वंशिका, परी आदि बच्चों को प्रत्येक दिन रामचरितमानस के संगीतमय गायन की तैयारी करा रहे हैं। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंहने सभी विद्यार्थियों को तुलसी जयंती के अवसर पर होने वाले रामचरितमानस पाठ सफल बनाने के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी है।

## ट्राई उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने और उनके बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य के साथ सासाराम के एस.पी जैन कॉलेज में ट्राई उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत लोगों को उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए ट्राई द्वारा की गई विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में आम लोगों के अलावा, विशिष्ट अतिथियों और सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एस.पी जैन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार उपस्थित थे और मुख्य अतिथि के रूप में जी.सी राय, डीडीजी, दूरसंचार विभाग, बिहार एलएसए थे। कार्यक्रम में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, उपभोक्ता वकालत समूहों, प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों और छात्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अमित घोषाल, संयुक्त सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय ट्राई कोलकाता ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए ट्राई की भूमिका और कार्यों, ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए ट्राई द्वारा की जा रही विभिन्न पहलों के बारे में अवगत कराया और परामर्श प्रक्रिया में भाग लेने के लिए उपभोक्ताओं की भूमिका पर जोर दिया। वहीँ, डॉ. नवीन कुमार ने अपने संबोधन में दर्शकों के लाभ के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम की व्यवस्था करने में ट्राई द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की। उन्होंने परिसर क्षेत्र और शहर में अच्छी मोबाइल कनेक्टिविटी के महत्व पर प्रकाश डाला और सेवा प्रदाताओं से भविष्य में अच्छी कनेक्टिविटी बनाए रखने का अनुरोध किया। मौके पर जी.सी राय, डीडीजी, दूरसंचार विभाग, बिहार ने प्रतिभागियों को बिहार राज्य में वर्तमान कनेक्टिविटी की स्थिति और राज्य में उपभोक्ताओं और उपयोगकर्ता अनुभव के लाभ को बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा की गई अन्य नागरिक केंद्रित पहलों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान, निलय दत्ता, एसआरओ ट्राई द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से, प्रतिभागियों को मूल्य वर्धित सेवाओं (वीएएस), अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी), शिकायत निवारण तंत्र, डेटा सेवाओं और टैरिफ आदि से संबंधित विभिन्न उपभोक्ता केंद्रित नियमों, निर्देशों और आदेशों के प्रावधानों के बारे में शिक्षित किया गया। प्रतिभागियों को उपभोक्ता सशक्तीकरण के लिए ट्राई द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल ऐप्स (ट्राई माईस्पीड ऐप, ट्राई डीएनडी 3.0 ऐप और ट्राई माईकॉल ऐप), टैरिफ पोर्टल और नेटवर्क कवरेज मैप्स के लाभों के बारे में भी बताया गया और बताया गया कि उपभोक्ता इन ऐप्स / पोर्टल का लाभ कैसे उठा सकते हैं। प्रतिभागियों को दूरसंचार के विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए ट्राई द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों और यूसीसी पर ट्राई के नए नियमों/निर्देशों के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें विभिन्न दूरसंचार धोखाधड़ी जैसे टावर धोखाधड़ी, धोखाधड़ी वाले संदेश/कॉल आदि के बारे में अतिरिक्त सावधान रहना चाहिए। दूरसंचार उपभोक्ताओं के लाभ के लिए संचारसाथी पोर्टल के माध्यम से भारत सरकार द्वारा की गई नागरिक केंद्रित पहलों और सेलुलर टावर से विद्युत चुम्बकीय विकिरण के प्रभाव पर एक विस्तृत प्रस्तुति दूरसंचार विभाग के सहायक निदेशक मनीष कुमार द्वारा दी गई। इसके बाद आरबीआई पटना के प्रबंधक मलय रंजन ने प्रतिभागियों को विभिन्न वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी और दूरसंचार उपभोक्ताओं द्वारा खुद को बचाने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।




## विद्यालय के निरीक्षण में मिली त्रुटि, सुधार का दिया निर्देश



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** शिक्षा विभाग के अपर सचिव संजय कुमार ने नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान मध्यांन भोजन डीपीओ मजहर हुसैन, बीआरपी सह समावेशी शिक्षक आंनद कुमार समेत रहे। इस दौरान शिक्षा विभाग के अपर सचिव ने राजकीय बुनियादी विद्यालय कोसला, प्राथमिक विद्यालय फाजिलपुर, प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर के अलावा प्राथमिक विद्यालय जानकी बिगहा पहुंचे। निरिक्षण के दौरान उन्होंने एफएलएन किट वितरण, पोशाक, मासिक मूल्यांकन परीक्षा समेत अन्य गतिविधियों व विद्यालय से सम्बंधित बस्तु स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मिली त्रुटि को सुधार करने समेत अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश विद्यालय के प्रधान शिक्षकों समेत अन्य को दिए।

**पूर्व मध्य रेल**

**डीडीयू डिविजन में 132 केवी डी /सी ट्रांसमिशन लाईन सहित डीएफसीसीआईएल डीजीओ जीएसस वे सहित एक 220/132 केवी पावर ट्रांसफार्मर का प्रावधान**

**खुली ई–निविदा सूचना सं०–टीआरडी –ओ०टी०–05–डीजीओ–टीलाईन–24–25**

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम और स्थान :** दुर्गावती डीएफसीसीआईएल जीएसएस (आरएसएस) से जिवनाथपुर–सोननगर 132 केवी ट्रांसमिशन लाईन पर टैपिंग प्वाइंट तक 3–फेज डबल सर्किट 132 केवी ट्रांसमिशन लाईन का डिजाईन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमिशनिंग के अन्तर्गत डीडीयू डिविजन में 132 केवी डी/सी जेईपी से एसईबी ट्रांसमिशन लाईन एलआईएलओ व्यवस्था के लिए 132 केवी डी /सी ट्रांसमिशन लाईन सहित डीएफसीसीआईएल डीजीओ जीएसएस में बे सहित एक 220/132 केवी पावर ट्रांसफार्मर का प्रावधान। **2. अनुमानित रकम :** रू० 18,44,67,300.16, **3. बयाना राशि :** रू० 1072300.00, **4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 28/08/2024 को 15:00 बजे तक, **5. वेबसाइट का विवरण जहां ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

**वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क०वि०, डीडीयू**
**पीआर/0858/डीडीयू/ईटीआरडी/टी/24–25/44**

**बिहार सरकार**

**बन्दोबस्त कार्यालय, औरंगाबाद**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या–02(बन्दो0)/2024**

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना से प्राप्त निदेश के आलोक में औरंगाबाद जिला अन्तर्गत नवगठित शिविर कार्यालयों के संचालन हेतु आवश्यक उपस्कर सामग्री एवं विशेष सर्वेक्षण अमीनों के कार्यार्थ सामग्रियों का क्रय कर आपूर्ति करने का निदेश प्राप्त हुआ है। तदनुसार जिले में नवगठित शिविर कार्यालय में एवं विशेष सर्वेक्षण अमीनों को आपूर्ति हेतु उपस्कर/सामग्री क्रय करने हेतु दर निर्धारण आवश्यकता है। निम्नांकित सामग्रियों के दर निर्धारण के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता से सीलबंद निविदा प्राप्त करने हेतु तकनीकि एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित की जाती है, जो अलग–अलग लिफाफे में होगी।

निविदाताओं को सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी मुख्यालय, औरंगाबाद के पदनाम से मो0–5000/– (पांच हजार) रूपये की जमानत राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता दिनांक–16.08.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक बन्दोबस्त कार्यालय औरंगाबाद में निविदा दाखिल कर सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक–17.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे गठित क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलते समय निविदादाता स्वयं या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | लकड़ी का टेबल (4'x2.5x3') | 44 |
| 2. | लकड़ी की कुर्सी | 44 |
| 3. | प्लास्टिक कुर्सी | 330 |
| 4. | बक्सा (चदरा) (4'x2.5x3') | 55 |
| 5. | तख्ती तिपाई | 11+298=309 |
| 6. | कैलकुलेटर ओरपेट (12 डिजीट) | 33+298=331 |
| 7. | चैन (जरीब) | 11 |
| 8. | मापने का टेप | 298 |
| 9. | गुनिया | 298 |
| 10. | प्लॉटिंग स्केल | 298 |
| 11. | डिवाईडर ब्रास | 298 |
| 12. | स्केल 30 से0मी0 | 298 |
| 13. | मैप कंटेनर/कवर बड़ा | 298 |
| 14. | सूजा | 298 |

**बन्दोबस्त पदाधिकारी**
**औरंगाबाद**

**PR. No. 005585 (Revenue) 2024-25**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

Website : bceceboard.bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)–2024/10 दिनांक- 08.08.2024

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा–2024 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के ITI Trade (पाठ्यक्रम) की सीटों पर नामांकन हेतु Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित सूचना**

**विस्तारित कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

श्रम संसाधन विभाग, निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), बिहार, पटना के पत्रांक- सं.स.-टी-2 नामां. -(G)-01/2024-2144 दिनांक 02.08.2024 के आलोक में पर्षद के विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)– 2024/07 , 2024/08 दिनांक- 17.07.2024 एवं 2024/09 दिनांक- 28.07.2024 के क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता परीक्षा (ITICAT)-2024 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित अभिभावकों / संस्थानों को सूचित किया जाता है कि ITICAT-2024 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के ITI Trade की सीटों पर की जाने वाली 1st Round एवं 2nd round Online Counselling हेतु Online Registration-cum- Choice filling for Seat Allotment से संबंधित कार्यक्रम की निम्न पूर्व निर्धारित तिथि निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;

| क्र. | कार्यक्रम | पूर्व निर्धारित तिथि | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | Downloading of Allotment order (1st Round) ....... : | 09.08.2024 to 17.08.2024 | 17.08.2024 to 24.08.2024 |
| 2. | Document Verification and Admission (1st Round) .... : | **10.08.2024 to 17.08.2024** | **18.08.2024 to 24.08.2024** |
| 3. | **2nd Round provisional seat allotment Result publication date** ........ : | **25.08.2024** | **28.08.2024** |
| 4. | Downloading of Allotment order (2nd Round) ...... : | 25.08.2024 to 02.09.2024 | 28.08.2024 to 04.09.2024 |
| 5. | Document Verification and Admission (2nd Round) . : | **27.08.2024 to 02.09.2024** | **29.08.2024 to 04.09.2024** |

(2) पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)–2024/07 दिनांक- 17.07.2024 की अन्य शर्तें / नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

# पहलवान विनेश फोगाट ने किया संन्यास का ऐलान

**पेरिस, एजेंसी।** पहलवान विनेश फोगट ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा की। इससे एक दिन पहले उन्हें पेरिस में 2024 ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल से अयोग्य घोषित किया गया था। विनेश को 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण 50 किलोग्राम महिला कुश्ती के स्वर्ण पदक मैच से अयोग्य घोषित किया गया था।

संन्यास की घोषणा करते हुए उन्होंने हिंदी में एक्स पर एक पोस्ट में कहा, माँ कुश्ती मुझसे जीत गई, मैं हार गई। मुझे माफ़ कर देना, तुम्हारा सपना और मेरी हिम्मत टूट गई। अब मुझमें और ताकत नहीं है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, अलविदा कुश्ती 2001-2024।

विनेश ने सेमीफाइनल मुकाबला अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 5-0 के अंतर से जीता था और ओलंपिक फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान थीं। हालांकि, उन्हें सिर्फ 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण फाइनल मैच से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जिसके बाद उन्होंने कोर्ट ऑफ एब्रीट्रेशन फॉर स्पोर्ट में अपील की थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें इस इवेंट के लिए सिल्वर मेडल दिया जाना चाहिए।



### कौन हैं विनेश फोगाट

विनेश फोगाट का नाम टॉप और मशहूर महिला भारतीय पहलवानों में गिना जाता है। विनेश इतिहास की सबसे सफल भारतीय पहलवानों में से एक हैं। उनका जन्म 25 अगस्त, 1994 में हरियाणा के भिवानी जिले के बलाली गांव में पहलवानों के परिवार में हुआ था। ऐसे में विनेश ने भी कुश्ती में ही अपना करियर बनाने का फैसला किया। उन्होंने अपने चाचा महावीर सिंह फोगाट, जो कि महिला पहलवानों गीता और बबीता फोगाट के पिता हैं, से कुश्ती की ट्रेनिंग ली। जब विनेश महज नौ साल की थीं तो उनके पिता राजपाल की हत्या कर दी गई थी। इस भारी दुख के अलावा विनेश को कुश्ती खेलने के लिए गांव के लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा था। हालांकि इसके बावजूद भी उनका हौसला कम नहीं हुआ और इसी का नतीजा है कि आज के समय में वह भारत के बेहतरीन महिला पहलवानों में से एक के तौर पर उभरी हैं।

### विनेश फोगाट ओलंपिक डेब्यू

विनेश ने रियो ओलंपिक 2016 में महिलाओं की 48 किग्रा फ्रीस्टाइल श्रेणी में डेब्यू किया था, लेकिन घुटने में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इसके बाद विनेश फोगाट ने टोक्यो ओलंपिक गेम्स 2020 के लिए भी क्वालिफाई किया, लेकिन इस बार भी खिलाड़ी को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

### विनेश फोगाट मेडल और रिकॉर्ड्स

बता दें विनेश फोगाट ने वर्ल्ड लेवल पर कुश्ती में अब तक कई मेडल और रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। वह कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान थीं।

**आइए नजर डालते हैं उनके खास मेडल की लिस्ट पर।**

- 1- 2018 एशियाई खेल, जकार्ता- स्वर्ण पदक
- 2- 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स, गोल्ड कोस्ट- स्वर्ण पदक
- 3- 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स, ग्लासगो- स्वर्ण
- 4- 2018 एशियाई चैंपियनशिप, बिश्केक- रजत
- 5- 2013 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप, जोहान्सबर्ग- रजत
- 6- 2020 एशियाई चैम्पियनशिप, नई दिल्ली- कांस्य
- 7- 2019 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप, कजाकिस्तान- कांस्य
- 8- 2019 एशियाई चैम्पियनशिप, शीआन- कांस्य
- 9- 2016 एशियाई चैम्पियनशिप, बैंकॉक- कांस्य
- 10- 2014 एशियाई खेल, इंचियोन- कांस्य
- 11- 2013 एशियाई चैम्पियनशिप, नई दिल्ली- कांस्य

## पेरिस ओलंपिक

## पदक से चूकीं मीराबाई चानू



**पेरिस, एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू यहां पेरिस ओलंपिक में बुधवार को महज एक किलोग्राम से पदक से चूक गईं। महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में चानू ने कुल 199 किलोग्राम वजन उठाया और वह चौथे स्थान पर रहीं। चीन की हो झिहुई ने कुल 206 किलोग्राम के साथ नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता। रोमानिया की वेलेंटीना (205 किग्रा) को रजत और थाईलैंड की सुरोदचना खम्बाओ (200 किग्रा) को कांस्य पदक मिला। चानू ने स्नैच राउंड में अपने तीसरे प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाया था। क्लीन एंड जर्क राउंड में उन्होंने पहले प्रयास में 111 किग्रा अटेम्प्ट किया लेकिन वह इसे पूरा नहीं कर सकीं। दूसरे प्रयास में उन्होंने 111 किग्रा उठाया। उन्होंने तीसरा प्रयास 114 किलोग्राम के लिए किया और यदि वह इसे पूरा कर लेती तो कांस्य पदक उनके नाम होता। लेकिन उनका तीसरा प्रयास मान्य नहीं रहा। चानू थाईलैंड की खिलाड़ी से मात्र एक किलोग्राम कम वजन उठाने के कारण पोडियम फिनिश नहीं कर सकीं।

## चित्रावेल और अबुबाकर त्रिकूद फाइनल में जगह बनाने में नाकाम




**पेरिस, एजेंसी।** भारत के स्टार एथलीट प्रवीण चित्रावेल और एन अब्दुल्ला बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की एथलेटिक्स की पुरुष त्रिकूद स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक चित्रावेल ग्रुप ए में 16.25 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ 16 खिलाड़ियों में 12वें और दोनों ग्रुप में मिलाकर 32 खिलाड़ियों में कुल 27वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गए। चित्रावेल ने दूसरे प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। चित्रावेल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और 17.12 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे रहे। अगर वह इस प्रदर्शन के करीब पहुंचते तो आसानी से फाइनल में जगह बना सकते थे।

वहीं दूसरी तरफ अबुबाकर ग्रुप बी में 16.49 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ 16 खिलाड़ियों में 13वें और दोनों ग्रुप में मिलाकर कुल 21वें स्थान पर रहे। अबुबाकर ने तीसरे और अंतिम प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अबुबाकर का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.19 मीटर और सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.00 मीटर है। त्रिकूद स्पर्धा में ग्रुप ए और बी क्वालीफिकेशन के बाद 17.10 मीटर या इससे अधिक की कूद लगाने वाले सभी खिलाड़ी या दोनों ग्रुप से शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

# पहलवान अंतिम पंघाल ने अपनी हरकत से देश को किया शर्मसार!

## आईओसी ने भारत वापस भेजने का लिया फैसला

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए एक बाद एक लगातार मुश्किलें बढ़ती जा रहा ही. विनेश फोगाट को फाइनल से बाहर किए जाने के बाद एक और महिला पहलवान अब विवादों में फंस गई हैं. युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने पेरिस में कुछ ऐसा कर दिया है जिससे भारत को एक बार फिर से शर्मिंदगी झेलनी पड़ रही है. अंतिम पंघाल के इस हरकत को देखते हुए ओलंपिक समिति ने कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है. पंघाल और उनकी टीम वापस भारत भेजने का फैसला कर लिया गया है.




दरअसल, अंतिम पंघाल और उनकी पूरी टीम दल पेरिस से निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इस युवा पहलवान ने अपना आधिकारिक मान्यता कार्ड अपनी छोटी बहन को सौंप दिया जिसे सुरक्षाकर्मियों ने खेल गांव से बाहर निकलते हुए पकड़ लिया. अंतिम महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में अपना पहला मुकाबला हारने के बाद पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गई थी.

आईओए के एक बयान में कहा गया, ''भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा आईओए के संज्ञान में अनुशासनात्मक उल्लंघन का मामला लाए जाने के बाद पहलवान अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफ को वापस भेजने का फैसला किया है।'' हालांकि आईओए ने अनुशासनात्मक उल्लंघन के बारे में कुछ नहीं बताया लेकिन एक सूत्र ने कहा, ''खेल गांव जाने के बजाय वह उस होटल में पहुंच गई जहां उसके कोच भगत सिंह और साथी अभ्यास पहलवान विकास, जो वास्तव में उसका कोच है, ठहरे हुए थे। अंतिम ने अपनी बहन को खेल गांव जाने और अपना सामान लेकर वापस आने को कहा। उसकी बहन को किसी ओर के कार्ड पर अंदर जाने के कारण पकड़ा गया और उसे बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया.

उन्नीस वर्षीय अंडर-20 विश्व चैंपियन अंतिम को भी पुलिस ने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया. इतना ही नहीं अंतिम के निजी सहयोगी स्टाफ विकास और भगत कथित तौर पर नशे की हालत में कैब में यात्रा कर रहे थे और उन्होंने किराया देने से इनकार कर दिया जिसके बाद ड्राइवर ने पुलिस को बुला लिया. आईओए के एक अधिकारी ने गुस्से में कहा, ''हम अभी मामले को ठंडा कर रहे हैं. जब संपर्क किया गया तो विकास ने इस तरह की घटना में अपनी संलिप्तता से साफ इनकार कर दिया. उन्होंने कहा, ''आपको यह किसने बताया? अंतिम और उसकी बहन मेरे सामने बैठी हैं.'

# जयविक्रमा पर लगा आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का आरोप



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के तीन आरोप लगाए हैं, जिसमें मैच फिक्सिंग से जुड़ी पेशकश की रिपोर्ट नहीं करना और सबूतों को नष्ट करना शामिल है।

इस 25 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर ने कथित तौर पर 2021 में अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ-साथ लंका प्रीमियर लीग के मैच फिक्स करने के लिए की गई पेशकश की रिपोर्ट आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई को नहीं की थी। आईसीसी ने गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, 'श्रीलंका के स्पिनर पर कथित तौर पर भ्रष्ट पेशकश से जुड़े संदेशों को डिलीट करने का आरोप है।

आईसीसी ने इस खिलाड़ी को जवाब देने के लिए 14 दिन का समय दिया है। जयविक्रमा पर आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.4.4 के तहत आरोप लगाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैचों को फिक्स करने की भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने से जुड़ा है।

# ज्योति याराजी महिला 100 मीटर बाधा दौड़ से बाहर

**पेरिस (एजेंसी)।** राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भारत की 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी बृहस्पिवार को यहां रेपेचेज हीट एक में चौथे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गईं और पेरिस ओलंपिक खेलों से बाहर हो गईं।

हीट एक में ज्योति ने 13.17 सेकेंड का समय लिया और वह अपनी हीट में सात धावकों के बीच चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने रेपेचेज दौर में हिस्सा लेने वाली 21 धावकों में 16वां स्थान हासिल किया।

ज्योति की हीट से दक्षिण अफ्रीका की मारियोन फोरी (12.79 सेकेंड) और नीदरलैंड की मायकी जिन-ए-लिम (12.87 सेकेंड) ने पहले दो स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज की प्रत्येक तीन हीट से शीर्ष दो धावकों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहली बार ओलंपिक खेल रही ज्योति इन खेलों की 100 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेने वाली पहली भारतीय भी हैं। 24 साल की ज्योति का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड का है और अगर वह अपने इस प्रदर्शन को दोहराती तो सेमीफाइनल में जगह बना लेती। इससे पहले ज्योति अपनी हीट में खराब प्रदर्शन के बाद सातवें स्थान पर रहते हुए स्वत~ सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गई थीं। उन्होंने चौथी हीट में 13-16 सेकेंड का समय निकाला था और 40 धावकों में 35वें स्थान पर रहीं थी।



इंडिया-श्रीलंका

# सीरीज हारने का मतलब 'दुनिया का अंत नहीं है : रोहित शर्मा



**कोलंबो, एजेंसी।** रोहित शर्मा ने बुधवार को तीसरे वनडे में 110 रन की हार के साथ श्रीलंका के खिलाफ 27 साल में पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला गंवाने के बाद भारतीय बल्लेबाजों से स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी व्यक्तिगत योजनाओं पर 'गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया। श्रीलंका के 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 26.1 ओवर में मात्र 138 रन पर ढेर हो गया। श्रीलंकाई स्पिनरों ने एक बार फिर कहर बरपाया जिसमें दुनिथा वेलालागे ने 27 रन देकर पांच चटकाए जबकि महीश तीक्षणा और जेफ्रे वांडरसे ने 2-2 विकेट हासिल किए।

स्पिन के खिलाफ भारत के संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने मैच के बाद कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह चिंता का विषय है लेकिन यह कुछ ऐसा है जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है - हमारी व्यक्तिगत खेल योजनाएं - और यह कुछ ऐसा है (जिससे) हम निश्चित रूप से इस श्रृंखला में दबाव में थे। रोहित ने कहा कि सीरीज हारना 'दुनिया का अंत हीं है लेकिन यह 2023 विश्व कप फाइनल में जगह बनाने वाली टीम को काम करने के लिए बहुत कुछ देता है।

भारतीय कप्तान ने कहा कि श्रृंखला हारने का मतलब दुनिया का अंत नहीं है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों से बहुत अच्छा खेल रहे हैं, लगातार। आप कुछ श्रृंखलाएं हारेंगे। उन्होंने कहा कि हमने सीरीज गंवा दी और मुझे लगता है कि हमें सकारात्मक पहलुओं के बजाय कई क्षेत्रों पर ध्यान देने की जरूरत है। हमें पीछे जाकर देखना होगा कि जब हम इस तरह की परिस्थितियों का सामना करेंगे तो हमें क्या करना होगा। भारत ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में श्रीलंका को 3-0 से हराया था।

भारतीय कप्तान ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। रोहित ने कहा कि हमने पूरी श्रृंखला में अच्छा क्रिकेट नहीं खेला और इसलिए हम यहां खड़े हैं। पूरी श्रृंखला में कुछ सकारात्मक चीजें भी रहीं। उन्होंने कहा कि स्पिनरों ने किस तरह से गेंदबाजी की, बीच में कुछ बल्लेबाजों ने भी।

श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने स्वीकार किया कि वह भारत पर श्रृंखला जीत के लिए अपनी टीम का नेतृत्व करने के बाद 'खुश थे। उन्होंने कहा, ''मैं अभी एक खुश कप्तान हूं और मुझे लगता है कि टीम ने पूरी श्रृंखला में सभी चीजें अच्छी तरह से की।

हम सभी जानते थे कि उनकी बल्लेबाजी बहुत मजबूत थी और हम सिर्फ अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहते थे जो कि स्पिन गेंदबाजी है। असलंका ने कहा कि हम अभी वास्तव में अच्छे मूड में हैं, खासकर हमारे कोच (सनथ जयसूर्या)। उन्होंने टीम में कुछ बदलाव किए और लड़कों ने टीम के माहौल का वास्तव में आनंद लिया।

## श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ डब्ल्यूटीसी सीरीज के लिए टीम की घोषणा की, दो अनकैप्ड खिलाड़ी हुए शामिल

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के लिए 18 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की है। इसमें शामिल किए गए उल्लेखनीय खिलाड़ियों में अनकैप्ड खिलाड़ी मिलन रथनायके और निसाला थारका शामिल हैं जिन्हें 21 अगस्त से मैनचेस्टर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बुलाया गया है। 33 वर्षीय निसाला थारका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने 107 मैचों में 257 विकेट और 2358 रन बनाए हैं। यह सीरीज राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनने का उनका पहला अवसर है।

दूसरी ओर रथनायके अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली सीरीज के लिए टेस्ट टीम का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक पदार्पण नहीं किया है। तेज गेंदबाजी लाइन-अप में असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, कसुन राजिथा और लाहिरू कुमारा शामिल हैं, जिनका साथ अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज देंगे।

धनंजय डी सिल्वा की अगुआई वाली टीम में बल्लेबाज पथुम निसांका और स्पिनर जेफरी वेंडरसे की भी वापसी हुई है। निसांका और वेंडरसे ने आखिरी बार 2022 में टेस्ट क्रिकेट में खेला था, वेंडरसे का चयन भारत के खिलाफ वनडे में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 6/33 प्रदर्शन के बाद हुआ है। श्रीलंका के स्पिन आक्रमण की अगुआई प्रभात जयसूर्या और रमेश मेंडिस के हाथों में है, जो गहराई और विविधता प्रदान करेंगे।

हाल ही में वनडे कप्तान के रूप में चरिथ असलांका की जगह लेने वाले कुसल मेंडिस टेस्ट सीरीज के लिए उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

### टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग

50 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ श्रीलंका वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड 36.54 प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर है।

यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उनका लक्ष्य स्टैंडिंग में ऊपर चढ़ना और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह सुरक्षित करना है।

### इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंकाई टेस्ट टीम

धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुश्का, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (उप-कप्तान), एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांडीमल, कामिंडु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, कासुन राजिथा, लाहिरू कुमारा, निसाला थरका, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, जेफरी वेंडरसे, मिलन रथनायके।

## एक नजर

### 9 को श्री गणपति पूजनोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा के श्रीराम जानकी धर्मशाला में विगत 10 वर्षों से हो रहे गणपति पूजनोत्सव की तैयारी को लेकर 9 व 10 अगस्त को बैठक होनी है। कमिटी के अध्यक्ष पिंटू चौधरी ने बताया की इस साल श्रीगणेश चतुर्थी का उत्सव 7 सितम्बर को मनाया जायेगा, जबकि विसर्जन 17 सितम्बर दिन को किया जाएगा। बैठक में 11वें वर्ष भी गणेशोत्सव को भव्यता से आयोजित करने आपसी सहमति से नई कमिटी का गठन, संगठन विस्तार एवं पहले की अपेक्षा ओर बेहतर कैसे किया जाय, इन सभी विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। गौरतलब है कि श्री भास्कर नगर सेवा समिति द्वारा 2014 से हीं गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान समिति द्वारा हर साल कुछ न कुछ अलग किया जाता है।

### भोले बाबा कांवरिया संघ का जत्था बाबाधाम रवाना

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड के गोपालपुर गांव से गुरुवार को भोले बाबा कांवरिया संघ का जत्था एलआईसी अभिकर्ता सिकन्दर पासवान, प्रदेश प्रभारी इंदल चंद्रवंशी के नेतृत्व में बाबाधाम जाने के लिए रवाना हो गया। कांवर यात्रा पर निकलने के पूर्व पूरा क्षेत्र बोल बम एवं जय भोलेनाथ के नारों से गुंजायमान रहा। जत्थे में मौजूद कांवरियों में संघ के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि अरविंद, मिथलेश, रामजन्म ने बताया कि गुरुवार से हमलोग रवाना होकर शुक्रवार की सुबह सुल्तानगंज गंगा जल भर कर 105 किलोमीटर पैदल चलकर सोमवार को बाबाधाम पहुंचेंगे और वहां बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद बासुकीनाथ, तपोवन, त्रिकुट पहाड़, नौलखा मंदिर व अन्य प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों का दर्शन एवं भ्रमण करते हुए वापस लौट आएंगे। बताते चलें कि सावन

डीएम-एसपी ने किया कई विभागों के साथ समीक्षा बैठक

# 213 कब्रिस्तान के घेराबंदी की मिली प्रशासनिक स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता





**औरंगाबाद।** गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम की संयुक्त अध्यक्षता में भूमि विवाद, कब्रिस्तान घेराबंदी, खनन, उत्पाद, परिवहन एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा कब्रिस्तान घेराबंदी की समीक्षा की गई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 213 कब्रिस्तान घेराबंदी की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। जिसमें 178 कब्रिस्तान की घेराबंदी का कार्य पूर्ण हो चुका है 35 निर्माणधीन है। जिसमें 15 कब्रिस्तान में भूमि विवाद चल रहा है जिसमे 03 पर सीडब्लुजेसी और टाइटल सूट लगा है। 06 का कार्य प्रगति, 8 एकरारनामा की प्रक्रिया, 04 निविदा की प्रक्रिया, एवं 01 का सीमांकन लंबित है। जिला पदाधिकारी ने भूमि विवाद सुलझा कर बचे हुए कब्रिस्तान को घेराबंदी करने का निर्देश दिए। बैठक में उत्पाद अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि माह जुलाई में उत्पाद विभाग के द्वारा कुल अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध 501 व्यक्तियों की गिरफ्तारी, 8260 लीटर देशी एवं विदेशी शराब, 1050 किलो महुआ, 4 किलो गांजा एवं 59 वाहनों को जप्त किया गया है। पुलिस के द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध 171 व्यक्तियों की गिरफ्तारी, 5718 लीटर देशी एवं विदेशी शराब एवं 33 वाहनों को जप्त किया गया है। महा जुलाई में कुल शराब विनष्टीकरण उत्पाद विभाग द्वारा 4200 लीटर एवं पुलिस द्वारा 6400 लीटर किया गया है। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा उत्पादन न्यायालय के कोर्ट अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारी के द्वारा कार्यों की समीक्षा की गई एवं यथाशीघ्र लंबित मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ वाहानों की नीलामी प्रक्रिया में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद द्वारा अवैध खनन परिवहन के मामलों में विशेष निगरानी रखे जाने के साथ ही अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना अध्यक्षों को दिया गया। संवेदनशील स्थल/बालू घाटों जहां अवैध खनन की संभावना बनी रहती है वैसे क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए निरंतर पुलिस गश्ती एवं ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी रखने का निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बालू परिवहन से संबंधित मुख्य मार्गों पर रोड गैंट्री एवं चेक पोस्ट अधिष्ठापन, जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का स्थापना किए जाने का निर्देश दिए जहां से बालू घाटों एवं स्टॉक यार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरा से लाइव डिस्प्ले मॉनिटरिंग 24X7 हो सके।

इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना अध्यक्षों से दो पक्षों के बिच के भूमि विवाद के मामले को विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त किये एवं विवादों को अंचल अधिकारियों एवं थाना अध्यक्षों के द्वारा निपटाने के प्रक्रिया को भी जाना। साथ ही साथ भूमि विवाद में अब तक कितने मामले दर्ज किए गए हैं एवं कितना का समाधान किया गया है इसकी भी जानकारी प्राप्त किये। साथ ही साथ सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिए की शनिवार भूमि विवाद में जो बैठक होता है वह सिर्फ खानापूर्ति नहीं होनी चाहिए। जितने बैठक थाना स्तर पर होते हैं उतनी संख्या में आवेदनों रजिस्टर्ड नहीं हो रहे हैं। जितने भी आवेदक शिकायत लेकर आते हैं सभी को पोर्टल पर रजिस्टर्ड करते मामला को यथाशीघ्र निष्पादन करें । इस बैठक में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार, सदर एसडीपीओ, जिला परिवहन पदाधिकारी , सभी वरीय उप समाहर्ता, जिला खनन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी थाना अध्यक्ष एवं अंचल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

अवैध बालू खनन को लेकर सख्त हुई पुलिस, जब्त वाहनों पर लगा जुर्माना

# ड्रोन कैमरे से अवैध रेत उत्खनन की निगरानी

निज संवाददाता



**बारूण (औरंगाबाद)।** अवैध खनन गतिविधियों की रोकथाम के लिए अब जिला प्रशासन तकनीक का सहारा ले रहा है। इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बारुण थाना के विभिन्न जगहों पर अवैध खनन के विरुद्ध ड्रोन की सहायता से छापेमारी की है। इस छापेमारी के कारण बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे इस अभियान में गुरूवार को थाना क्षेत्र के सहसपुर, अनिकत, कर्मिकला, इंग्लिश में छापामारी किया गया। सोन नदी बालू उठाव को लेकर पुलिस पुरी तरह सख़्त हैं, किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जानकारी दे दे कि विगत 15 जून 2024 से औरंगाबाद में बालू खनन पर रोक लगा दिया गया है जो यह 15 अक्टूबर 2024 तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि खनन के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है। इस दौरान पकड़े जा रहे चालकों पर सख़्त कार्रवाई की जा रही हैं। वहीं जब्त वाहनों पर भारी जुर्माना लगाए जा रहे हैं। इन समय नदियों में बालू खनन पर रोक लगने का मुख्य कारण नदी में बढ़े जलस्तर भी होता है क्योंकि बढ़े जलस्तर के कारण कभी भी कोई घटना दुर्घटना हो सकती है जिसके लिए बालू खनन पर रोक लगा रहता है। औरंगाबाद में बालू खनन बंद होने के कारण अभी बालू को लेकर मार्केट में रेट में वृद्धि हुई है फिलहाल 5500 से लेकर 7000 ट्रेलर बालू बिक रहे हैं।

# धान की खरीद में 1.97 करोड़ का गबन, फेसर पैक्स के अध्यक्ष समेत 12 पर प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिलान्तर्गत खरीफ विपणन मौसम 2023-24 अंतर्गत कुल 190707.299 एमटी धान की खरीद 15 फरवरी 2024 तक की गयी है, जिसके समतुल्य सीएमआर (चावल) 129051.629 एमटी में से अब तक 111652.501 एमटी की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद को की गयी है एवं 17399.128 एमटी सीएमआर (चावल) आपूर्ति करना अवशेष है। अवशेष सीएमआर (चावल) की आपूर्ति हेतु संबंधित पैक्सों को नोटिस निर्गत किया गया है तथा कुछ पैक्सों द्वारा सरकारी खाद्यान्न का गबन / विचलन करने के कारण उनके गोदाम में धान नहीं पाया गया तथा जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। इसी क्रम में फेसर पैक्स, प्रखंड-औरंगाबाद द्वारा कुल 1299.40 एमटी धान की खरीद की गयी, जिसके समतुल्य सीएमआर (चावल) 883.592 एमटी में से मात्र 290 एमटी सीएमआर(चावल) की आपर्ति राज्य खाद्य निगम को की गयी है शेष 893.80 एमटी धान पैक्स गोदाम में उपलब्ध होना चाहिए, जबकि भौतिक सत्यापन में धान की मात्रा शुन्य पायी गयी। अवशेष धान 893.80 एमटी की समतुल्य राशि 19735104 रू० की राशि के गबन के आरोप में फेसर पैक्स अध्यक्ष श्री राकेश कुमार सिंह, प्रबंधक प्रदीप कुमार सिंह एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों यथा कमला देवी, हरेन्द्र सिंह, मिना देवी, अखिलेश कुमार सिंह, सुरेन्द्र पासवान, अनिता देवी, अजित सिंह, धर्मशीला देवी, जितेन्द्र कुमार, बिनोद शर्मा, सरस्वती देवी के विरूद्ध भा0द0वि0 420/409 / 467 / 468 / 471 / 120 (B) के तहत फेसर थाना में थाना कांड संख्या 84 / 24 दिनांक 07.08.2024 अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी है । इस वर्ष अबतक 7 बकायेदार पैक्सों पर प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है यथा कर्मा पैक्स, दाउदनगर, जम्होर पैक्स, औरंगाबाद महुआंव पैक्स, ओबरा, जनकोप पैक्स, बारुण, पौथु पैक्स, रफीगंज, पिपरा बगाही पैक्स, कुटुम्बा एवं फेसर पैक्स, औरंगाबाद इनमें से कई पदधारक हवालात में है तथा उनके संपति की कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में 25 समितियों के पास अत्यधिक सीएमआर ( चावल ) जमा कराने हेतु अवशेष है।

# उपाध्यक्ष के रिक्त पद पर निर्वाचन को लेकर बैठक

- **समीक्षा के क्रम में दाखिल एकमात्र नामांकन पत्र वैध पाया गया।**

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** गुरूवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला दंडाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला परिषद औरंगाबाद के उपाध्यक्ष के रिक्त पद पर निर्वाचन हेतु बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम जिला दंडाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा उपस्थित सभी 28 जिला परिषद सदस्यों को स्वागत करते हुए उन्हें चुनाव के प्रक्रिया के संबंध में बताया। तत्पश्चात जिला परिषद औरंगाबाद के उपाध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। उपाध्यक्ष पद के लिए मात्र एक नामांकन किरण सिंह प्रा. नि. क्षे. संख्या-24 के द्वारा दाखिल किया गया। किरण सिंह के प्रस्तावक एवं समर्थन क्रमशः श्री अनिल कुमार प्रा. नि. क्षेत्र संख्या 18 एवं शंकर यादव प्रा. नि.क्षेत्र संख्या 11 बने।

समीक्षा के क्रम में दाखिल एकमात्र नामांकन पत्र वैध पाया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए मात्र एक नामांकन होने के कारण जिला परिषद औरंगाबाद के उपाध्यक्ष पद के लिए किरण सिंह निर्वाचित प्रा. नि. क्षे. संख्या-24 को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिला परिषद औरंगाबाद के उपाध्यक्ष पद के लिए किरण सिंह के निर्विरोध निर्वाचित घोषित होने के उपरांत उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया तथा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, वरीय उपसमाहर्ता रत्नाप्रियदर्शनी एवं सभी 28 जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे।

# लोजपा (आर) की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पहुंची औरंगाबाद, संगठन की मजबूती पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में लोजपा रामविलास संगठन की मजबूती को लेकर प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सोभा सिन्हा की अध्यक्षता में लोजपा (रामविलास) की महिला मोर्चा की समीक्षा बैठक शहर के ओवर ब्रिज के समीप एक निजी भवन में की गई। इस बैठक में मुख्य रूप में पार्टी के ज़िलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ़ सोनू सिंह मौजूद रहे। इस दौरान प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी को और मजबूत बनाने पर एवं आगमी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तय की गई। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सिन्हा ने कहा कि लोजपा रामविलास संगठन का बूथ स्तर से पंचायत, प्रखंड, जिला और प्रदेश स्तर तक संगठन का विस्तार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी जिलों में संगठन की जिला स्तरीय बैठक हो रही है। कार्यकर्ता ही संगठन की नींव होते हैं। उनके ही दम पर पार्टी अपना प्रदर्शन करती है। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों में महिला मोर्चा जुट गई हैं। इस दौरान पार्टी एल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिए गए।

आगामी चुनाव को लेकर तैयारी

उन्होंने जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह की तारीफ किया कि वे काफी कर्मठ व मेहनती है पार्टी कार्यों में हमेशा तत्पर रहते है। उन्होने कहा कि कार्यकर्ता जितनी मेहनत करेंगे उतने ही पार्टी मजबूत होगा। बूथ स्तर पर पार्टी पूरी तरह मजबूत है। महिला मोर्चा गांव गांव जाकर अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का काम कर रही है। पार्टी उन संभावित विधानसभा क्षेत्रों पर बूथों को मजबूत करने में जुट गई है, जहां वह चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इसी सिलसिले में औरंगाबाद पहुंचे है। इसके बाद भभुआ में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की जाएंगी और संगठन की मजबूती पर जोर दिया जायेगा। उन्होंने आगामी बिहार विधान सभा चुनाव को लेकर महिलाओं को सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी चुनाव में होनी चाहिए।

# नाली के अतिक्रमण मामले के समाधान के लिए बीडीओ ने लिया जायजा



निज संवाददाता

**हसपुरा( औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के नरसन गांव के ग्रामीणों द्वारा नालियों के जाम होने की समस्या को लेकर दिए गए आवेदन को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि जिन लोगों ने नाली को मिट्टी से भरा है, वें अविलंब इसकी सफाई करे नही तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि वार्ड सदस्य प्रतिनिधि राहुल पासवान सहित दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर बीडीओ को दिए आवेदन में कहा है कि कुछ लोग सरकारी जमीन को कब्जा करने के उदेश्य से मिट्टी की भराई कर दी है।

# सड़क पर कचड़े का लगा अंबार दुर्गंध से ग्रामीण परेशान



निज संवाददाता

**हसपुरा( औरंगाबाद)।** हसपुरा पुरानी थाना रोड़ में व्हाइट हाउस के पास इन दिनों कचड़े का अंबार लगा हुआ है,जिसके दुर्गंध से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ी हुई है। लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। सड़क मिल्लत कालोनी की तरफ चली जाती है। कचड़े से इन दिनों बहुत ज्यादा हीं दुर्गंध आने लगी है। इतनी दुर्गंध है कि लोगों को आने जाने में दिक्कत होने लगी है। इन दिनों बरसात के मौसम में कचड़े से बदबू आने से संक्रमण फैलने का खतरा लगा है। ग्रामीणों ने सफाई की मांग की है।

# कार से भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब बरामद, वाहन जब्त




निज संवाददाता

**बारूण (औरंगाबाद)।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में औरंगाबाद के बारुण थाना की पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। बरामद शराब में रॉयल ब्लू ब्रांड का 180 एमएल का 345 बोतल माल्ट व्हिस्की(62.1 लीटर) एवं 180 एमएल का 670 पीस 120.6 लीटर देशी टनाका शराब(182.7 लीटर) शराब शामिल है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। मामले में ही एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# झाड़—फूंक के चक्कर में महिला की हुई मौत



**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के ईटवां गांव में बुधवार की रात घर में सोयी हुई महिला को विषैले सांप ने काट दिया जिससे महिला की मौत हो गई। मृतक मृत्युंजय कुमार की 20 वर्षीय पत्नी सुनीता कुमारी है। बताया जाता है कि महिला की हालत बिगड़ते देख परिजनों ने गांव में ही झाड़-फुंक के लिए ले गए। ओझा गुणियों ने घंटों झाड़ फुंक किया लेकिन ठीक नही रहने पर दूसरे गांव के ओझा गुणि के पास ले गए। वहां भी झाड़ फूक किया गया लेकिन सुनीता कुमारी को नहीं बचा सका। थक—हार कर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी जैसे ही घर में स्वजनों को मिली कोहराम मच गया। लोग आपस में चर्चा कर रहे थे कि अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराना चाहिए था। विषैला जीव जंतु काटने पर इलाज से चिकित्सकों ने जान बचाया है। प्रमुख श्रीनिवास सिंह, मुखिया राकेश कुमार, सरपंच राजकुमार पासवान ने घटना को दुखद बताया और दुःख की इस घड़ी में परिजनों को धैर्य रखने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में संपूर्ण टीकाकरण पोषित शिशु को किया गया सम्मानित

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात शिशु का संपूर्ण टीकाकरण एवं हेल्थ जांच कर पूर्ण पोषित बच्चों को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा के द्वारा प्रोत्साहित किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि सभी नवजात शिशुओ को संपूर्ण टीका के बाद वजन, हेल्थ जांच, पोषित बच्चों को ग्रीन जोन में आने वाले दिपक कुमार, रिकी देवी के पुत्र दिव्यांशु कुमार को प्रथम, साध्वी कुमारी को द्वितीय, पुरस्कृत किया गया।

# किरण देवी औरंगाबाद जिला पर्षद की उपाध्यक्ष निर्वाचित



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिला परिषद में उपाध्यक्ष पद के लिए गहमागहमी के बीच गुरूवार को चुनाव संपन्न हो गया। प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-24 की जिला पार्षद किरण देवी निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई है। निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि पूर्व में उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा के खिलाफ जिला पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। इसे लेकर जिला परिषद की एक विशेष बैठक आहुत की गई थी। बैठक में उपाध्यक्ष के खिलाफ आविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया था। इसके बाद से जिला परिषद में उपाध्यक्ष का पद रिक्त था। रिक्त पद को भरने के लिए सरकारी आदेश के आलोक में गुरुवार को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान उपाध्यक्ष पद के लिए अभ्यर्थी के रूप में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-24 की जिला पार्षद किरण देवी ने एकमात्र नामांकन दाखिल किया। उनके अलावा किसी अन्य ने नामांकन दाखिल नही किया। इस स्थिति में किरण देवी को सम्यक रूप से निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होने किरण देवी को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया हैं। इस बीच 28 सदस्यीय औरंगाबाद जिला पर्षद के सभी निर्वाचित पार्षदों ने किरण देवी को उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी है।



बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग



पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण हेतु
पशु चारा वितरण कार्यक्रम

आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षा हेतु समय–समय पर पशु चारा वितरण कराने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।

चारा मात्रा/अनुमान्यता:

- निर्धारित सहाय्य मानदर के अनुरूप बड़े जानवरों के लिए 80 रूपये प्रतिदिन तथा छोटे जानवर के लिए 45 रूपये प्रतिदिन अनुमान्य है।
- आपदाग्रस्त पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यतः बड़े जानवरों के लिये 06 कि.ग्रा., छोटे जानवरों के लिए 03 कि.ग्रा. तथा भेड़–बकरियों के लिये 01 कि.ग्रा. चारा की आवश्यकता होती है।
- पशु शिविरों/अस्थायी शिविरों में एक बार में तीन दिन/एक सप्ताह हेतु चारा वितरण कराया जाता है तथा बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन तक पुनः वितरण कराया जाता है।

वितरण प्रक्रिया:

- जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिविरों/अस्थाई शिविरों में पशुओं की संख्या के अनुसार चारा वितरण किया जायेगा।
- चारा वितरण के पूर्व सभी प्रभावित पशुओं की प्रकार/संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालकवार टोकन वितरण किया जाता है तथा उक्त टोकन के आधार पर क्रमानुसार चारा का प्रबंध कर वितरित किया जाता है।
- कोविड–19 की परिस्थितियों के आलोक में आवश्यक सावधानी बरतते हुये चारा वितरण सोशल डिस्टेंसिंग के साथ किया जाएगा।



विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।

PR No.- 005472 (Animal)D. 2024-25